www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | संपर्क : deshbandhusgr@gmail.com

# देशबन्धु

वर्ष –10 । अंक–25 । सागर, गुरुवार 13 मार्च 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए

स्वच्छता अभियानः सफाई के साथ प्राचीन सांस्कृतिक धरोहरों के प्रति जागरुकता की पहल — पृष्ठ 2

▸ होली पर पानी होने और दिल की सियाही धोने की जरूरत
▸ नेशनल पीपुल्स कांग्रेस के बाद चीन ट्रम्प के टैरिफ युद्ध के लिए तैयार — पृष्ठ 4

▸ रिश्वतखोरी का वीडियो आया सामने, सचिव एवं 3 रोजगार सहायकों को नोटिस जारी — पृष्ठ 6

प्रारंभिक शिक्षा के लिए आंगनबाडी को करें और सशक्त : संभागायुक्त — पृष्ठ 8

सार संक्षेप

## मोदी को मिला मॉरीशस का सर्वोच्च सम्मान



**पोर्ट लुईस, ( एजेंसियां )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में दूसरी बार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह के दौरान उन्हें मॉरीशस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा गया। प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यक्रम में भाग लेने के बाद एक्स पर लिखा, मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में शामिल होकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मॉरीशस के लोगों को निरंतर समृद्धि और सफलता की शुभकामनाएं देता हूं, साथ ही हम अपने देशों के बीच गहरे संबंधों को भी मजबूत करते हैं। यह दूसरी बार है जब पीएम मोदी मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में शामिल हुए। वह इससे पहले 2015 में इस समारोह में शामिल हो चुके थे।

**पहली बार किसी भारतीय नेता को मिला यह सम्मान** –समारोह के दौरान मॉरीशस के राष्ट्रपति धरमबीर गोखूल ने प्रधानमंत्री मोदी को मॉरीशस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन' (जीसीएसके) से सम्मानित किया। यह पहली बार है जब किसी भारतीय नेता को यह सम्मान मिला। यह किसी देश द्वारा प्रधानमंत्री मोदी को दिया जाने वाला 21वां अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार भी है।




### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो**- मप्र के कांग्रेस विधायक कह रहे हैं सरकार कर्ज लेकर घी पी रही।

**चुहिया- हां प्रिये**- मुफ्त की रेवड़ियों पर निशाना साधने की हिम्मत अब कोई राजनैतिक दल नहीं कर पा रहा, सो घुमा-फिराकर बातें हो रही हैं।

## राज्य सरकार ने वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तुत किया 4 लाख 21 हजार 32 करोड़ रुपए का बजट

# कोई नया कर नहीं..तीन लाख नौकरियां

*__भोपाल, देशबन्धु।__ प्रदेश के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने विधानसभा में मोहन यादव सरकार का दूसरा बजट पेश किया, 4,21,032 करोड़ रुपये का बजट वित्त मंत्री ने सदन में प्रस्तुत किया है। सरकार ने अपने बजट में सभी वर्गों पर फोकस किया। महिलाओं, छात्रा से लेकर किसानों, बुजुर्गों से लेकर बच्चों तक के लिए कई सौगातें दी गई हैं।*

*सबसे खास बात यह है कि प्रदेश सरकार ने बजट में किसी भी नए टैक्स की घोषणा नहीं की है। इसके साथ ही तीन लाख नई नौकरियां देने का भी ऐलान किया है। वत्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि 1 अप्रैल 2025 को सराकर डीए को संशोधित करेगी। धान पर किसानों को बोनस मिलेगा। लाड़ली बह्नों की राशि नहीं बढ़ाई जाएगी, उनको अटल पेंशन योजना से जोड़ा जाएगा। हर विधानसभा में खेल स्टेडियम खोला जाएगा। वित्त मंत्री ने कहा कि 50 जनजातीय स्टूडेंट्स को पढ़ाई के लिए विदेश भेजा जाएगा। मेडिकल कॉलेज में पीजी की 255 सीटें बढ़ाई जाएंगी। शहरों में ई बसे चलेंगी। सभी सरकारी गाड़ियों को 15 साल के बाद पर्यावरण संरक्षण के लिए रजिस्टर्ड व्हीकल स्क्रैपिंग फेसिलिटी के जरिए स्क्रैप कराया जाना अनिवार्य होगा।*

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इसे सर्वव्यापक, सर्वस्पर्शी और सर्व समावेशी बजट निरूपित किया है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी बजट भाषण के दौरान विधानसभा पहुंचे और दर्शक दीर्घा से बजट भाषण सुना।*



**हर विस क्षेत्र में एक स्टेडियम** | **प्रदेश में 22 नए आईटीआई** | **खुलेगी डिजिटल यूनिवर्सिटी** | **हर जिले में विकास समिति बनेगी**

## विकास और जनकल्याण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है प्रदेश : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि गांव, गरीब सहित सभी वर्गों के लिए व्यवस्थित योजना से मध्यप्रदेश विकास और जनकल्याण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारतञ्च2047 के संकल्प को पूरा करने के लिए राज्य सरकार विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है।

राज्य का बजट 2025-26 इसी संकल्प की प्राप्ति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्रदेश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। यह बजट प्रावधान विगत वर्ष 2024-25 की अपेक्षाकृत 15 प्रतिशत अधिक है। इतने बड़े बजट के बाद भी कोई टैक्स नहीं लगाया गया है और न ही कोई कटौती की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई सरकार बनते ही अगले 5 साल में बजट को दोगुना करने का लक्ष्य तय कर लिया गया था। वर्ष 2025-26 का बजट इसी दिशा में अनुकरणीय प्रयास है। इस बजट में राज्य के गरीब, युवा, अन्नदाता किसान और नारी (ज्ञान) सहित सभी वर्गों की बेहतरी के संकल्प को पूरा किया गया है। सभी क्षेत्रों में विकास के लिए पर्याप्त धनराशि आवंटित की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष- 1956 में मध्यप्रदेश का गठन हुआ, लेकिन वर्ष 2003-04 तक मात्र 20 हजार करोड़ रूपये का बजट था, अब हम इसे 21 गुना बढ़ाते हुए 4 लाख 21 हजार 32 करोड़ रुपए तक पहुंचे हैं। यह दर्शाता है कि मध्यप्रदेश को अग्रिम पंक्ति में खड़ा करने के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वित्त एवं उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का सर्व-व्यापक, सर्व-स्पर्शी, सर्व-समावेशी बजट प्रस्तुत कने के लिए अभिनंदन करते हुए कहा कि वर्ष 2025 का यह बजट मध्यप्रदेश की आशाओं, आकांक्षाओं का बजट है। राज्य सरकार अपने सभी संकल्पों को पूरा करने की ओर निरंतर आगे बढ़ रही है।


## सिर पर काली पोटलियां लेकर पहुंचे कांग्रेसियों ने कहा-

### सरकार कर्ज लेकर घी पी रही

बजट पेश होने से पहले कांग्रेस के विधायकों ने प्रदेश पर बढ़ रहे कर्ज को लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने सिर पर काली पोटली रखकर प्रदर्शन करते हुए सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। कांग्रेस के विधायक सिर पर काली पोटली लेकर विधानसभा पहुंचे थे। उनके हाथों में तख्तियां थी, जिस पर लिखा था कि सरकार कर्ज लेकर घी पी रही है। विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के मुताबिक मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार लगातार कर्ज में डूब रही है।



## अटल पेंशन योजना से जुड़ेंगी लाड़ली बहनें



### नारी सशक्तिकरण

- मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में 18,669 करोड़ रुपए।
- लाड़ली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत 1,183 करोड़ रुपए।
- मुख्यमंत्री श्रमिक सेवा प्रसूति सहायता के अंतर्गत 720 करोड़ रुपए।
- जल जीवन मिशन नेशनल रूरल ड्रिंकिंग वॉटर मिशन में 17,136 करोड़ रुपए।



### युवा कल्याण

- निवेश प्रोत्साहन योजना में 2,000 करोड़ रुपए का प्रावधान है।
- एम.एस.एम.ई. प्रोत्साहन व्यवसाय निवेश संवर्धन/सुविधा प्रदाय योजना के अंतर्गत 1,250 करोड़ रुपए ।
- व्यावसायिक प्रशिक्षण का सुदृढ़ीकरण एवं विस्तार हेतु 902 करोड़ रुपए
- मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना के अंतर्गत 500 करोड़ रुपए का प्रावधान है।



### प्रमुख प्रावधान

- सिंहस्थ-2028 के अंतर्गत 2,005 करोड़ रुपए का प्रावधान है।
- वेदान्त पीठ की स्थापना के अंतर्गत 500 करोड़ रुपए का प्रावधान है।
- सी.एम. राइज के अंतर्गत 4,686 करोड़ रुपए का प्रावधान है।
- मेट्रो रेल के अंतर्गत 850 करोड़ रुपए का प्रावधान है।



### अन्नदाता के लिए

- अटल कृषि ज्योति योजना हेतु 13,909 करोड़ रुपए।
- प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना के अंतर्गत 447 करोड़ रुपए।
- मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत 5,220 करोड़ रुपए।
- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत 2,001 करोड़ रुपए।
- मुख्यमंत्री कृषक फसल उपार्जन सहायता योजना के अंतर्गत 1,000 करोड़ रुपए।
- समर्थन मूल्य पर किसानों से फसल उपार्जन पर बोनस भुगतान के अंतर्गत 1,000 करोड़ रुपए।
- मुख्यमंत्री कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत 850 करोड़ रुपए।
- गौ-संर्वधन एवं पशुओं का संवर्धन के अंतर्गत 505 करोड़ रुपए ।



### गरीब कल्याण

- अटल गृह ज्योति योजना हेतु 7132 करोड़ रुपए ।
- मध्यप्रदेश विद्युत मंडल द्वारा 5 एच.पी. के कृषि पम्पों तथा एक बत्ती कनेक्शन को निःशुल्क विद्युत प्रदाय के लिए प्रतिपूर्ति के अंतर्गत 5299 करोड़ रुपए का प्रावधान शामिल हैं ।
- मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना में 700 करोड़ रुपए मिलेंगे।
- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत) के अंतर्गत 1,277 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है।
- पीएम जनमन योजना (आवास) के अंतर्गत 1,100 करोड़ रुपए ।

## पाकिस्तान ट्रेन हाईजैक मामला : सभी बीएलए लड़ाके मारे गए

**इस्लामाबाद,( एजेंसियां )।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान में मंगलवार (11 मार्च 2025) को बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने जाफर एक्सप्रेस को हाईजैक कर लिया। पाकिस्तानी न्यूज चैनल डॉन के मुताबिक पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने ट्रेन में मौजूद बीएलए के सभी लड़कों को मार गिराया है। बताया जा रहा है कि अब बंधकों को निकालने का काम किया जा रहा है।

जाफर एक्सप्रेस ट्रेन क्वेटा से खैबर पख्तूनख्वा के पेशावर जा रही थी तभी उग्रवादियों ने विस्फोटकों का इस्तेमाल कर ट्रेन को बेपटरी कर दिया और उस पर कब्जा कर लिया था। ट्रेन के 9 डिब्बों में करीब 450 यात्री थे। सुरक्षा सूत्रों के अनुसार, सुरक्षा बलों ने बड़ी संख्या में बंधकों को बचाया है, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। बचाए गए नागरिकों का इस्तेमाल आतंकवादी मानव ढाल के रूप में कर रहे थे।

### सुरक्षा बलों ने बड़ी संख्या में बंधकों को बचाया

**70 से 80 आतंकवादी शामिल थे**–पाकिस्तान के गृह मंत्रालय के अनुसार इस घटना में 70 से 80 आतंकवादी शामिल थे। संयुक्त राष्ट्र ने बलूचिस्तान में क्वेटा-पेशावर यात्री ट्रेन पर हुए आतंकवादी हमले की निंदा की। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने जोर देकर कहा कि आम नागरिकों पर हमले अस्वीकार्य हैं।

यह पहली बार है जब बलूचिस्तान प्रांत में बीएलए या किसी भी उग्रवादी समूह ने यात्री ट्रेन को हाइजैक' करने का सहारा लिया है, हालांकि पिछले साल उन्होंने प्रांत के विभिन्न हिस्सों में सुरक्षा बलों, प्रतिष्ठानों और विदेशियों पर हमले बढ़ा दिए थे।

पाकिस्तान रेलवे ने डेढ़ महीने से अधिक समय के निलंबन के बाद क्वेटा से पेशावर के लिए ट्रेन सेवाएं फिर से शुरू की थी।

## संभल जामा मस्जिद में रंगाई-पुताई की इजाजत

**प्रयागराज, ( एजेंसियां )।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संभल की शाही जामा मस्जिद की कमेटी को मस्जिद की बाहरी दीवारों पर रंगाई-पुताई करने की अनुमति दे दी है। कोर्ट ने मस्जिद कमेटी की अर्जी को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए यह आदेश दिया कि रंगाई-पुताई सिर्फ मस्जिद की बाहरी दीवारों पर ही की जा सकती है।

इसके अलावा, हाईकोर्ट ने कहा कि बाहरी दीवारों पर लाइटिंग भी लगाई जा सकती है, लेकिन यह काम किसी भी ढांचे को नुकसान पहुंचाए बिना किया जाना चाहिए। मस्जिद कमेटी ने यह याचिका इलाहाबाद हाईकोर्ट में दाखिल की थी।

**उप्र में होली से पहले मस्जिदों को तिरपाल से ढंका**

**10 जिलों में जुमे की नमाज का वक्त बदला**

JAN JYOTI
अब पाइये चश्मे से छुटकारा मात्र कुछ सेकेण्ड्स में
Teneo- 2 तकनीक से इलाज
TRANS EPI सबसे आधुनिक और सुरक्षित



आज ही विजिट करें
9165108121 janjyotieyehospital.com
1051, Gol Bazar, Near Keshwarwani College, Wright Town, Jabalpur

Excellence in Education, Excellence in Life
A.P.N. C.B.S.E.
SENIOR SECONDARY SCHOOL
(C.B.S.E. Affiliated Reg. No. 1031302 )
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2025-26
Class Nursery to XII Science I Commerce I Humanities
Special Discount in Admission fee & School fee for the State and National Players for all the Games
राष्ट्र स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये प्रवेश शुल्क एवं मासिक शुल्क में विशेष छूट
Ph.: 0761-2676360, 8349593500, 9826587200

सायबर अपराध — गृह मंत्रालय ने जानकारी दी

## डिजिटल अरेस्ट मामलों में 83668 वॉट्सऐप अकाउंट बंद

**नई दिल्ली, ( एजेंसियां )।** गृह मंत्रालय ने बुधवार को राज्यसभा में बताया कि साइबर क्राइम कोआर्डिनेशन सेंटर ने डिजिटल अरेस्ट मामलों में शामिल 3962 से ज्यादा स्काइप आईडी और 83,668 वॉट्सऐप अकाउंट्स की पहचान करके ब्लॉक कर दिया है। गृह राज्य मंत्री संजय बंदी कुमार ने द्रविड़ मुनेत्र कड़गम सांसद तिरुचि शिवा के सवाल सर यह लिखित जानकारी दी। उन्होंने बताया- साइबर अपराधियों ने इन अकाउंट्स का इस्तेमाल ईडी, सीबीआई जैसी एजेंसियों के अधिकारी बनकर धोखाधड़ी की थी। इसके अलावा 28 फरवरी, 2025 तक 7.81 लाख से ज्यादा सिम कार्ड और 2.08 लाख से ज्यादा आईएमईआई नंबर ब्लॉक किए गए हैं। वहीं, 13.36 लाख से ज्यादा शिकायतों के आधार पर 4386 करोड़ रुपए से ज्यादा के नुकसान से बचा जा सका है।

गृह राज्य मंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार और टेलिकॉम सर्विस प्रोवाइडर (टीएसपी) ने इंटरनेशनल स्पूफ कॉल की पहचान करने और उन्हें ब्लॉक करने के लिए एक सिस्टम तैयार किया है। ऐसी कॉल्स आने पर मोबाइल डिस्प्ले में भारत का नंबर होता है जबकि कॉल कहीं विदेश से आ रही होती है। टीएसपी को ऐसी कॉल्स को ब्लॉक करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा साइबर अपराध की शिकायत के लिए एक टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1930 चालू किया गया है। जागरूकता बढ़ाने के लिए क्षेत्रीय भाषाओं में जागरूकता कॉलर ट्यून प्रसारित की जा रही है।



### 10 साल में 4.69 लाख करोड़ रुपए का नुकसान

### स्पूफ कॉल की पहचान के लिए सिस्टम तैयार

रिजर्व बैंक की एक रिपोर्ट से पता चलता है कि 2023 के दौरान देश में 30 हजार करोड़ रुपए से अधिक की धोखाधड़ी हुई। वहीं, पिछले 10 सालों में बैंकों ने साइबर धोखाधड़ी के 65,017 मामलों की सूचना दी। जिसमें कुल 4.69 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ था।

# स्वच्छता अभियानः सफाई के साथ प्राचीन सांस्कृतिक धरोहरों के प्रति जागरुकता की पहल



**सागर, देशबन्धु।** निगमायुक्त राजकुमार खत्री द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु समय-समय पर नवाचार किये जा रहे हैं, जिसमें आम नागरिकों की सहभागिता भी मिल रही है, सागर में स्वच्छता अभियान 2024 अब केवल साफ सफाई के अभियान तक सीमित न होकर यह शहर की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक चेतना को भी जागृत करने का माध्यम बनता जा रहा है। नगर निगम और स्मार्ट सिटी लिमिटेड के माध्यम से नागरिकों में अपने शहर और देश की ऐतिहासिक विरासत, प्राचीन योग संस्कृति और धरोहरों के प्रति सम्मान और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है।

### जीवन में संगीत के महत्व को बताती उकेरी गई कलकृतियां

विद्वानों की माने तो संगीत का जीवन में बड़ा महत्व है। भारतीय संगीत की अलग अलग विधाओं को संगीत महाविद्यालय की नवनिर्मित बाउंड्रीवॉल पर उकेरा गया है। यह कलाकृतियां नागरिकों को संगीत की भारत की पारम्परिक विद्याओं से परिचित करा रही है। इसके अलावा शहर के कई चौराहों और सार्वजनिक दीवारों को भी सुंदर कलाकृतियों से सजाया गया है, ताकि वे पहले की तरह गंदे और उपेक्षित न दिखें परिणाम स्वरूप इन प्रयासों से शहर की सुंदरता बढ़ रही है, और नागरिकों में सफाई के प्रति जागरूकता आ रही है, साथ ही वे अपनी संस्कृति और धरोहरों को संजोने के लिये प्रेरित हो रहे हैं।

### योग संस्कृति को पुनर्जीवित करने की पहल

शहर के प्रमुख स्थानों को न केवल स्वच्छ बनाया जा रहा है, बल्कि उन्हें हमारी समृद्ध भारतीय परंपरा और संस्कृति से भी जोड़ा जा रहा है, उदाहरण के तौर पर पीली कोठी चौराहे पर एक सुंदर प्लेस मेकिंग का निर्माण किया गया है, जिसमें सूर्य नमस्कार की विभिन्न योग मुद्राओं की आकृतियां बनाई गई हैं। इसका उद्देश्य नागरिकों को योग के प्रति आकर्षित करना और उन्हें प्राचीन योग संस्कृति के प्रति जागरूकता बनाना है क्योंकि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिये ही नहीं, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक शांति के लिये भी आवश्यक है। ऐतिहासिक धरोहरों को चित्रों के माध्यम से संरक्षित करने का संदेश स्वच्छता अभियान के तहत शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थानों की दीवारों पर सुंदर ऐतिहासिक महत्व के चित्र उकेरे जा रहे हैं। उदाहरण के तौर पर राहतगढ बस स्टैंड के पास निर्मित रेलवे ओवर ब्रिज की दीवारों पर भव्य चित्रकारी कराई गई है, जिससे नागरिकों को हमारी वास्तुकला और ऐतिहासिक विरासत की झलक देखने मिले और दीवारों को कला के माध्यम से जीवंत बनाकर स्वच्छता और हमारी प्राचीन धरोहरों के बारे में नागरिकों को संदेश दिया जा सके। वीर सैनिकों और गौरवशाली इतिहास को सम्मान निगमायुक्त द्वारा एक और नवाचार करते हुये देश के वीर सैनिकों और सेना के जवानों के गौरवशाली इतिहास को दर्शाने के लिये दीवारों पर कलाकृतियां बनवाई गई हैं, विशेष रूप से पीली कोठी क्षेत्र में भव्य चित्रकारी कराई गई है, जिससे नागरिकों को हमारे वीर जवानों की शौर्यगाथा से परिचित कराया जा सके।

## मार्केटिंग मैनेजमेंट और सेल्समेन शिप के प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**सागर, देशबन्धु।** शास. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय अग्रणी में पीएम उषा परियोजना के अंतर्गत सैडमैप द्वारा मार्केटिंग मैनेजमेंट और सेल्समेनशिप का प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। प्राचार्य डॉ. जीएस रोहित व पीएम उषा परियोजना प्रभारी डॉ. इमराना सिद्दीकी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में 40 विद्यार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें है। विषय विषेषज्ञ डॉ. अंकुर रांधेलिया प्राध्यापक डॉ. हरिसिंह गौर विवि मैनजमेन्ट विभाग ने मार्केटिंग मैनेजमेंट के विषय में विद्यार्थियों को जानकारी एवं प्रशिक्षण प्रदान किया। डॉ. चंद्रलता सिंह प्राध्यापक डॉ. हरिसिंह गौर विवि मैनजमेन्ट विभाग ने मार्केटिंग मैनेजमेंट तथा व्यक्तित्व विकास के विषय में विद्यार्थियों को जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रभारी डॉ. संगीता कुम्भारें और महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ में डॉ. गोपा जैन, डॉ. सरोज गुप्ता, डॉ. रंजना मिश्रा, डॉ. प्रतिभा जैन, डॉ. जयकुमार सोनी, डॉ. शुचिता अग्रवाल, डॉ. अभिलाषा जैन, डॉ. शालिनी सिंह परिहार, डॉ. अंकुर गौतम, डॉ. संदीप तिवारी, डॉ. संदीप सबलोक की सतत निगरानी में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। उक्त कार्यक्रम सैडमेप भोपाल के सागर जिला समन्वयक एनएस तोमर व राजकुमार चौधरी द्वारा संचालित किया जा रहा है।

## मिठाई दुकानों एवं नॉन वेज रेस्टोरेंट, मांसाहारी भोजनालय का किया औचक निरीक्षण



**दमोह, देशबन्धु।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा जांच दल ने निरीक्षण कार्यवाही करते हुये शहर स्थित विभिन्न मिठाई दुकानों एवं नॉन वेज रेस्टोरेंट, मांसाहारी भोजनालय का औचक निरीक्षण किया। कार्यवाही में उमा मिस्त्री की तलैया नया बाजार नं 01 स्थित नेमा खोवा भंडार से खोवा, घंटाघर स्थित गढ़ी स्वीट्स से खोवा, गुजरात स्वीट्स से पिस्ता बर्फी एवं सत्कार लॉज के पास श्री राजस्थान भंडार से मलाई बर्फी के नमूनें जांच हेतु लिए। इसी तरह मीट मार्केट, सिविल वार्ड नं 03 स्थित अकबर नॉन वेज रेस्टोरेंट से मटन करी के नमूनें जांच हेतु लिये। इन नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। मैजिक बॉक्स की सहायता से खोवा, मावा बर्फी, बेसन लड्डू, मोतीचूर लड्डू, कलाकंद, दूध पेड़ा, दूध हलवा एवं मिल्क केक की गुणवत्ता की ऑन द स्पॉट जांच की गई है। मौके पर सभी दुकानदारों के पास फूड लाइसेंस की प्रति स्पष्ट रूप से प्रदर्शित पाई गई। अकबर नॉन वेज रेस्टोरेंट के संचालक को पेस्ट कंट्रोल प्रबंधन सर्टिफिकेट, लैब टेस्ट रिपोर्ट, वाटर टेस्टिंग रिपोर्ट, फोस्टैक ट्रेनिंग प्रमाण पत्र एवं कार्यरत कर्मचारियों के वार्षिक मेडिकल परीक्षण प्रमाण पत्र बनवाने के निर्देश दिये।

## रेलवे उपभोक्ता उपयोगिता सलाहकार समिति सदस्य का विधायक ने किया स्वागत

### बीना रेलवे की स्थानीय समस्याओं एवं रेलवे स्टॉपेज को लेकर सौंपे पत्र



**बीना, देशबन्धु।** भोपाल रेल मंडल के 27 रेलवे स्टेशनों से परिचालन करने वाले हजारों यात्रियों और रेलवे उपभोक्ताओं की सुविधा के लिये सांसद की अनुशंसा पर स्थानीय पूर्व सरपंच एवं भाजपा नेता संतोष सिंह ठाकुर नौगांव को डीआरयूसीसी रेलवे उपभोक्ता उपयोगिता सलाहकार समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। ठाकुर का स्वागत स्थानीय विधायक निर्मला सप्रे के कार्यालय पर किया गया। इस अवसर पर विधायक ने संतोष सिंह ठाकुर को तिलक लगाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। निर्मला सप्रे ने सांसद लता वानखेड़े को रेलवे की मांगों और समस्याओं के संदर्भ में पूर्व में सौंपे गये पत्रों की प्रतिलिपियां भी संतोष सिंह ठाकुर को सौंपी और उनसे मांग की, कि संबंधित समिति की रेलवे अधिकारियों से होने वाली बैठक में बीना में वंदे भारत ट्रेन का स्टॉपेज, सागर मेमू ट्रेन का समय परिवर्तन, बीना रेलवे स्टेशन की सफाई व्यवस्था, रेलवे स्टेशन पर जनता खाना एवं उच्च गुणवत्ता वाली खाद्य सामग्रियों आदि का विक्रय कराने के संदर्भ में अपनी बात रखें। विधायक ने सांसद का भी आभार जताया कि उन्होंने इस रेलवे के बड़े पद के लिये बीना के वरिष्ठ नेता का चयन किया। संतोष सिंह ठाकुर ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि बीना रेलवे क्षेत्र के विस्तार एवं विकास के साथ-साथ उपभोक्ताओं की समस्याओं को लेकर रेलवे की बैठकों में आवाज उठाऊंगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि बीना विधानसभा क्षेत्र के रेलवे उपभोक्ताओं के हितों के लिये संकल्पित रहूंगा। इस अवसर पर पर रतन यादव, राजेश राय, डॉ. मनोज श्रीवास्तव, शैलेश शाह, दीनदयाल भदौरिया, स्वामीचरण तिवारी, अनूप जैन, अजवीर सिंह ठाकुर आदि लोग शामिल रहे।

## सागर में एयरपोर्ट बनाने विमानन विभाग से जमीन मांगी

**सागर, देशबन्धु।** सागर में एयरपोर्ट विकसित करने के लिये जमीन आवंटित किये जाने का प्रस्ताव विमानन विभाग को प्रेषित किया गया है। राज्य विधानसभा में खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के निवेश से संबंधित प्रश्न पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जानकारी दी कि सागर के हवाई पट्टी सहित सिंगरौली, उमरिया और नीमच में हवाई पट्टियों हेतु भूमि चाही गई है। चूंकि एयरपोर्ट एवं हवाई पट्टी हेतु भूमि विमानन विभाग के द्वारा आवंटित की जाती है। अतः यह प्रस्ताव विमानन विभाग को आगामी कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया है। ज्ञातव्य है कि हवाई पट्टी को एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने हेतु रीजनल इन्डस्ट्री कानक्लेव में फ्लाई ओला कंपनी ने 18 हजार करोड़ का प्रस्ताव दिया था।

## बालिकाओं को आसमां को छूना है तो अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा : डॉ. प्रीति शर्मा



**सीहोरा, देशबन्धु।** श्री साईनाथ पैरामेडिकल कॉलेज द्वारा हायर सेकेंडरी स्कूल सीहोरा में विद्यार्थियों का स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत 200 से अधिक एवं विभिन्न आयु वर्ग की बालिकायें एवं बालकों का स्वास्थ्य एवं रक्त परीक्षण किया गया तथा स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस अवसर पर डॉ. प्रीति शर्मा ने कहा बालिकाओं को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा इसके लिये बालिकाओं को ही स्वयं पहल करनी होगी बालिकाओं को समय पर पौष्टिक भोजन करना होगा एवं शरीर में खून की कमी ना हो ऐसा प्रयास करना होगा जिससे कि वह एनीमिया रोग से ग्रसित ना हो एवं यदि शरीर में कोई बीमारी होती है तो खुलकर बात करनी होगी। बालिकाओं को आसंमा को छूना है तो अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा और साथ ही अपने लक्ष्य को प्राप्त करना होगा एवं अपने गांव, शहर, देश एवं विश्व में अपना नाम रोशन करना होगा। डॉ. विनीत शर्मा ने कहा खूब पढ़ो आगे बढ़ो। आयुष विभाग के डॉ. अभय मिश्रा ने आयुर्वेद के द्वारा कैसे अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखा जाये जानकारी दी। इस अवसर पर हायर सेकेंडरी के प्राचार्य एसआर पटेल एवं स्कूल की शिक्षिकायें हेमलता श्रीवास्तव, प्रीति वाला जैन, श्याम श्रीवास्तव, कल्पना पटेल, अनिता जड़िया, अंजली गुप्ता, महाविद्यालय स्टाफ शिवम श्रीवास्तव, अनिकेत सेन आदि उपस्थित रहे। प्राचार्य एसआर पटेल द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता शिविर में पधारे अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर आभार व्यक्त किया गया।

## किसानों के टीन शेड पर व्यापारियों का कब्जा, मंडी सचिव ने 15 हजार में दिया किराये पर



**बीना, देशबन्धु।** कृषि उपज मंडी में बुधवार को किसानों के लिये बने टीन शेड को लेकर विवाद शुरू हो गया है। भारतीय किसान जन शक्ति यूनियन के संभागीय अध्यक्ष सीताराम ठाकुर ने एसडीएम विजय डेहरिया ने इस मामले की शिकायत की है। मंडी सचिव कमलेश सोनकर ने कहा कि उन्होंने टीन शेड को 15 हजार में एक सीजन के लिये किराये पर दिया है। जिससे व्यापारी का सामान नहीं हटा सकते। इस मामले में पूर्व मंडी अध्यक्ष अमर प्रताप सिंह ठाकुर ने कहा है यह टीन शेड विशेष रूप से किसानों की सुविधा के लिये बनाया गया था। नियमों के अनुसार इसे किराये पर नहीं दिया जा सकता। उन्होंने यह भी कहा अगर मंडी समिति को किराये पर देना भी हो, तो इसके लिए टेंडर प्रक्रिया का पालन करना आवश्यक है। एसडीएम डेहरिया ने मामले में मंडी सचिव को व्यापारियों का कब्जा हटाने के निर्देश दिये हैं। किसान नेता ने इसके साथ ही 5 रुपये में भरपेट भोजन योजना के बंद होने की भी शिकायत की है।

## पटवारी निलंबितः फार्मर रजिस्ट्री का कार्य अपूर्ण, नोटिस का जबाव भी दाखिल नहीं किया

**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर संदीप जीआर द्वारा विगत दिवसों में फॉर्मर रजिस्ट्री का कार्य तीव्रता से पूर्ण किये जाने के लिये निर्देशित किया गया था। हाल ही में हुई फॉर्मर रजिस्ट्री की प्रगति समीक्षा में पाया गया कि पटवारी सौरभ सिंह प.ह.नं. 107 शाहपुर का फार्मर रजिस्ट्री का कार्य अत्यंत कम है।

नायब तहसीलदार शाहपुर द्वारा अवगत कराया गया है कि पटवारी सौरभ सिंह को बार-बार पत्राचार के माध्यम से निर्देश एवं समझाइश देने के बाद भी पटवारी की स्वच्छंदता एवं शासकीय सेवा में अपनी जिम्मेदारियों के प्रति उदासीनता के व्यवहार में कोई सुधार नही हो रहा है। उक्त संबंध में नायब तहसीलदार शाहपुर द्वारा सौरभ सिंह के न्यायालय में लंबित प्रकरणों में सूचित होने के बावजूद समयावधि में प्रतिवेदन प्रस्तुत न किये जाने, सीएम हेल्पलाइन में कोई भी तथ्यात्मक निराकरण फीड नहीं कराये जाने, कर्तव्य स्थल पर अनुपस्थित पाये जाने एवं शासकीय कार्यों के प्रति लापरवाही, स्वछंद व्यवहार एवं वरिष्ठ आधिकारियों के आदेशों के अवहेलना के कारण कई बार कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये गये है। जिनके जवाब पटवारी द्वारा प्रस्तुत नहीं किये गये। समीक्षा के दौरान पाया गया कि सौरभ सिंह पटवारी उपतहसील शाहपुर की फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति भी अत्यंत न्यूनतम पाई गई तो निर्देशों की अवहेलना का द्योतक है। उक्त कृत्य मप्र सिविल सेवा आचरण नियम 1965 अंतर्गत कदाचार एवं अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। शासकीय कार्य में लापरवाही एवं उदासीनता बरतने के पर सागर अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अदिति यादव ने पटवारी सौरभ सिंह को मप्र शासकीय सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया। साथ ही पटवारी के विरुद्ध विभागीय जांच बैठाई गई है। विभागीय जांच हेतु तहसीलदार सागर ग्रामीण को जांचकर्ता अधिकारी एवं नायब तहसीलदार शाहपुर को प्रस्तुतकर्ता अधिकारी नियुक्त किया है।

## कला प्रदर्शनी में फाइन आर्ट्स के विद्यार्थियों ने की सृजनात्मक अभिव्यक्ति



**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरीसिंह गौर विवि के वैली कैम्पस स्थित ललित कला एवं प्रदर्शनकारी कला विभाग के नवीन भवन कौटिल्य भवन में वार्षिक कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें फाइन आर्ट्स के विद्यार्थियों ने अपनी कलाओं का प्रस्तुतीकरण किया। प्रदर्शनी का शुभारंभ कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने किया। संयोजन डॉ. सुप्रभा दास ने किया। कुलपति ने विद्यार्थियों के सृजनात्मक अभिव्यक्तियों का अवलोकन किया और कहा कि विद्यार्थियों को लगातार इसी तरह की सृजनात्मक गतिविधि में संलग्न रहकर अपनी कला और प्रतिभा को निखारना चाहिये। प्रत्येक विद्यार्थी में कोई न कोई हुनर अवश्य होता है इसलिये अपनी क्षमता और हुनर को पहचान दें। इससे विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्होंने गौर संग्रहालय में एक आर्ट गैलरी बनाये जाने की भी स्वीकृति दी जिसमें बुंदेलखंड की संस्कृति और परम्परा को चित्रित करती हुई पेंटिंग्स और चित्रों को लगाया जायेगा। प्रदर्शनी में बीएफए के विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों डॉ. बलवंत सिंह भदौरिया, डॉ. सुप्रभा दास एवं आकाश मालवीय द्वारा निर्मित पेंटिंग्स और कलाकृतियों को भी अवलोकनार्थ रखा गया है। प्रदर्शनी में प्रस्तुत कलाकृतियों में विद्यार्थियों द्वारा निर्मित ग्राफिक डिजाइन, पोस्टर, फोटो ग्राफी, कैलीग्राफी, टूडी एवं थ्रीडी आर्ट, लोक कला, पट चित्र, मधुबनी आर्ट, मंडला आर्ट, क्रिएटिव पेंटिंग को आकर्षक तरीके से प्रस्तुत किया गया। शुभारंभ के अवसर पर प्रो. राजेन्द्र यादव, डॉ. महेंद्र आर्य, डॉ. नीलम थापा, डॉ. विवेक जायसवाल, डॉ. राकेश सोनी, अल्ताफ मुलानी सहित छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।

## पत्रकार से अभद्रता करने वाले खनिज अधिकारी पर दर्ज हो मामला



**शाहगढ़, देशबन्धु।** सागर में पत्रकार से खनिज जिला अधिकारी द्वारा अभद्रता, गाली गलौज, एवं मारपीट की घटना को लेकर शाहगढ़ तहसील के सभी पत्रकार संघ ने निंदा करते हुये मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार शाहगढ़ को ज्ञापन सौपा। पत्रकारों ने कहा कि शाहगढ़ क्षेत्र में भी हो रहे अवैध खनन, अवैध शराब, अवैध जंगल की कटाई, अवैध कालोनी भूमि खरीद फरोक्त, यूरिया रासायनिक खाद्य की दूसरे जिले में हों रहे अवैध परिवहन को लेकर स्थानीय प्रशासन चुप्पी साधकर बैठे हुये हैं, जिले के पत्रकारों को न्याय नहीं मिल रहा है। प्रशासन सागर के जिला खनिज अधिकारी को बचाने में लगा हुआ है। पत्रकारों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि खनिज अधिकारी पर आपराधिक मुकद्दमा दर्ज कर सस्पेंड किया जाये एवं गोपालगंज थाना प्रभारी द्वारा बनाये गये झूठें प्रकरण में खात्मा लगाया जाये। पत्रकार संघ की उपरोक्त मांगे पूरी न होने की दशा में हम सभी पत्रकार साथी धरना प्रदर्शन, चक्काजाम जैसे आंदोलन करने को विवश होंगे। ज्ञापन में तहसील के समस्त पत्रकार मौजूद रहे।

## बृंदावन राय सरल की 18 वीं किताब गजलों का गुलशन का हुआ विमोचन



**बीना, देशबन्धु।** भोपाल जेके मेडिकल कॉलेज आडीटोरियम में अध्यक्ष जयनारायण चौकसे मुख्य अतिथि, महापौर मालती राय, विशेष अतिथि डॉ. राजेश राय पूर्व ज्वाइंट कमिश्नर, कल्पना राय तथा कार्यवाहक अध्यक्ष बृंदावन राय सरल वरिष्ट कवि साहित्यकार की अठारहवी पुस्तक गजलों का गुलशन का विमोचन डॉ. राजेश राय और पंकज चौकसे, कल्पना राय, प्रकाश राय के द्वारा हुआ। बृंदावन राय सरल ने उसी पुस्तक से दो गजलों का पाठ किया जिसे बहुत सराहा गया। समाज के प्रतिष्ठित लोगों के वक्तव्य हुए। अतिथियो का सम्मानपत्र, प्रतीक चिन्ह, शाल, वस्त्र अंग से सम्मान किया गया, करीब पचास कवियों ने काव्य पाठ किया। अंत में सुरेश जायसवाल सीहोर ने आभार व्यक्त किया।

## सांसद ने सागर संसदीय क्षेत्र में आईआईटी, आईआईएम और अन्य राष्ट्रीय संस्थानों में से किसी एक संस्थान की शाखा खोलने की मांग

**सागर, देशबन्धु।** किसी भी राष्ट्र की प्रगति उसकी शिक्षा व्यवस्था पर निर्भर करती है हमारे देश के युवा प्रतिभाशाली हैं और नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं परिणाम स्वरूप वैश्विक स्तर पर भारत का नाम रोशन कर रहे हैं लेकिन एक पक्ष यह भी है कि उच्च स्तरीय तकनीकी और प्रबंधकीय शिक्षा के अवसर केवल महानगरों तक सीमित है, आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी, एनआईडी, और एमआईटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों की शाखायें बड़े शहरों तक ही सीमित रह गई है, इसलिये छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाशाली विद्यार्थी इन शाखाओं तक पहुंचने के लिये संघर्ष करते हैं, इसलिये छोटे शहरों में उच्च स्तरीय तकनीकी एवं प्रबंधकीय शिक्षा की विस्तार की दिशा में ठोस कदम उठाये जायें और आईआईटी, आईआईएमए और अन्य राष्ट्रीय संस्थानों की शाखायें पिछड़े और मध्यम श्रेणी के शहरों में भी खोली जाये। युवाओं की इस समस्या की ओर सांसद लता गुड्डू वानखेड़े ने लोकसभा में सदन का ध्यान आकर्षित कराते हुये कहा कि छोटे और मझोले शहरों में उच्च स्तरीय तकनीकी एवं प्रबंधकीय शिक्षा के अवसर सीमित है, और सागर लोकसभा क्षेत्र भी इस चुनौती का सामना कर रहा है और यहां के युवा शिक्षा के लिये महानगरों की ओर पलायन करने को मजबूर है जिसे केवल उनके परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ता है बल्कि उनके अपने क्षेत्र के विकास में योगदान देने की संभावनायें भी सीमित हो जाती हैं सरकार ने सबके लिये शिक्षा और समावेशी विकास का जो संकल्प लिया है उसे साकार करने के लिये यह आवश्यक है कि इन प्रतिष्ठित संस्थानों की शाखायें छोटी और मझोले शहरों में भी स्थापित किये जाये यह केवल शिक्षा का विस्तार ही नहीं होगा बल्कि क्षेत्रीय विकास, नये रोजगार के अवसर और नवाचार को भी बढ़ावा मिलेगा। यदि सागर जैसे शहर में आईआईटी, आईआईएमए या एनआईडी जैसे संस्थान स्थापित किये जाते हैं तो यह न केवल स्थानीय विद्यार्थियों को लाभ पहुंचायेंगे बल्कि पूरे राज्य के शैक्षणिक और औद्योगिक विकास में मील का पत्थर साबित होंगे।

उन्होंने निवेदन किया सागर संसदीय क्षेत्र में इन संस्थानों में से किसी एक संस्थान की स्थापना हेतु आवश्यक कदम उठाये जायें जिससे हमारे क्षेत्र के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो, नये रोजगार के अवसर उपलब्ध हो और हमारा संसदीय क्षेत्र भी राष्ट्र की प्रगति में एक सक्रिय भूमिका निभा सके।

## मप्र केसरी प्रतियोगिता के लिए जिला भारतीय शैली कुश्ती पुरुष व महिला टीम का हुआ चयन



**सागर, देशबन्धु।** सूर्यकुण्ड जिला मंडला में मप्र केसरी टूनामेंट राज्य स्तरीय भारतीय शैली कुश्ती प्रतियोगिता 21 से 23 मार्च को आयोजित की जायेगी जिसके लिये जिले के पुरुष एवं महिला टीम का चयन छत्रसाल व्यायाम शाला में हुआ। भारतीय शैली कुश्ती संघ के प्रदेश अध्यक्ष कपिल मलैया ने बताया कि सभी खिलाड़ियों के रहने, खाने एवं किराये की व्यवस्था भारतीय शैली कुश्ती संघ करेगा। प्रदेश सहसचिव कौशल पहलवान ने सभी अतिथियों एवं खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि कुश्ती त्याग और तपस्या का क्षेत्र है इसे सभी लोग मिलकर सफल बनायें। चयनित खिलाड़ियों में टाइटल पुरुष वर्ग में नरेश यादव बीना, नयन कुरेसिया सागर, अनीश यादव सागर, सीनयर पुरुष वर्ग में 55 किलोग्राम वर्ग में अमित यादव, विकास यादव, 60 किलोग्राम वर्ग में राम यादव, अभिषेक यादव, 65 किलोग्राम वर्ग में राहुल पहलवान, 70 किलोग्राम वर्ग में मोहित ठाकुर, आर्यन यादव 75 किलोग्राम वर्ग में भरत पहलवान, सब जूनियर वर्ग में अंश सेन, रूद्रांश प्रजापति, जूनियर पुरुष 45 किलोग्राम वर्ग में मोहित रैकवार, अंकित रैकवार, अथर्व द्विवेदी, तरुण यादव, 50 किलोग्राम वर्ग में कृष्ण कुमार यादव, 55 किलोग्राम वर्ग में लकी यादव, शिभांक दुबे, हेमंत यादव, मयूर यादव, 60 किलोग्राम वर्ग में कृश यादव, सोजल यादव, महिला सब जूनियर 32 किलोग्राम वर्ग में श्रद्धा कुर्मी बीना, 36 किलोग्राम वर्ग में तनु रैकवार बीना, 45 किलोग्राम वर्ग में निधि योगी, 50 किलोग्राम वर्ग में प्रथा कुर्मी, 55 किलोग्राम वर्ग में हर्षिता प्रजापति बीना, 60 किलोग्राम वर्ग में अनुष्का पटैरिया, टाइटल वर्ग में विधि यादव बीना का चयन हुआ। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने सभी चयनित खिलाड़ियों के लिये शुभकामनायें दीं एवं प्रदेश महासचिव अर्जुन यादव को टीम गठन की सूचना दी। चयन प्रक्रिया में निर्णायक रहे कौशल पहलवान, इन्द्रपाल सिंह ठाकुर, अभिमन्नू सोनी, प्रतीक सोनी, संजू पहलवान थे। इस अवसर पर मगन पहलवान, लल्लू भैया घोषी, श्याम पहलवान, गोपाल लम्बरदार, कृष्ण बल्लभ सोनी, महेंद्र यादव बीना, आशुतोष बजाज पार्षद, विनय जैन, श्रीकांत जैन मीडिया प्रभारी आदि उपस्थित थे।

## सार समाचार

### लोकनृत्य राई के नाम रही महोत्सव की तीसरी शाम

खजुराहो, देशबन्धु। पाहिल वाटिका के मुक्ताकाशी मंच पर चल रहे महाशिवरात्रि महोत्सव की तीसरी शाम बुंदेली लोकनृत्य राई के नाम रही। योगेन्द्र राजा नदया, कालीचरण दुबे उर्फ कल्लू, मुरलीधर कारपेंटर उर्फ कल्लू और सरदार सिंह की टीम ने बुंदेली राई की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। देर रात तक चले कार्यक्रम में सैकड़ों दर्शक आनंद लेते नजर आए। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर परिषद अध्यक्ष अरुण कुमार अवस्थी और सीएमओ बसंत चतुर्वेदी ने किया। कार्यक्रम के दौरान गाइड एसोसिएशन के बालवीर गौतम, रवि मिश्रा, होटल एसोसिएशन के संरक्षक अविनाश तिवारी, ट्रैवल एजेंट, सितार वादक बलराम शुक्ला, जीतेन्द्र लवानिया तथा मेडिकल स्टोर संचालिका ओमवती गुप्ता सहित जैन समाज के सदस्य उपस्थित रहे। मुस्लिम समाज के सदर रमजान खान सहित अन्य सदस्यों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

### वाहनों पर कार्रवाई से 20 हजार का समन शुल्क वसूल

छतरपुर, देशबन्धु। अनाधिकृत हूटर, पदनाम, बिना नंबर और खिड़की के कांच पर ब्लैक फिल्म के वाहनों और नशे में वाहन चलाने वालों पर आज चेकिंग करके उनके चालान किए गए हैं। यातायात प्रभारी बृहस्पति साकेत ने बताया आकाशवाणी तिराहे दर्जनों वाहनों पर कार्रवाई करके 20000 रुपए समन शुल्क वसूला गया है। उन्होंने बताया नशे में वाहन चलाने वालों पर ब्रीथ एनालायजर से निरंतर जांच करके कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने सभी से अपील की है कि अनधिकृत हूटर, पदनाम प्लेट आदि का इस्तेमाल अपने वाहनों पर न करें, शराब पीकर वाहन न चलाएं अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### लापता बालिकाओं को खोजकर परिजन को सौंपा

छतरपुर, देशबन्धु। ऑपरेशन मुस्कान के तहत छतरपुर के ओरछा रोड थाना और प्रकाश बम्हौरी थाना पुलिस द्वारा लापता बालिकाओं को खोजकर उनके परिजनों तक पहुंचाया है। ओरछा रोड थाना पुलिस ने 3 दिन पहले गुम हुई बालिका को दस्तयाब किया है। प्रकाश बम्हौरी थाना पुलिस ने माह फरवरी में गुम हुई बालिका को उत्तरप्रदेश के बनारस शहर से खोजकर परिजन के सुपुर्द किया है। उल्लेखनीय है जिले के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत गुम, अपहृत हुए बालक बालिकाओं एवं गुम हुए व्यक्तियों की तलाश कर दस्तयाबी के तहत एक जनवरी 2025 से अब तक गुम हुए करीब 110 बालक बालिकाओं की खोजा जा चुका है।

### सामूहिक विवाह सम्मेलन: 10 जोड़ों के विवाह कराके विदा किया

हरपालपुर, देशबन्धु। नगर के बारिया धाम रामलीला मैदान में बुधवार को मारुति मानस संघ द्वारा 8वां सर्वजातीय सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें निर्धन परिवारों की 10 बेटियों का विवाह कराके उन्हें गृहस्थी के समान व उपहारों सहित विदा किया गया। मारुति मानस संघ के अध्यक्ष अमित अग्रवाल व सचिव राजीव अग्रवाल ने बताया कि आयोजन में 11 बेटियों के विवाह कराए जाने थे, लेकिन किसी कारणवश एक बेटी का विवाह निरस्त करना पड़ा। इस कारण शेष 10 जोड़ों का धूमधाम से विवाह कराया गया। इस दौरान जयमाला कार्यक्रम से पूर्व नगर में अनोखी बारात निकाली गई। जिसमें सबसे आगे पालकी में सवार लड्डू गोपाल चल रहे थे, और उनके पीछे ई-रिक्शा पर सवार दूल्हे निकले। डीजे पर बज रहे गीतों की धुन पर बाराती नाचते हुए चल रहे थे। ये बारात हरिहर रोड, मेन रोड, ठंडी सड़क होते हुए आयोजन स्थल पर पहुंची।

### टीआई को ब्लैकमेल व आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाली आशी राजा और सोनू ठाकुर न्यायालय में पेश

# पुलिस अफसर, गर्लफ्रेंड और ब्लैकमेलिंग केस में कई चौंकाने वाले खुलासे करेगी पुलिस

**छतरपुर, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली के टीआई अरविंद कुजूर की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने उसकी प्रेमिका आशी राजा परमार और आशी के प्रेमी सोनू ठाकुर के खिलाफ मामला दर्ज करके दौनों को न्यायालय में पेश किया है। पुलिस ने न्यायालय से दोनों आरोपियों के लिए तीन दिन की रिमांड मांगी थी, मगर न्यायालय ने एक दिन की रिमांड पर पुलिस के सुपुर्द किया है।

टीआई कुजूर आत्महत्या कांड के पूरे 6 दिनों बाद बुधवार को सुबह पुलिस ने टीआई की पत्नी की रिर्पोट के आधार पर उसकी प्रेमिका आशी राजा परमार और आशी के प्रेमी सोनू ठाकुर के खिलाफ बीएनएस की धारा 108, 308 और एससी-एसटी एक्ट के तहत आपराधिक प्रकरण कायम कर लिया है। देर शाम दोनों को जिला न्यायालय में पेश करके एक दिन की रिमाड पर लिया गया है। एक दिन में उनसे और कई बिंदुओं पर भी पूछतांछ की जाएगी। अभी टीआई कुजूर का खास सटटा किंग राहुल शुक्ला और जमीन के कारोबारी विजय पाल सिंह उर्फ गांधी राजा सहित कई अन्य संदेही पुलिस के राडार पर हैं। इस मामले की तहकीकात में रोज नए-नए खुलासे हो रहे हैं। ये पक्का है कि आने वाले दिनों में पुलिस अफसर, गर्लफ्रेंड और ब्लैकमेल केस में पुलिस कई चौंकाने वाले खुलासे करेगी। बता दें कि 6 मार्च को अपनी कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या करने वाले 48 वर्षीय टीआई अरविंद कुजूर ने जिस 25 वर्षीय युवती आशी राजा परमार से प्यार किया और अपनी पत्नी को तलाक देकर आशी से शादी करने का ख्वाब देखा। वही आशी राजा लग्जरी लाइफ और मंहगे सामान की शौकीन थी, ये शौक पूरे करने के लिए आशी ने टीआई से शारीरिक संबंध बनाए। टीआई से कार, दो प्लाट, डायमंड नेकलेस, सोने के गहने, मंहगे आईफोन, बैंक बैलेंस से लेकर कई अन्य मंहगी डिमांड पूरी कराईं। जब मन भर गया तो अपने प्रेमी सोनू ठाकुर व अन्य लोगों के साथ मिलकर टीआई का अश्लील वीडियो बनाया और उसे ब्लैकमेल करके मोटी रकम ऐंठना शुरु कर दिया। यहां तक कि शहर की नई पाश कालोनी पार्कलैंड में एक मंहगा बंगला दिलाने के लिए टीआई पर दबाव डाला गया। जिससे परेशान होकर अंततः टीआई कुजूर ने गोली मारकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। इस मामले की तहकीकात में कई अन्य संदेही पुलिस के राडार पर हैं।



**लव ट्राएंगल के खुलासे से पुलिस की किरकिरी:** देखा जाए तो ये मामला लव ट्राएंगल का है, जिसके उजागर हो जाने से पुलिस की जमकर किरकिरी हुई है। दरअसल टीआई अरविंद कुजूर अपने से उम्र मे आधी आशी राजा को दिलोजान से प्यार करके शादी करना चाहता था। इसी कारण वह आशी पर दौलत लुटा रहा था। वहीं आशी इसे टालकर अपने प्रेमी सोनू से ही शादी करना चाहती थी, इसलिए वो टीआई से पहली पत्नी को तलाक देने की बात कहकर टीआई को प्रेम के नाम पर गुमराह कर पैसे ऐंठ रही थी। इस काम में सोनू ठाकुर उसका साथ दे रहा था। आशी राजा अपने प्रेमी सोनू के साथ पन्ना रोड पर एक किराए के मकान में लिवइन में रह रही थी। जांच के बाद पुलिस सूत्रों का कहना है छतरपुर के तेजतर्रार टीआई अरविंद कुजूर इसी जालसाज युवती के प्यार में ब्लैकमेल हो रहे थे। युवती अपने प्रेमी के साथ मिलकर टीआई को ब्लैकमेल करके धमका रहे थे। इससे तंग आकर उन्होंने खुदकुशी जैसा कदम उठा लिया। इस मामले ने पुलिस की जमकर किरकिरी कराई है। दरअसल ये सच्चाई उजागर हो गई है कि जुआ, सटटा, शराब सहित अपराधियों को संरक्षण देने सहित रंगीन मिजाजी वाले टीआई अरविंद कुजूर पर अधिकारियों की निगाह क्यों नहीं गई। वे या तो टीआई की हरकतों से अंजान थे या सबकुछ जानकर अनदेखा किए रहे। टीआई के पास आखिर लक्ष्मी इतनी मेहरबान क्यों रही, वह अपराध और अपराधियों को संरक्षण क्यों दिए रहा। उसके कृत्यों पर मेहरबान के सवाल ने पुलिस के कई वरिष्ठ अधिकारियों की भूमिका को संदेह में ला दिया है।

### इनका कहना है

टीआई अरविंद कुजूर को ब्लैकमेल करके आत्महत्या के लिए प्रताडित करने के आरोपीं आशी राजा परमार और उसके साथी सोनू ठाकुर के खिलाफ बीएनएस की धारा 108, 308 और एससी-एसटी एक्ट के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज किया है। उन्हें जिला न्यायालय में पेश करके वहां से दोनों को एक दिन की रिमांड पर लिया गया है। अब उनसे आगे कई बिंदुओं पर पूछतांछ की जाएगी। अभी जांच जारी है, जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे कार्यवाही होगी।

**विदिता डागर**
**एएसपी, छतरपुर**

# सभी बैंक 31 मार्च के पहले स्वरोजगार व अन्य योजनाओं के प्रकरण स्वीकृत करें: कलेक्टर



**छतरपुर, देशबन्धु।** जिला पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में डीएलसीसी और डीएलआरसी की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि बैंक 31 मार्च के पहले स्वरोजगार एवं हितग्राही मूलक योजनाओं के प्रकरण स्वीकृत करे। इसमें लापरवाही करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर श्री जैसवाल ने सभी ब्रांचों के बैंकर्स को निर्देश दिए कि छोटी-छोटी कमियां निकालकर आवेदकों को बेवजह परेशान न किया जाए। बैठक में कुछ ऐसे आवेदकों को भी बुलाया गया था, जिनके प्रकरण बैंकों ने अनावश्यक रुप से बैंक द्वारा निरस्त कर दिए गए थे। कलेक्टर ने सभी से बात करके बैंकर्स को निर्देश दिए कि पुनः इनके आवेदन जमा कराएं और इसी हफ्ते प्रकरण स्वीकृत करें। कलेक्टर ने एलडीएम सहित संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बैंकों में जाकर अपने प्रकरण स्वीकृत कराएं। जो बैंकर्स अनावश्यक रूप से आवेदकों को परेशान करके मानसिक प्रताड़ित करे उनके विरुद्ध संबंधित आवेदक थाने में शिकायत दर्ज कराए। कलेक्टर ने ऐसे बैंकर्स की विद्युत कनेक्शन सहित अन्य निकाय की मूलभूत सुविधाएं बाधित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने जिले में उद्यानिकी विभाग के ऐसे डीआरपी जिन्होंने सही ढंग से प्रकरण का फॉलोअप नहीं किया है, उन पर भी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। नगरीय निकायों को अपने स्तर से लंबित पीएम स्वनिधि योजना के केस स्वीकृत करने के निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कहा 31 मार्च के पहले सभी अपनी परफॉर्मेंस बढाकर अधिक से अधिक प्रकरणों को स्वीकृत कराएं। कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, पीएम रोजगार सृजन कार्यक्रम, पीएम सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन, पीएम स्वनिधि योजना, डेएनयूएलएम, मुद्रा लोन, एसएचजी, बकरी पालन, आचार्य विद्यासागर योजना की समीक्षा की। इसके साथ पशु और मत्स्य विभाग से संबंधित केसीसी, टंट्या मामा, बिरसा मुंडा योजना, पिछड़ा वर्ग अनुसंख्यक स्वरोजगार योजना, पीएम फसल बीमा सहित कई अन्य योजनाओं में प्रगति के बारे में जानकारी ली। बैठक में जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, आरबीआई के अधिकारी, एलडीएम एवं जिले के बैंकर्स सहित सीएमओ और सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## हार से हताश न हों, नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ें खिलाड़ी: दीक्षित

**छतरपुर, देशबन्धु।** वीरांगना अवंतीबाई ग्रुप ऑफ कॉलेज के तत्वाधान में चल रहे पं. बीपी दीक्षित स्मृति खेल महोत्सव का मंगलवार की समापन हो गया। मुख्य अतिथि व्हीएव्ही ग्रुप के चेयरमैन अशोक दीक्षित थे। अध्यक्षता मैनेजिंग डायरेक्टर शुभम दीक्षित ने की। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. दीप्ति मिश्रा, डॉ. अतुल तिवारी, डॉ. जे. सोनी भी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि अशोक दीक्षित ने कहा खेल हमें आगे बढने् की प्रेरणा देते हैं, प्रतियोगिताओं में जो टीमें उपविजेता रहीं उनके खिलाड़ी हताश न हों बल्कि प्रेरणा लें और अपनी कमियों को दूर कर भविष्य में अच्छा खेलने की तैयारी करें। इस मौके पर क्रिकेट स्पर्धा में विजेता वीरांगना अवंतीबाई डिग्री कॉलेज, कबड्डी में विजेता अवंतीबाई लॉ कॉलेज, कबड्डी महिला वर्ग में विजेता नर्सिग कॉलेज, बैडमिंटन पुरूष वर्ग में अवंतीबाई डिग्री कॉलेज, महिला वर्ग में इंजीनियरिंग कॉलेज समेत सभी उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं प्रमाण प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। खास बात यह रही कि अवंतीबाई डिग्री कॉलेज के नेशनल बैडमिंटन प्लेयर अभिनव खरे ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी टीम को जीत दिलाई, जिन्हें विशेष तौर से पुरस्कृत किया गया।

## एमसीबीयू में भौतिक व कंप्यूटर विभाग के प्रशिक्षण का समापन



**छतरपुर, देशबन्धु।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के भौतिक शास्त्र अध्ययनशाला एवं शोध केंद्र द्वारा ए टेस्ट फॉर एस्ट्रोफिजिक्स विषय पर आयोजित आयोजित सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का बुधवार को समापन हो गया है। कार्यक्रम के अंतिम दिन मुख्य अतिथि गवर्नमेंट गर्ल्स पीजी कॉलेज बांदा के प्रो जितेंद्र कुमार ने खगोल भौतिकी, ब्रह्मांड की खोज शीर्षक पर व्याख्यान दिया। ब्लैक होल्स, डार्क मैटर, डार्क एनर्जी और बिग बैंग जैसे विषयों पर प्रकाश डाला। सापेक्षता का सिद्धांत एवं समय का विस्तार, लंबाई में संकुचन के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने गैलेक्सी और इसके प्रकार पर प्रकाश डालकर बताया कि मिल्की-वे में भी एक ब्लैक होल है जिसे सेजिटेरियस के नाम से जानते है। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस मौके पर भौतिक शास्त्र विभाग के सदस्य हिमांशु अग्रवाल, अतिथि विद्वान डॉ सीमा त्रिपाठी, डॉ महेंद्र पाठक, डॉ सोनम द्विवेदी, विषय विशेषज्ञ डॉ हेमंत कुमार वर्मा, प्रिंसी पाठक, आकांक्षा त्रिपाठी और कविता कृष्णमूर्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ सीमा त्रिपाठी ने किया। अंत में आभार प्रदर्शन कार्यक्रम संयोजक भौतिक विभाग अध्यक्ष डॉ आरपी कुम्हार ने किया।

**कप्यूटर में दी एमएस वर्ड, एमएस एक्सेल की जानकारी :** विश्वविद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान अध्ययन शाला प्रशिक्षण के अंतिम दिन एमएस वर्ड, एमएस एक्सेल, एमएस पावर प्वाइंट और एमएस एक्सेस के बारे में जानकारी दी गई। कार्यशाला के प्रथम सत्र में डॉ सुभाष चन्द्र कौशिक गवर्मेंट पीजी कॉलेज दतिया ने प्लानिंग योर प्रेजेंटेशन, फ़ॉन्ट एडिटिंग, कलर्स, टेम्पलेट पर व्याख्यान दिया। द्वितीय सत्र में उन्होंने विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर देकर फीडबैक लिया। तृतीय सत्र में थीम-लेआउट, एनीमेशन, विजुलाइजेशन पर जानकारी दी गई। इस अवसर पर डॉ अमित श्रीवास्तव, राजकुमार विश्वकर्मा, कुलदीप पाठक, दीप्ति खरे, अंकित शुक्ला, प्रीति वर्मा, सरिफ्ता बानो, अनिल पटेल, साकेत सोनी, नरेश राजपूत, अदिति सुहाने और मुकेश पाल सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।


**M.P. POORV KSHETRA VIDUT VITRAN Co. Ltd.**
Regd. office Block No. 8, 3rd Floor Shakti Bhavan Rampur, Jabalpur 482008 (M.P.)
CIN : U40109MP2002SGC015120 Tel. 0761-2666040, Extn. 270-2473/2424. Fax 0761-2660048
Website : www.mpez.co.in, email : ceprez@yahoo.in

SE (O&M)/ PUR/2753 DT 10-03-2025

**NOTECE INVITING TENDER**

Online tenders are invited from the Contractors having A class electrical license issued from Electrical Inspectorate, Govt of MP Bhopal and registered with the MPPKVVCL with registration fec of Rs 1 Lakh plus applicable GST or registered in QC Portal as erectionContractor EMPANELMENT Of ERECTION CONTRACTOR FOR SURVEY, INSTALLATION, TESTINT AND COMMISSION OF 33 KV LINE, 33/11 KV DIFFERENT CAPACITY ADDITIONAL PER, 33 KV ADDITIONA BAY UNDER DIFFERENT SCHEMES FY 2025-26 IN O&M CIRCLE PANNA as per scope of work detailed below:-

| SL. No. | TS No (For e- (For e- Tendering) Dircem-EZ/Pur | Particular of work | Approx Value (Rs in Lakh) WITHOUT GST. | Tender Fee (in Rs) | Due date & time of opening of of tender online from 14.30 Hrs |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SE(O&M)/PUR/2 753 DT 10-03 2025 (E-Tender No.E 2025 PKVV C 408916 1DTD 10-03-2025) | UP GRADATION/Renovation of Existint 33/11 KV Substation and Installation of additional / Augmentataion of ptr Under Different schemes FY 25-26 IN PANNA CIRCLE | 30.42 LAKH | 2360.00 (2000+ 18% | 28-03-2025 |

Fions aiready regimered wah MPPKVVCL. Jabalpur and valid on the date of Bid opening, need not to regouer afresh
GST all be popathies as applicable the time of bading
NOTEL
1 Other details can be seen in the complete tender documents available on e-portal
2 Tooder documents can be purchased only online and download from main portal ?? by making online payment for the prescribed non refundable tender document foo. Only in case if the tender is dropped without opening, the tendet fecs shall be refunded alter deduction of necessary portal charges Manusi purchase of tender is not allowed. It is mandatory for all the bidders to pay teader document fees to participate in tender
3. The bid data should be filled in and the bid seals of all the envelops and the documents which are to be uploaded by the bidders should be submitted online upto as per time schedule (Key Dates)
4 The relevant portion of tender w?uch tenderers have to fill online would be available on above website on date mentioned against each tender. The company reserves the right to reject any or all the renders or nocept any tender to full or part as considered advantageous to the company, whether it is lowest or not, without axingning any reason whatsoever it may be.
5 Since the onlme bidders are required to sign theit bids online using class III-Digital Certificates only, hence they are advised to obtain the same at the earliest. For further information, bidders are requested to comaci Madhya Pradesh State Electronic Development Corporation Led State IT Centre, 2nd Floor, 47 A Atora Hills, Bhopal-462011 Telephone Lomme.impsesk.com and suppsett-procenic.m No 0120-4001002/4200462/4001005, E-mail
Bidders intending to participate in the Tender are required to get themselves trained on the e Procurement System
7 The registration fee of Rs. 1 lakh deposted by the bidder with the MPPKVVCL for Class-A Electrical Contractors shall be deemed as EMD and the Bidders shall require to invariably upload a copy of the regotration certificate issued by the MPPKVVCL or Class Al to Class-A5 Contractor with EMD of 1One Percent) of bid value (Upto INR 50,000-Nil & Above INR 50.000-1%, subject to minimum INR 1.000 and maximum INR 1 lac) in Envelope in envelope-A without which anline offer te, Envelopes-B & C shall not be opened
8. The Micro & Small Enterprises (MSEs) of Madhya Pradesh Registered with District Industries Centre (DIC)/Khadi & Village industries Commission(KVIC)/Khadi & Village Industries Board(KVIB)/Coir Board/NSIC/Directorate of Handcraft and Handloom Udyog Andhar Memorandum(UAM)/UDYAM or any other body specified by Ministry of Micro,Small & Medium Enterprises of Madhya Pradesh on the date of Opening of tender for the tendered item(s) shall be exempted from payment of tender fee. In support of above the bidder's shall be required to upload the requisite documents on the portal of MP Tender, failing which their techno commercial bid shall not be considered for opening.
9. The icro & Small Enterprises (MSEs) of Madhya Pradesh Registered with District Industries Centre (DIC)/Khadi & Village industries Commission (KVIC)/Khadi & Village Industries Board(KVIB)/Coir Board/NSIC/Directorate of Handeraft and Handloom Udyog Aadhar Memorandum(UAM)/UDYAM or any other body specified by Ministry of Micro, Small & Medium Enterprises of Madhya Pradesh on the date of Opening of tender for the tendered item(s). The SSI unit of MP registered with DIC shall be exempted from payment of EMD on production of valid competency certificate. In support support of above the bidder's bidder's shall shall be required to upload the requisite documents on the portal of MP Tender, failing which their techno commercial bid shall not be considered for opening.
10. If the financial commitment in a tender exhaust but the time period remains, then the limit of financial commitment can be increased up to 50% percent of the award amount without increasing the time period.
11 The corrigendum or addendum to the bidding documents, if any, as well as any change in due daters of opening of tender will be published on the website https://mptenders.gov.in & also Company's website http//www.mpez.co in but will not be published in newspaper. Hence participant bidders are advised to regularly visit the websites until the bid opening. The Company shall not be responsible in any way for any ignorance of the bidders about the corrigendum or addendum or change in the due date(s).

**Superintending Engineer (O&M)**
**MPPKVVCL, PANNA**



**M.P. POORV KSHETRA VIDUT VITRAN Co. Ltd.**
Regd. office Block No. 8, 3rd Floor Shakti Bhavan Rampur, Jabalpur 482008 (M.P.)
CIN : U40109MP2002SGC015120 Tel. 0761-2666040, Extn. 270-2473/2424. Fax 0761-2660048
Website : www.mpez.co.in, email : ceprez@yahoo.in

SE (O&M)/ PUR/2752 DT 10-03-2025

**NOTECE INVITING TENDER**

Online tenders are invited from the Contractors having A class electrical license issued from Electrical Inspectorate, Govt of MP Bhopal and registered with the MPPKVVCL with registration fec of Rs 1 Lakh plus applicable GST or registered in QC Portal as erectionContractor EMPANELMENT Of ERECTION CONTRACTOR FOR SURVEY, INSTALLATION, TESTINT AND COMMISSION OF 33 KV LINE, 33/11 KV DIFFERENT CAPACITY ADDITIONAL PER, 33 KV ADDITIONA BAY UNDER DIFFERENT SCHEMES FY 2025-26 IN O&M CIRCLE PANNA as per scope of work detailed below:-

| SL. No. | TS No (For e- (For e- Tendering) Dircem-EZ/Pur | Particular of work | Approx Value (Rs in Lakh) WITHOUT GST. | Tender Fee (in Rs) | Due date & time of opening of of tender online from 14.30 Hrs |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SEO&M)/PUR/ 2757 DT 10-03 2025 (E-Tender No.2025 PKVV C 408622 1 DT 10-03-2025) | EMPANELMENT OF ERECTION CONTRACTORS FOR SURVEY, TESTING AND COMMISSIONING OF 11 additional bay, 11 KV LINE, 11/0.433 KV DISTRIBUTION TRANSFORMER AND LT LINE UNDER DIFFERENT SCHEMES FY 2025 26 IN O&M CIRCLE PANNA | 76.57 LAKH | 2360.00 (2000+ 360 18% Includin g) | 28-03-2025 |

Fions aiready regimered wah MPPKVVCL. Jabalpur and valid on the date of Bid opening, need not to regouer afresh
GST all be popathies as applicable the time of bading
NOTEL
1 Other details can be seen in the complete tender documents available on e-portal
2 Tooder documents can be purchased only online and download from main portal ?? by making online payment for the prescribed non refundable tender document foo. Only in case if the tender is dropped without opening, the tendet fecs shall be refunded alter deduction of necessary portal charges Manusi purchase of tender is not allowed. It is mandatory for all the bidders to pay teader document fees to participate in tender
3. The bid data should be filled in and the bid seals of all the envelops and the documents which are to be uploaded by the bidders should be submitted online upto as per time schedule (Key Dates)
4 The relevant portion of tender w?uch tenderers have to fill online would be available on above website on date mentioned against each tender. The company reserves the right to reject any or all the renders or nocept any tender to full or part as considered advantageous to the company, whether it is lowest or not, without axingning any reason whatsoever it may be.
5 Since the onlme bidders are required to sign theit bids online using class III-Digital Certificates only, hence they are advised to obtain the same at the earliest. For further information, bidders are requested to comaci Madhya Pradesh State Electronic Development Corporation Led State IT Centre, 2nd Floor, 47 A Atora Hills, Bhopal-462011 Telephone Lomme.impsesk.com and suppsett-procenic.m No 0120-4001002/4200462/4001005, E-mail
Bidders intending to participate in the Tender are required to get themselves trained on the e Procurement System
7 The registration fee of Rs. 1 lakh deposted by the bidder with the MPPKVVCL for Class-A Electrical Contractors shall be deemed as EMD and the Bidders shall require to invariably upload a copy of the regotration certificate issued by the MPPKVVCL or Class Al to Class-A5 Contractor with EMD of 1One Percent) of bid value (Upto INR 50,000-Nil & Above INR 50.000-1%, subject to minimum INR 1.000 and maximum INR 1 lac) in Envelope in envelope-A without which anline offer te, Envelopes-B & C shall not be opened
8. The Micro & Small Enterprises (MSEs) of Madhya Pradesh Registered with District Industries Centre (DIC)/Khadi & Village industries Commission(KVIC)/Khadi & Village Industries Board(KVIB)/Coir Board/NSIC/Directorate of Handcraft and Handloom Udyog Andhar Memorandum(UAM)/UDYAM or any other body specified by Ministry of Micro,Small & Medium Enterprises of Madhya Pradesh on the date of Opening of tender for the tendered item(s) shall be exempted from payment of tender fee. In support of above the bidder's shall be required to upload the requisite documents on the portal of MP Tender, failing which their techno commercial bid shall not be considered for opening.
9. The icro & Small Enterprises (MSEs) of Madhya Pradesh Registered with District Industries Centre (DIC)/Khadi & Village industries Commission (KVIC)/Khadi & Village Industries Board(KVIB)/Coir Board/NSIC/Directorate of Handeraft and Handloom Udyog Aadhar Memorandum(UAM)/UDYAM or any other body specified by Ministry of Micro, Small & Medium Enterprises of Madhya Pradesh on the date of Opening of tender for the tendered item(s). The SSI unit of MP registered with DIC shall be exempted from payment of EMD on production of valid competency certificate. In support support of above the bidder's bidder's shall shall be required to upload the requisite documents on the portal of MP Tender, failing which their techno commercial bid shall not be considered for opening.
10. If the financial commitment in a tender exhaust but the time period remains, then the limit of financial commitment can be increased up to 50% percent of the award amount without increasing the time period.
11 The corrigendum or addendum to the bidding documents, if any, as well as any change in due daters of opening of tender will be published on the website https://mptenders.gov.in & also Company's website http//www.mpez.co in but will not be published in newspaper. Hence participant bidders are advised to regularly visit the websites until the bid opening. The Company shall not be responsible in any way for any ignorance of the bidders about the corrigendum or addendum or change in the due date(s).
12. Last date for online submission of Bid is two days prior to the due date of opening of tender as per online key dates up to 17:30 Hrs. The same shall be opened as per key dates. The date of opening of Envelop A & Technical Bid shall be the date of opening of tender for all the purpose.

**Superintending Engineer (O&M)**
**MPPKVVCL, PANNA**



**M.P. POORV KSHETRA VIDUT VITRAN Co. Ltd.**
Regd. office Block No. 8, 3rd Floor Shakti Bhavan Rampur, Jabalpur 482008 (M.P.)
CIN : U40109MP2002SGC015120 Tel. 0761-2666040, Extn. 270-2473/2424. Fax 0761-2660048
Website : www.mpez.co.in, email : ceprez@yahoo.in

SE (O&M)/ PUR/2757 DT 11-03-2025

**NOTECE INVITING TENDER**

Online tenders are invited from the Contractors having A class electrical license issued from Electrical Inspectorate, Govt of MP Bhopal and registered with the MPPKVVCL with registration fee of Rs 1 Lakh plus applicable GST or registered in QC Portal as erection Contractor EMPANELMENT Of ERECTION CONTRACTOR FOR SURVEY, INSTALLATION, TESTING AND COMMISSION HG OF 33 KV LINE, 33/11 KV DIFFERENT CAPACITY ADDITIONAL PTR, 33 KV ADDITIONA BAY UNDER DIFFERENT SCHEMES FY 2025-26 IN O&M CIRCLE PANNA as per scope of work detailed below:-

| SL. No. | TS No (For e- Tendering) Discom-EZ/Pur | Particular of work | Approx Value (Rs in Lakh) WITHOUT GST. | Tender Fee (in Rs) | Due date & time of opening of of tender online from 14.30 Hrs |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SE(O&M)/PUR/ 2757 DT 11-03 2025 (E-Tender No.2025 PKVV C-409005 1 DT 11-03-2025) | EMPANELMENT OF ERECTION CONTRACTORS For Surved Installation TESTING AND COMMISSIONING OF 33 KV LINE, 33/11 KV DIFFERENT CAPACITY ADDITIONAL PTR, 33 KV ADDITIONA BAY UNDER DIFFERENT SCHEMES FY 2025 26 IN O&M CIRCLE PANNA | 10.97 LAKH | 2360.00 (2000+ 360 18% Including) | 28-03-2025 |

Firms already registered with MPPKVVCL Jabalpur and valid on the date of Bid opening, need not to register afresh.
657 shall be pryable extra as applicable at the time of bidding

**NOTE:**
1. Other details can be seen in the complete tender documents available on e-portal hysmmanders.gov.m
2. Tender documents can be purchased only online and download from main portal hups://mptenders.gov.m by making online payment for the prescribed non-refundable lendes document fees. Only in case if the tender is dropped without opening, the tender fees shall be refunded after deduction of necessary portal charges Manual purchase of tender is not allowed. It is mandatory for all the bidders to pay tender document fees to participate in tender
3 The bid data should be filled in and the bid seals of all the envelops and the documents which are to be uploaded by the bidders should be submitted online upto as per time schedule (Key Dates)
4. The relevant portion of tender which renderers have to fill online would be available on above website on date mentioned against each tender The company reserves the right to reject any or all the tenders or accept any tender in full or part as considered advantageous to the company, whether it is lowest or not, without assigning any reason whatsoever it may be
5. Since the online bidders are required to sign their bids online using class III - Digital Certificates only, hence they are advised to obtain the same at the earliest. For further information, bidders are requested to contact Madhya Pradesh State Electronic Development Corporation Ltd, State IT Centre, 2nd Floor, 47-A, Arera Hills, Bhopal-462011. Telephone No. 0120-4001002/4200462/4001005, E-mail: brahme@mpsedc.com and support-proc@nic.in
6. Bidders intending to participate in the Tender are required to get themselves trained on the e-Procurement System.
7. The registration fee of Rs. I lakh deposited by the bidder with the MPPKVVCL for Class-A Electrical Contractors shall be deemed as EMD and the Bidders shall require to invariably upload a copy of the registration certificate issued by the MPPKVVCL or Class- Al to Class-A5 Contractor with EMD of 1%(One Percent) of bid value (Upto INR 50,000-Nil & Above INR 50,000- @1%, subject to minimum INR 1,000 and maximum INR 1 lac) in Envelope in envelope-A without which online offer i.e., Envelopes-B & C shall not be opened
8. The Micro & Small Enterprises (MSEs) of Madhya Pradesh Registered with District Industries Centre (DIC)/Khadi Commission(KVIC)/Khadi & & Village industries Village Industries Board(KVIB)/Coir Board/NSIC/Directorate of Handcraft and Handloom / Udyog Aadhar Memorandum(UAM)/UDYAM or any other body specified by Ministry of Micro Small && Modium Enterprises of Madhya Pradesh on the date of Opening of tender for the tendered items(s) shall be exempeted from payment of tender fee. In support of above the bidder's shall be required to upload the requisite documents on the portal of MP Tender, failing which their techno commercial bid shall not be considered for opening.
9. The Micro & Small Enterprises (MSEs) of Madhya Pradesh Registered with District Industries Centre (DIC)/Khadi & Village industries Commission (KVIC)/Khadi & Village Industries Board(KVIB)/Coir Board/NSIC/Directorate of Handcraft and Handloom / Udyog Aadhar Memorandum(UAM)/UDYAM or any other body specified by Ministry of Micro, Small & Medium Enterprises of Madhya Pradesh on the date of Opening of tender for the tendered item(s). The SSI unit of MP registered with DIC shall be exempted from payment of EMD on production of valid competency certificate. In support of above the bidder's shall be required to upload the requisite documents on the portal of MP Tender, failing which their techno commercial bid shall not be considered for opening.
10. If the financial commitment in a tender exhaust but the time period remains, then the limit of financial commitment can be increased up to 50% percent of the award amount without increasing the time period.
11. The corrigendum or addendum to the bidding documents, if any, as well as any change in due date(s) of opening of tender will be published on the website https://mptenders.gov.in & also Company's website http://www.mpez.co.in but will not be published in newspaper. Hence participant bidders are advised to regularly visit the websites until the bid opening. The Company shall not be responsible in any way for any ignorance of the bidders about the corrigendum or addendum or change in the due date(s).

**Superintending Engineer (O&M)**
**MPPKVVCL, PANNA**

सागर, गुरूवार 13 मार्च 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# भेदभाव-दमन का परिणाम है ट्रेन अपहरण

पाकिस्तान के अलगाववादी संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने मंगलवार को जाफर एक्सप्रेस ट्रेन का अपहरण कर संकेत दिया कि बलूचिस्तान को पाकिस्तान से अलग करने की मांग खत्म नहीं हुई है। बलूचिस्तान के क्वेटा से सुबह 9 बजे यह ट्रेन पेशावर के लिये निकली थी। दोपहर 1.30 बजे सिब्बी पहुंचने वाली इस ट्रेन को उसके पहले पहाड़ी रास्तों से गुजरना होता है जहां 17 सुरंगें पड़ती हैं। बताया गया कि इसमें लगभग 500 यात्री सवार थे जिनमें 100 से ज्यादा पाक सेना के जवान थे। इसलिये इस ट्रेन के अपहरण और हमले की योजना बनाई गई। पहले भी इस ट्रेन पर हमले हो चुके हैं। इस बार बोलान के माशफाक टनल में अलगाववादियों ने इसे कब्जे में ले लिया।

अपहरणकर्ताओं की मांग है कि पाकिस्तान की जेलों में बन्द सभी बलोच नेताओं को छोड़ा जाये। वैसे तो उन्होंने महिलाओं, बच्चों तथा बलूचियों को मुक्त कर दिया लेकिन सैनिकों को कब्जे में रखा हुआ है। कुछ यात्रियों के भी अपने कब्जे में होने का उन्होंने दावा किया है। उन्होंने धमकी दी है कि यदि बलूची नेता रिहा नहीं हुए तो हर घंटे 5 पाक सैनिकों को वे मारेंगे। वैसे पाकिस्तानी सेना ने जवाबी कार्रवाई करते हुए अनेक बन्धकों को छुड़ा लिया। उनका दावा है कि इस ऑपरेशन में 16 चरमपंथी मारे गये। दूसरी तरफ यह भी बताया जाता है कि अपहरणकर्ताओं ने ट्रेन पर गोले दागे तथा ट्रेन को घेर लिया है। कुछ यात्रियों के मरने की भी खबरें हैं। दुर्गम इलाका होने के कारण वहां बचाव व राहत में मुश्किलें आ रही हैं।

इस घटनाक्रम को समझने के लिये इतिहास में उतरना होगा। जब से भारत को आजादी मिली तभी से बलूचियों की यह मांग रही है कि उन्हें पाकिस्तान से अलग होना है। बलूचियों का मानना रहा है कि अंग्रेजी शासनकाल के पहले से ही उसका स्वतंत्र अस्तित्व रहा है लेकिन जब भारत को आजादी मिली तथा उसे दो मुल्कों में बांट दिया गया तब गलत तरीके से बलूचिस्तान को पाकिस्तान में मिलाया गया। तथ्यात्मक रूप से यह सही भी है। आरम्भिक वर्षों में तो इसकी शांतिपूर्ण तरीके से मांग होती रही लेकिन पाकिस्तान सरकार के दमन से मामला बिगड़ गया। प्रशासन में पंजाब को मिलते महत्व से बलूचिस्तान की वैसी ही उपेक्षा हुई जिस प्रकार सिंध की होती है तथा कभी उसके पूर्वी पाकिस्तान कहे जाने वाले वर्तमान बांग्लादेश की हुई थी। देश के भूगोल में इस प्रांत की 44 फीसदी की हिस्सेदारी है। ईरान, अफगानिस्तान तथा अरब सागर से घिरा यह इलाका प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है लेकिन उसका लाभ यहां के लोगों को बहुत कम मिलता है। पंजाब प्रांत के कारोबारियों का इस पर वर्चस्व है। गरीबी, बेरोजगारी, अशिक्षा आदि के अलावा यहां के लोगों को बुनियादी सुविधाओं का बेहद अभाव है। बलूचियों व पश्तूनों वाले इस क्षेत्र की पहचान तथा संस्कृति को मिटाने के आरोप भी पाकिस्तानी सरकार पर लगते रहे हैं- फिर वह चाहे किसी की भी रही हो।

1971 में जब बांग्लादेश की अवाम ने सशस्त्र विद्रोह कर पाकिस्तान से मुक्ति पाई थी, तब यहां भी बलूचिस्तान को स्वतंत्र करने के लिये कई राष्ट्रवादी संगठन बने जिनमें से कुछ ने हथियारबन्द विद्रोह का रास्ता अपनाया। इनमें से कुछ का अस्तित्व पहले से था लेकिन उन सभी को बांग्लादेश की घटना से प्रेरणा एवं उत्साह मिला था। बांग्लादेश के घटनाक्रम से कोई सबक न लेकर पाक सरकार ने पूर्ववत रवैया जारी रखा। उस दौरान जब राष्ट्रवादी संगठनों की हलचलें तेज़ हुईं तो पाकिस्तानी सेना द्वारा 'ऑपरेशन सर्चलाइट' चलाकर हजारों बलूचियों को या तो गिरफ्तार किया गया या मार डाला गया। कई नौजवान लापता हो गये जिनके बारे में कहा जाता है कि वह सेना की ही करतूत थी। बीएलए के सबसे सम्मानित नेताओं में से एक तथा बलूचिस्तान के पूर्व मुख्यमंत्री अकबर खान बुगती की हत्या में पाक सेना का हाथ बतलाया जाता है। सेना की मदद से उनके स्थान पर नवाब खैर बख्श के बेटे बालाच मिरी को प्रांत का सीएम बनाया गया और बाद में उनकी भी हत्या करवाने का आरोप सेना पर लगता रहा है।

जुल्फिकार अली भुट्टो के शासनकाल में पाकिस्तान सरकार के खिलाफ बलोचों ने सशस्त्र विद्रोह किया था। अनेक शासकीय संस्थानों पर उन्होंने हमले किये थे। भुट्टो का तख्तापलट होने के बाद आये सैन्य तानाशाह जिया उल हक ने उन नेताओं से बातचीत कर उन्हें आश्वासन दिया था कि वे सुनिश्चित करेंगे कि बलूचिस्तान के साथ अन्याय न हो। इसके बाद अलगाववादियों की कार्रवाइयों में कमी आई तथा बीएलए भी शांत हो गयी। चूंकि पाकिस्तान सरकार का रवैया पूर्ववत जारी रहा इसके कारण साल 2000 से अनेक संगठनों की सक्रियता बढ़ी, जिनमें बीएलए भी शामिल है। मैरी और बुगती जनजातियों के लड़ाकों द्वारा चलाये जा रहे इस आंदोलन के बारे में माना जाता है कि वे बलूचिस्तान को विदेशी शक्तियों, खासकर चीन के प्रभाव से मुक्त करना चाहते हैं और यह तभी सम्भव है जब वह पाकिस्तान से पृथक हो।

वैसे तो यह पूरी तरह से पाकिस्तान का अंदरूनी मामला है लेकिन वहां की सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिये कि बलोच नागरिकों के साथ न तो कोई भेदभाव हो और न ही दमन। उस इलाके में उपलब्ध संसाधनों तथा अवसरों पर उनका भी हक हो। एक अलग मुल्क बनने के वक्त से ही पाकिस्तान के ज्यादातर गैर-पंजाबी सूबों की शिकायत रही है कि उनके साथ नाइंसाफी होती है। ट्रेन अपहरण भी उसी का परिणाम है। हालांकि हिंसा का रास्ता छोड़ लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन कर अपनी बात मनवाने की कोशिश ही किसी भी समस्या को सुलझाने का बेहतर तरीका होता है। अपहरण जैसी घटनाओं से निर्दोषों पर जुल्म होता है, और दमनकारी शक्तियों को शिकंजा कसने का और बहाना मिल जाता है।

# होली पर पानी होने और दिल की सियाही धोने की जरूरत

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

मुहय्या सब है अब अस्बाब-ए-होली
उठो यारो भरो रंगों से झोली।

शायर शैख़ ज़हूरूद्दीन हातिम ने होली के मुबारक मौके पर रंगों से झोली भरने की बात को अपने तरीके से शायराना अंदाज में कहा। ऐसा करने वाले वे अकेले नहीं थे, अनगिनत शायरों ने सदियों से होली, दीवाली, जन्माष्टमी, ईद ऐसे तमाम मौकों के लिए रचनाएं लिखीं और समाज ने उनका आनंद भी लिया। नज़ीर अकबराबादी की मशहूर रचना है-

जब फागुन रंग झमकते हों,
तब देख बहारें होली की।

आज भी ऐसी रचनाएं लिखी जा रही हैं, लेकिन अब उन्हें देखने-सुनने और समझने का नजरिया शायद बदल गया है। अब त्योहार समाज के न होकर धर्मविशेष के दायरे में सीमित किए जा रहे हैं और वही बर्ताव भाषा के साथ भी हो रहा है। इंडिया या हिंदुस्तान की जगह भारत कहने पर जोर दिया जा रहा है। हालांकि इस भारत में भी देश की जो मूल भावना है उसे ठेस पहुंचाई जा रही है। अभी संसद में इसका उदाहरण सामने आया, जिसमें भाषा विवाद पर सही तरीके से अपनी बात रखने की जगह केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने अपमानजनक शब्दों का उपयोग किया, जिसे बाद में कार्रवाई से हटाना पड़ा। श्री प्रधान ने तमिलनाडु की सरकार को न केवल अलोकतांत्रिक कहा, बल्कि असभ्य भी कह दिया। केन्द्रीय मंत्री ने भले ही यह बात तैश में आकर कही हो, लेकिन इसमें मन में छिपी भावना ही उजागर हुई। अपने से अलग लोगों को कमतर आंकने की मनोवृत्ति बहुतों में होती है। वही चीज संसद में सोमवार को नजर आई, और बाकी देश में भी अब यह बात खुलकर दिखाई दे रही है कि जो आप जैसा नहीं है, वो या तो गलत है, या कमजोर है और आप उसका अपमान जब चाहें कर सकते हैं।

बात शुरु हुई थी होली पर शायरी से, जिन शायर हातिम की शायरी का जिक्र शुरु में किया गया, उनका जन्म दिल्ली में 1699 में हुआ और मृत्यु 1783 में। यानी मुगल बादशाह औरंगजेब के आखिरी बरसों में शायर शैख़ ज़हूरूद्दीन हातिम इस दुनिया में आए और उसके बाद अपने जीवन में उन्होंने दिल्ली में नादिर शाह के आक्रमण से लेकर मराठाओं का आना, मुगल साम्राज्य के कमजोर पड़ने, सिखों के दिल्ली में आने तक की सारी उथल-पुथल देखी होगी। लेकिन फिर भी उन्होंने होली को अपनी शायरी का विषय बनाया तो यह माना जा सकता है कि जिस वक्त अलग-अलग धर्मों के शासक दिल्ली पर कब्जे के लिए लड़ रहे थे, साथ ही बाहरी आक्रमण भी हो रहे थे, जिनमें लूटपाट के बाद बड़ी संख्या में लोग कत्ल किए जा रहे थे, तब भी एक समाज के तौर पर उस वक्त के हिंदुस्तान में लोगों में प्रेम का भाव था। सिंहासन का धर्म कुछ भी हो, समाज में इंसानियत का धर्म निभाया जाता रहा होगा। अगर ऐसा नहीं होता, तो इस्लाम को मानने वाला एक व्यक्ति हिंदू धर्म पर खुशियां मनाने की बात क्यों कहता। और होली तो मोहब्बत और भाईचारे का ही त्योहार है। होली का जिक्र आते ही होलिका दहन करना और बुराइयों को जलाकर खाक करने की बात ध्यान में आने से पहले उड़ते हुए रंग-गुलाल, फाग, और एक-दूसरे को रंग लगाते, गले मिलते लोग याद आते हैं। इस दिन सारे तनावों, नफरतों, दुश्मनी और नाराजगी को रंगों में उड़ाने की परंपरा चली आई है। लेकिन अब लाल, गुलाबी, पीले, हरे, केसरिया रंगों को नफरत के रंग से फीके करने की नयी कोशिश शुरु हो हई है।

> **जिस वक्त अलग-अलग धर्मों के शासक दिल्ली पर कब्जे के लिए लड़ रहे थे, साथ ही बाहरी आक्रमण भी हो रहे थे, जिनमें लूटपाट के बाद बड़ी संख्या में लोग कत्ल किए जा रहे थे, तब भी एक समाज के तौर पर उस वक्त के हिंदुस्तान में लोगों में प्रेम का भाव था। सिंहासन का धर्म कुछ भी हो, समाज में इंसानियत का धर्म निभाया जाता रहा होगा। अगर ऐसा नहीं होता, तो इस्लाम को मानने वाला एक व्यक्ति हिंदू धर्म पर खुशियां मनाने की बात क्यों कहता। और होली तो मोहब्बत और भाईचारे का ही त्योहार है।**

बेशक कुछ लोगों के लिए होली का त्योहार हुड़दंग मचाने, नशा करके उपद्रव करने, दूसरों को परेशान करने का अच्छा मौका होता है, लेकिन अब तो उमंग के इस त्योहार को दुश्मनी निभाने के त्योहार में बदला जा रहा है। उत्तरप्रदेश में संभल में सीओ अनुज चौधरी ने शांति समिति की बैठक में कहा कि होली का दिन वर्ष में एक बार आता है, जबकि जुमा साल में 52 बार आता है। अगर किसी को लगता है होली के रंग से उसका धर्म भ्रष्ट होता है तो वह उस दिन घर से ना निकले। यह समझना कठिन है कि बैठक शांति बनाए रखने के लिए थी, या अल्पसंख्यकों को धमकाने के लिए। हैरत इस बात की है कि भाजपा के नेताओं को इस बयान में कुछ गलत नहीं लगा। इसके बाद तो बाकी जगहों पर भी इसी तरह की बयानबाजी शुरु हो गई। कहीं मुसलमानों को घर से न निकलने की नसीहत दी गई, तो कहीं उन्हें हिजाब पहनकर बाहर निकलने कहा गया।

यह ठीक है कि होली की मस्ती में कुछ लोग उन पर भी रंग डाल देते हैं जो रंग नहीं खेलना चाहते, इनमें हिंदू भी होते हैं और दूसरे धर्मों के लोग भी। इसलिए कायदा तो यही है कि जिसे रंग से परहेज रखना है, उसे रखने दिया जाए। दूसरी बात होली शुक्रवार को पड़ रही है तो जाहिर है नमाज के लिए लोग मस्जिद जाएंगे, तो अपनी खुशी मनाते हुए दूसरे की सुविधा और भावना का ख्याल रखना कौन सा कठिन काम है, जिन्हें नमाज पढ़ने जाना है, उन्हें बेखौफ आने-जाने दिया जाए। इसमें सबकी खुशी रहेगी। और जो इस बात को न माने उसे पुलिस प्रशासन अपना खौफ दिखाए। लेकिन हुड़दंगियों को इस तरह समझाइश देने की जगह उल्टा उन्हें बढ़ावा देने की कोशिश हो रही है। किसी को तंग करने के इरादे से रंग डालने वाले लोग आराम से कहेंगे कि इन्हें तो पहले ही घर पर रहने कहा गया था, ये बाहर क्यों निकले। इस तरह की हरकतों से परपीड़ा का सुख कुछ वक्त के लिए हासिल हो जाएगा, लेकिन उससे समाज का और उससे भी बढ़कर धर्म का कितना नुकसान होगा, यह भी विचार कर लेना चाहिए।

होली के अलावा अब तो दशहरे, रामनवमी के जुलूस, तरह-तरह की शोभायात्राओं में भी अल्पसंख्यकों को परेशान करने के बहाने तलाशे जा रहे हैं। यानी हिंदुओं के त्योहारों को डर और आतंक फैलाने का जरिया बनाया जा रहा है। और जब ईद या क्रिसमस आए, तब भी उपद्रव करने के मौके तलाशे जा रहे हैं। व्यापक हिंदू समाज को अब विचार करना चाहिए कि धर्म बचाने के नाम पर जिस तरह एक पूरी पीढ़ी को नफरत और उन्माद में आपादमस्तक डुबो दिया गया है, उसमें धर्म का कितना नुकसान हो चुका है।

जब मध्यकाल में, गुलामी के दौर में, अलग-अलग शासकों के राज में हिंदुस्तान की गंगा-जमुनी तहजीब बची रही तो अब आजादी के 75 साल बाद लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष भारत में एक धर्म के लोग दूसरे धर्म के लोगों को डराने का काम क्यों हो रहा है और कौन सी देशविरोधी ताकतें इसे बढ़ावा दे रही हैं, इसे समझने की जरूरत है।

शायर शेख़ ज़हूरूद्दीन हातिम का ही एक और शेर है-

कपड़े सफ़ेद धो के जो पहने तो क्या हुआ

धोना वही जो दिल की सियाही को धोइए।

बाकी होली के खास मौके पर आज के एक और शायर राघवेंद्र द्विवेदी ने खूब कहा है कि-

सब का अलग अंदाज़ था सब रंग रखते थे जुदा,
रहना सभी के साथ था सो खुद को पानी कर लिया।
होली मुबारक!

# नेशनल पीपुल्स कांग्रेस के बाद चीन ट्रम्प के टैरिफ युद्ध के लिए तैयार

■ नित्य चक्रवर्ती

चीन की 14वीं नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) का एक सप्ताह लंबा सत्र मंगलवार 11 मार्च को बीजिंग में सम्पन्न हो गया, जिसमें राष्ट्रपति और कम्युनिस्ट पार्टी के सुप्रीमो शी जिनपिंग ने स्पष्ट किया कि चीन संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा अपने दूसरे कार्यकाल में वैश्विक व्यवस्था में किये गये व्यवधानों का कूटनीति और देश की अर्थव्यवस्था की बढ़ी हुई ताकत दोनों के माध्यम से सामना करेगा।

एनपीसी सत्र, जो संसद की तरह काम करता है, राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा अमेरिका को चीनी वस्तुओं के निर्यात पर बढ़े हुए टैरिफ लगाने की घोषणा के एक दिन के भीतर 5 मार्च को शुरू हुआ। चीन ने तुरंत पारस्परिक टैरिफ वृद्धि लगाने की घोषणा की। 1.4अरब चीनी आबादी के हर वर्ग का प्रतिनिधित्व करने वाले 3,000 से अधिक प्रतिनिधियों ने राजनीतिक रिपोर्ट पर चर्चा की और ट्रम्प द्वारा बनायी गयी वर्तमान वैश्विक उथल-पुथल से निपटने के तरीके पर अपने विचार व्यक्त किये, और फिर शी जिनपिंग आर्थिक और कूटनीति दोनों के संदर्भ में मजबूत बनकर उभरे।

जहां एक ओर, 2025 के लिए 5 प्रतिशत आर्थिक विकास लक्ष्य, हरित विकास को लगातार बढ़ावा देना, पड़ोसी देशों के साथ मित्रता बनाने के सिद्धांत और खुलेपन और समावेशिता की चीन की नीति दुनिया की अपेक्षाओं के अनुरूप हैं, वहीं दूसरी ओर, एनपीसी के दो सत्र चीन की लोकतांत्रिक और शासन प्रथाओं का एक केंद्रित थे।

> **जहां एक ओर, 2025 के लिए 5 प्रतिशत आर्थिक विकास लक्ष्य, हरित विकास को लगातार बढ़ावा देना, पड़ोसी देशों के साथ मित्रता बनाने के सिद्धांत और खुलेपन और समावेशिता की चीन की नीति दुनिया की अपेक्षाओं के अनुरूप हैं, वहीं दूसरी ओर, एनपीसी के दो सत्र चीन की लोकतांत्रिक और शासन प्रथाओं का एक केंद्रित थे। दो सत्रों में प्रौद्योगिकी और आजीविका प्रमुख विषयों के रूप में उभरे।**

दो सत्रों में प्रौद्योगिकी और आजीविका प्रमुख विषयों के रूप में उभरे। चीन के घरेलू एआई मॉडल डीपसीक के दैनिक सक्रिय उपयोगकर्ता 300 लाख से अधिक हो गये हैं, बुजुर्गों की देखभाल करने वाले रोबोट अवधारणा से वास्तविकता की ओर बढ़ रहे हैं, और कम ऊंचाई वाली अर्थव्यवस्था एक ट्रिलियन-युआन बाजार में बढ़ रही है। दुनिया चीन की तकनीकी प्रगति को जीवन में सुधार करते हुए देख रही है, यह सहयोग के नये अवसर भी देख रही है।

इस वर्ष के सत्रों ने विनिर्माण में विदेशी निवेश प्रतिबंधों को पूरी तरह से हटाने और दूरसंचार और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों में बाजार पहुंच को आसान बनाने सहित उच्च-स्तरीय खुलेपन का विस्तार करने के कार्य को और स्पष्ट किया है।

14वींएनपीसी के बारे में महत्वपूर्ण बात यह भी है कि जहां ट्रम्प के नेतृत्व में अमेरिका बड़ी संख्या में देशों के साथ व्यापार में तनाव पैदा करने वाली एक अलगाववादी नीति का पालन कर रहा है, वहीं चीन ने व्यापार और निवेश के क्षेत्रों में अन्य देशों के साथ अपने व्यवहार में खुलापन और पारदर्शिता की पेशकश की है। वास्तव में, जहां एक ओर ट्रम्प वैश्वीकरण से पीछे हट रहे हैं, वहीं चीन वैश्वीकरण के नेता के रूप में उस खाली स्थान पर बहुत अधिक व्यवस्थित आधार पर कदम रख रहा है।

चीन के 1.4अरब लोगों की खपत उन्नयन की ज़रूरतें और औद्योगिक परिवर्तन क्षमता वैश्विक वस्तुओं, प्रौद्योगिकियों और सेवाओं के लिए विशाल अवसर प्रदान करती हैं। एआई, हरित ऊर्जा और डिजिटल अर्थव्यवस्था जैसे क्षेत्रों में खुलापन और सहयोग वैश्विक तकनीकी क्रांति को गति देगा, जबकि जलवायु परिवर्तन, सार्वजनिक स्वास्थ्य और अन्य क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय सहयोग में चीन का अनुभव वैश्विक शासन प्रणाली के सुधार में पूरब के ज्ञान में योगदान देता है।

चीन के विशेषज्ञों के अनुसार, राष्ट्रपति ट्रम्प यूक्रेन शांति समझौते को जल्दबाज़ी में करने की कोशिश कर रहे हैं ताकि वह अपने कार्यकाल के कुछ समय बाद प्रस्तावित शिखर सम्मेलन में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग का अधिक मजबूती से मुकाबला कर सकें। विशेषज्ञों का मानना है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उच्च प्रौद्योगिकी के कई अन्य क्षेत्रों में चीनी वर्चस्व के परिणामस्वरूप ट्रम्प की सौदेबाजी की शक्ति कम हो गयी है, जिस पर पहले अमेरिका का एकमात्र वर्चस्व था। परिणामस्वरूप, जब भी यह शिखर सम्मेलन आयोजित होगा, चीनी राष्ट्रपति ट्रम्प के मुकाबले कहीं अधिक लाभप्रद स्थिति में होंगे।

एनपीसी का सत्र चीन के भविष्य के विकास को आकार देने में एक महत्वपूर्ण बिंदु के रूप में कार्य करता है और दुनिया के लिए चीन की नीतियों और अवसरों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण खिड़की है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए, चीन के साथ काम करना परेशानी मुक्त होगा और अंतरराष्ट्रीय व्यापार की सर्वोत्तम प्रथाओं पर आधारित होगा।

जैसा कि पूर्व रक्षा सचिव राहुल सिंह ने द वायर में अपने हालिया लेख में समझाया है, यूक्रेन की खनिज संपदा के 50प्रतिशत पर अमेरिकी नियंत्रण को अमेरिकी हथियारों के हस्तांतरण की लागत से जोड़ना, जिसका अनुमान ट्रम्प ने 350अरब लगाया है, एक चतुराईपूर्ण भ्रामक बात है। चीन के पास दुर्लभ पृथ्वी का सबसे बड़ा भंडार है और गैलियम के वैश्विक उत्पादन का 98प्रतिशत, जर्मेनियम का 60प्रतिशत, ग्रेफाइट का 70प्रतिशत, टंगस्टन का 80प्रतिशत और एंटीमनी का 48प्रतिशत हिस्सा है।

इसने गैलियम और जर्मेनियम और अन्य दुर्लभ खनिजों के अमेरिका को निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है। अमेरिका को विभिन्न रक्षा अनुप्रयोगों, विशेष रूप से उच्च-स्तरीय अर्धचालकों और अन्य दोहरे उपयोग वाली वस्तुओं और प्रौद्योगिकियों के निर्माण के लिए इनकी आवश्यकता होती है। चीन ने सेमी कंडक्टर और चिप्स में बड़ी सफलता हासिल की है और कुछ प्रमुख वस्तुओं के लिए पहले अमेरिका पर निर्भरता अब नहीं रही।

यह चीनी प्रतिबंध यूक्रेन के खनिज भंडारों, विशेष रूप से गैलियम और जर्मेनियम के उपनिवेशीकरण को आगे बढ़ाने वाला इंजन है। अमेरिकी निर्यात नियंत्रकों द्वारा संवेदनशील वस्तुओं और प्रौद्योगिकियों, विशेष रूप से अर्धचालकों से संबंधित, के वर्षों से व्यवस्थित इनकार के जवाब में, चीन ने संवेदनशील वस्तुओं और प्रौद्योगिकियों की प्रमुख श्रेणियों में आत्मनिर्भरता के लिए भारी निवेश किया है।

चीन सौर और दुर्लभ भूसामग्री जैसी हरित प्रौद्योगिकी में अग्रणी के रूप में उभरा है, जहां खनन से प्रसंस्करण तक की पूरी आपूर्ति श्रृंखला का स्वामित्व उसके पास है। यह अपने उच्च और मध्यम तकनीक उद्योगों को शक्ति प्रदान करने के लिए दुनिया में सबसे अधिक संख्या में उच्च गुणवत्ता वाले स्टेम स्नातकों का उत्पादन करता है। यह खनन और खनिज, धातुकर्म और रासायनिक इंजीनियरिंग वस्तुओं में विश्व में अग्रणी है। चीन के विशेषज्ञ इस तथ्य का विशेष उल्लेख करते हैं कि अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कंपनियां, जो हमेशा चीन में अपने निवेश से लाभान्वित होती रही हैं, व्यथित हैं और बहुत जल्द, ट्रम्प को उनसे प्रतिक्रिया मिलनी शुरू हो जायेगी।

विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) द्वारा वैश्विक व्यापार नियम बनाये जाते हैं। ट्रम्प डब्ल्यूटीओ के मौजूदा नियमों की परवाह किये बिना एकतरफा निर्णय ले रहे हैं। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में चीन वैश्विक व्यापार और कूटनीति में अमेरिका के मुकाबले खुद को अधिक लाभप्रद स्थिति में रखने के लिए ट्रम्प के व्यवधानों के खिलाफ सावधानी से आगे बढ़ रहा है। सप्ताह भर चलने वाली नेशनल पीपुल्स कांग्रेस में विचार-विमर्श चीनी सरकार को सामूहिक रूप से अपनी भू-आर्थिक और राजनीतिक रणनीति को अपडेट करने में सक्षम बनाने के लिए सही समय पर किया गया।



## ललित सुरजन की कलम से

# त्रिपुरा के बाद?

*'एक विहंगम दृष्टि डालें तो हमें समझ आता है कि उत्तर-पूर्व के किसी भी प्रांत में भारतीय जनता पार्टी की मूलरूप से कोई प्रभावी स्थिति नहीं है। वह जिन राज्यों में सत्तारूढ़ है वहां उसने अधिकतर जोड़-तोड़ से सत्ता हासिल की है। सबसे पहले असम में हिमंत विश्व शर्मा जैसे अवसरवादी कांग्रेसी नेता को उसने तोड़ लिया। शर्मा जोड़-तोड़ में अवश्य माहिर होंगे, लेकिन उसकी भी कोई सीमा होती है। अरुणाचल में भाजपा ने जो खेल किया उसकी परिणति एक पूर्व मुख्यमंत्री की आत्महत्या में हुई। अरुणाचल और मणिपुर दोनों में सत्तालोलुप राजनेता ही भाजपा के साथ जुड़े। यही स्थिति नगालैण्ड, त्रिपुरा और मेघालय में दिखाई दे रही है। इसके परिणाम दीर्घकाल में अच्छे नहीं होंगे।'*

*'नरेन्द्र मोदी और अमित शाह के शब्दकोष में राजनैतिक शुचिता जैसी कोई संज्ञा नहीं है। आप पिछली सरकारों को चाहे जितना कोसते रहें, लेकिन स्वयं आपने क्या किया है, इसके बारे में जनता आज नहीं तो कल सवाल अवश्य पूछेगी।'*

**(देशबंधु में 08 मार्च 2018 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2018/03/blog-post.html

## पावन प्रसंग

# शिकायत नहीं धन्यवाद करें

बादशाह महमूद शिकार करके अपने नौकर के साथ लौट रहे थे। राह चलते वे भटक गया। भूख लगी तो एक वृक्ष के नीचे खड़े हो गए-जो फलों से लदा हुआ था। वृक्ष अपरिचित था, सो फल भी अनजान। बादशाह महमूद ने उसे तोड़ा और चाकू निकाल कर एक टुकड़ा काटकर नौकर को दिया। यह उसका स्वभाव था। वह नौकरों-सेवकों को वही सम्मान देता था, जो अपने परिजनों को। नौकरों का शोषण करके, उनका पेट काट करके वह अपना क्रोष नहीं बढ़ाता था। उन्हें अभाव में रखकर बाहर दान-पुण्य, परोपकार करना वह छलावा व पाप समझता था। उसे धर्म के मर्म की बखूबी समझ थी। नौकर ने खाया। बड़े अहोभाव से कहा-'थोड़ा और।'

इस तरह फल का तीन हिस्सा वह खा गया। वह और मांगने लगा। इस दौरान वे चलते-चलते आगे निकल आए थे, सो और फल तोड़ना भी संभव न था। महमूद ने कहा- 'अब एक टुकड़ा मुझे खाने दे।' पर वह नहीं माना और फल छीनने लगा। बादशाह ने फल को जल्दी से मुंह में डाल लिया। इतनी कड़वी चीज उसने अपने जीवन में कभी न चखी थी। उसने थूक दिया और नौकर से पूछा- 'यह जहर है- तूने बताया क्यों नहीं? खाया क्यों?'

नौकर ने कहा-'जिन हाथों से इतने स्वादिष्ट फल मिले हों, उन हाथों से मिले एक कड़वे फल की क्या शिकायत।' महमूद ने नौकर को कलेजे से लगा लिया। शिकायत दूर करती है; धन्यवाद पास लाता है; सख्ती-शोषण सर्वनाश करता है; सहयोग-समत्व-समर्पण विकास का द्वार बनता है। हमारी पात्रता क्या है? योग्यता क्या है? सामर्थ्य क्या है? कुछ भी नहीं। कितना कुछ मिला है हमें, जो बहुतों के लिए सपना है। यह उसकी अनुकंपा है, उसका प्रसाद है। इसके लिए हम उसके प्रति अहोभाव से नहीं भरते, उसे कभी धन्यवाद देकर उसके प्रति समर्पित नहीं होते। उससे हमेशा और की मांग करते रहते हैं। उससे मनमानी चीजें न मिलने पर शिकायत करते रहते हैं। नहीं! धन्यवाद दें। शिकायत न करें। शिकायत करेंगे तो उसकी जो लहरें दिल में उठती हैं, वे भी धीरे-धीरे खो जाएगी।

शिकायती हृदय से उपासना असंभव है। जितनी ज्यादा भूख होगी धन-संपदा की, उतनी ही ज्यादा शिकायतें होंगी, उतना ही परमात्मा से फासला बढ़ेगा। इस बारीकी को बहुत गहराई से समझना होगा। धन्यवाद व अनुग्रह के भाव से उसकी अंतस में उठती लहरें बड़ी होती जाएंगी। एक दिन सब किनारे, सीमाएं ध्वस्त हो जाएंगी और हम सागर में, सागर हम में उतर जाएगा।

हम ऐसा नहीं कर पाते। जितना ही हमें मिलता है, उतने ही हम दरिद्र हो जाते हैं। हम उसे यों ही स्वीकार लेते हैं और कहते हैं- 'यह कुछ भी नहीं, और चाहिए, बहुत कुछ।' हमारी इच्छाओं और वासनाओं का कोई अंत नहीं।

**-अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# रोज़गार के हर क्षेत्र में महिलाएं सशक्त हैं

जब हम रोजगार की बात करते हैं, तो सबसे पहले हमारे मन में संगठित क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों की छवि उभरती है। लेकिन समाज के असली नायक वे लोग होते हैं जो असंगठित क्षेत्र में रहकर भी अपने हौसले से रोजगार के नए आयाम गढ़ते हैं। खासकर महिलाओं की भूमिका इस क्षेत्र में कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है, क्योंकि वे न केवल अपने परिवार की ज़िम्मेदारी उठा रही हैं, बल्कि आत्मनिर्भरता की मिसाल भी कायम कर रही हैं। राजस्थान की राजधानी जयपुर की गलियों, बाज़ारों और सरकारी इमारतों के बाहर ऐसी कई महिलाएं अपने छोटे-छोटे व्यवसायों के माध्यम से रोज़गार करती नज़र आ जाएंगी। उनके संघर्ष में सिर्फ आजीविका का सवाल नहीं, बल्कि एक बेहतर भविष्य की उम्मीद भी छुपी हुई है।

48 वर्षीय केसरी देवी की दिनचर्या सुबह जल्दी शुरू होती है। जयपुर के झालाना इंस्टीट्यूशनल एरिया की मुख्य सड़क पर उनका छोटा-सा चाय का ठेला है, जहां वे ग्राहकों के लिए चाय, बिस्कुट, सिगरेट, तंबाकू और रोजमर्रा के काम आने वाले छोटे-छोटे सामान बेचती हैं। उनके पति पहले दैनिक मजदूरी करते थे, लेकिन लगातार खराब होते स्वास्थ्य के कारण अब घर पर ही रहते हैं। ऐसे में केसरी देवी ने हिम्मत दिखाई और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए खुद कमाने का निर्णय लिया। वह बताती हैं, शुरुआत में डर लग रहा था कि मैं यह काम कर भी पाऊंगी या नहीं। लेकिन अब मैं इस काम को पूरी मेहनत से करती हूं।उनका स्टॉल दिनभर चलता है, लेकिन शाम होते ही यहां ग्राहकों की भीड़ बढ़ जाती है, जब दफ्तर से लौटते लोग चाय की चुस्कियों के साथ अपनी थकान मिटाने आते हैं। हालांकि उन्हें हर दिन इस बात की चिंता सताती है कि कहीं उनकी दुकान हटा न दी जाए। क्योंकि यह सरकारी जमीन पर बनी है।

रोजगार की दुनिया सिर्फ दुकानदारी तक सीमित नहीं, बल्कि कई महिलाएं मेहनत करके भी अपनी आजीविका चला रही हैं। झालाना के सरकारी भवनों में बागवानी का काम करने वाली धापू देवी और सोनी देवी इसी संघर्ष का उदाहरण हैं। ये दोनों महिलाएं सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक काम करती हैं, जिसमें वे पौधों की देखभाल, सफाई, खाद डालने और पानी देने जैसे कार्य करती हैं। महीने में उन्हें लगभग 4,000-5,000 रुपये की आमदनी होती है, जो उनके लिए पर्याप्त नहीं है, लेकिन इससे वे अपने परिवार का पेट पाल रही हैं। धापू देवी बताती हैं, यह काम कठिन ज़रूर है, लेकिन हमें इससे रोज़गार मिला है। जब तक हमें कोई और अच्छा अवसर नहीं मिलता, हम यही काम करेंगे।

इन सभी महिलाओं की कहानियां एक बात साफ कर देती हैं - रोजगार के हर क्षेत्र में महिलाएं मजबूती से अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। चाहे वह छोटी-सी चाय की दुकान हो, कपड़े प्रेस करने का काम हो, साप्ताहिक बाजार में कपड़े और घरेलू सामान बेचना हो या फिर बागवानी करना - हर जगह महिलाएं न केवल काम कर रही हैं, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा कर रही हैं। लेकिन उनका यह सफर आसान नहीं है। कई चुनौतियां इन महिलाओं के सामने हर रोज़ खड़ी हो जाती हैं - स्थायी दुकान का न होना, सरकारी जमीन पर व्यवसाय करने का खतरा, कम आमदनी, और कभी-कभी समाज की बेवजह की बंदिशें, इसके बावजूद, ये महिलाएं अपने हौसले से इन मुश्किलों को पार कर रही हैं और अपनी मेहनत से यह साबित कर रही हैं कि वे किसी से कम नहीं हैं।

**नरेंद्र कुमार शर्मा, जयपुर, राजस्थान**

भोपाल समिट से किसानों, कारीगरों को मिला वैश्विक मंच, मुख्यमंत्री ने कहा-

# स्थानीय उत्पादों को मिलेगी वैश्विक पहचान



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि एक जिला-एक उत्पाद हमारे कारीगरों और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट भोपाल में आयोजित एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओपी) एक्सपो ने स्थानीय कारीगरों और किसानों के उत्पादों को वैश्विक मंच प्रदान किया। जीआईएस-भोपाल में 38 जिलों के विशिष्ट ओडीओपी उत्पादों का प्रदर्शन किया गया, जिसमें परंपरा और नवाचार का अनूठा संगम देखने को मिला। जीआईएस-भोपाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओडीओपी को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक सशक्त पहल बताया। उन्होंने कहा कि हर जिले का एक खास उत्पाद उसकी सांस्कृतिक और आर्थिक पहचान बन सकता है। ओडीओपी कार्यक्रम से लोकल प्रोडक्ट्स को ग्लोबल ब्रांड बनाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जीआईएस-भोपाल में ओडीओपी-एक्सपो से हमारे स्थानीय उत्पादों, विशेष रूप से हस्तशिल्प और कृषि उत्पादों को वैश्विक मंच पर पहचान बनाने का अवसर मिला है।

एक्सपो में ओडीओपी के लिए विशेष स्टॉल लगाए गए, जिन्हें लाइव काउंटर और प्रोसेस काउंटर में विभाजित किया गया। लाइव काउंटर में बाग प्रिंट, जरी जरदोजी, बटिक प्रिंट, कालीन, चंदेरी साड़ी, बांस, बलुआ पत्थर और कपड़े की जैकेट जैसे आठ प्रमुख उत्पादों की निर्माण प्रक्रिया को कारीगरों ने लाइव प्रदर्शित किया। जीआईएस-भोपाल में आयोजन के दौरान विदेशी निवेशकों और उद्योगपतियों ने स्थानीय कारीगरों के हुनर को करीब से देखा और उनकी कार्यशैली को समझा। एक्सपो के 'कुम्हार पुरा' और 'टेक्निकल ज़ोन' के लाइव काउंटर भी प्रमुख आकर्षण का केंद्र बने रहे। ओडीओपी-एक्सपो में खाद्य, मसाले और फलों से जुड़े 38 जिला विशिष्ट उत्पादों को उनके निर्माण प्रक्रिया के साथ प्रदर्शित किया गया। इन उत्पादों की खरीद और निर्यात के अवसर भी उपलब्ध कराए गए। साथ ही, निवेशकों ने विशिष्ट उत्पादों के सैंपल लिए, जिससे भविष्य में व्यापारिक संबंध स्थापित होने की संभावना बढ़ी।

### मध्यप्रदेश के विशिष्ट ओडीओपी उत्पाद

मध्यप्रदेश में ओडीओपी के तहत विभिन्न जिलों के पारंपरिक, वस्त्र और कृषि उत्पादों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इनमें बुरहानपुर का केला, ग्वालियर के आलू आधारित उत्पाद और स्टोन टाइल्स, खरगोन की मिर्च उत्पाद, मंदसौर के लहसुन उत्पाद, नीमच के धनिया उत्पाद, सतना के टमाटर आधारित उत्पाद, मुरैना की गजक और सरसों उत्पाद, इंदौर के आलू आधारित उत्पाद, भोपाल के अमरूद उत्पाद, चंदेरी की साड़िया, महेश्वर की साड़ियां और हथकरघा उत्पाद, टीकमगढ़ के मिट्टी शिल्प और हस्तशिल्प उत्पाद और धार के बाग प्रिंट शामिल है।

### राज्य के इन उत्पादों को मिला है जीआई टैग

बाग प्रिंट, बालाघाट का चिन्नौर चावल, दतिया और टीकमगढ़ बेल धातु का कार्य, चंदेरी साड़ी, गोंड पेन्टिंग, ग्वालियर के हैन्डमेड कारपेट, जबलपुर का पत्थर शिल्प, झाबुआ का कड़कनाथ, इंदौर के चमड़े के खिलौने, माहेश्वरी की साड़ी, मुरैना की गजक, रतलामी सेव, रीवा का सुन्दरजा, उज्जैन का बटिक प्रिंट, सीहोर का शरबती गेहूँ, वारासिवनी की हेण्डलूम साड़ी, डिण्डोरी के मेटल वर्क को जीआई टैग मिला है।

# कृष्णा सोबती और मोहन राकेश को याद किया




**भोपाल, देशबन्धु।** नायाब शिल्प और गंभीर सामाजिक सरोकार की बेमिसाल कथाएँ रचने वाले दो बेहद महत्त्वपूर्ण कथाकार पुरखों की स्मृति को नमन करने और उनके विस्तृत रचना फलक से कुछ सीखने-समझने की नियत से एक महती आयोजन सम्पन्न हुआ मप्र हिन्दी साहित्य सम्मेलन के बैनर तले संपन्न हुआ।

स्त्री मनोविज्ञान की अनूठी चितेरी कथाकार कृष्णा सोबती पर बात करने के लिए दिल्ली से डॉ क्षमा शर्मा तथा नयी कहानी को नयी धार देने वाले अग्रणी कथाकार और बेहतरीन नाटक गढ़ने वाले मोहन राकेश पर बात करने के लिए बांदा से हमारे समय के महत्त्वपूर्ण आलोचक डॉ शशि भूषण मिश्र उपस्थित थे. स्वागत भाषण सम्मेलन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ मणि मोहन ने देते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा रखी. अतिथियों का स्वागत प्रो. विजय कुमार अग्रवाल, सम्मेलन के महामंत्री अभिषेक वर्मा, अरुण पाठक, संध्या कुलकर्णी, रश्मि शर्मा तथा मनीष शर्मा ने किया. आभार प्रदर्शन आयोजन की संयोजक डॉ रेखा कस्तवार ने किया।

इस आयोजन में अनेक प्रतिष्ठित रचनाकार और साहित्य रसिक उपस्थित थे।

## मंत्री सारंग आज 25 अनुकंपा नियुक्ति पत्रों का वितरण

**भोपाल, देशबन्धु।** सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग बुधवार 12 मार्च को अपेक्स बैंक परिसर के समन्वय भवन में सहकारिता विभाग में 25 कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति-पत्र सौंपेंगे। मंत्री श्री सारंग इसी के साथ ई-पेक्स के लिए एक दिवसीय हैंड्स ऑन रिफ्रेशर प्रशिक्षण सह संवेदीकरण कार्यक्रम के आयोजन का शुभारंभ भी करेंगे। प्रशिक्षण में सहकारिता विभाग, जिला बैंक एवं पेक्स के लगभग 650 प्रतिभागी शामिल होंगे। सहकारिता विभाग में कार्यरत विभिन्न कर्मचारियों के आकस्मिक देहावसान के बाद उनके आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति देने के लिये मंत्री श्री सारंग के निर्देशन में एक अभियान के रूप में कार्रवाही प्रारंभ की गई है। इन सभी कर्मचारियों के दस्तावेजों को बुलाकर समय सीमा में उनका सत्यापन करा लिया गया है। विभाग के विभिन्न जिलों में रिक्त पदों पर सहायक ग्रेड-3 के ऐसे कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति प्रदाय की जा रही है। मंत्री श्री सारंग अनुकंपा नियुक्ति के 25 आदेश प्रदान करेंगे।


# विधानसभा : विधायक विश्नोई ने उठाया धान खरीदी में गड़बड़ी का मुद्दा



**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा में आज बजट सत्र के दौरान भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री अजय विश्नोई ध्यानाकर्षण में धान खरीदी में हुई गड़बड़ी का मुद्दा उठाया। उन्होंने जबलपुर संभाग में धान खरीदी में हुई गड़बड़ी को लेकर सरकार से सवाल पूछा। श्री विश्नोई ने कहा कि धान और उपार्जन को लेकर धान उठाने की पर्ची कटती है, ट्रांसपोर्ट का चार्ज दिया जाता है लेकिन धान नहीं उठाया जाता है। बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां हो रही है। उन्होंने कहा कि जिन कर्मचारियों के कारण समितियां डिफाल्टर हुई उन कर्मचारियों को दूसरी खरीदी में लगा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि मैं इस बात के लिए सरकार को धन्यवाद देता हूं कि जैसे ही मैने ये मामला मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाया उन्होंने ईओडब्ल्यू को इस मामले की जांच सौंपी। विश्नोई ने धान खरीदी की जिम्मेदारी स्व सहायता समूह की बहनों को दिए जाने की वकालत भी की।

विभागीय मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने जवाब में कहा कि दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध की कार्रवाई गई और जो भी आवश्यक होगा कार्रवाई की जाएगी। दूसरी ओर कांग्रेस विधायक रजनीश सिंह ने सिवनी जिले के भीमगढ़ जलाशय का पानी सिंचाई के लिए नहीं मिलने से खराब हुई फसल को लेकर ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर चर्चा की। कहा- जलाशय में पानी होने के बावजूद सिंचाई के लिए नहर में पानी नहीं छोड़ा जिससे गेंहू के फसल को नुकसान हुआ है। किसानों की खराब हुई फसल का आरबीसी 6/4 के आधार पर सर्वे कर किसानों को उचित मुयावजा मिले। रजनीश ने समिति बनाकर जांच कराने की मांग की। जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट ने सदन में जवाब दिया कि- न फसल नष्ट हुई, न स्थानीय स्तर पर आक्रोश की स्थिति है। रजनीश हरवंश सिंह ने मंत्री के जवाब को गलत बताया। बाद में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर के हस्तक्षेप के बाद मंत्री सिलावट ने कहा कि से इस मामले की जांच कराएंगे और किसानों को मुआवजा भी दिया जाएगा।

## जयवर्धन ने शिक्षकों की कमी का मुद्दा उठाया तो हुआ शोरशराबा



**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह ने प्रदेश के स्कूलों में 7 हजार शिक्षकों की कमी का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। इस पर मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि विधायक अभिभाषण से हटकर वक्तव्य दे रहे हैं। सत्ता पक्ष के दूसरे सदस्य भी सारंग का समर्थन करने लगे। इससे शोर शराबे की स्थिति बन गई। जवाब में कांग्रेस विधायक भी शोर-शराबा करने लगे। बाद में विधायक जयवर्धन सिंह ने कहा कि जो आंकड़े उन्होंने पेश किए हैं, वह स्कूल शिक्षा विभाग के आंकड़े हैं। वे गलत जानकारी नहीं दे रहे हैं। उनके वक्तव्य के दौरान डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ने भी टोका। इसके बाद जयवर्धन सिंह ने कहा कि यह उम्मीद जताई जा रही थी कि राज्यपाल के अभिभाषण में कुछ नया देखने को मिलेगा। लेकिन, ऐसा कुछ नहीं हुआ। पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में जो योजनाएं चल रही थीं, उनको भी आगे बढ़ाने में सरकार पीछे रही है।

# निर्वाचन आयोग, चुनावी प्रक्रिया को मजबूत बनाने पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं से करेगा बातचीत

**भोपाल, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग ने कानून ढांचे के अंतर्गत चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत बनाने के लिए पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं को बातचीत के लिए आमंत्रित किया है। आयोग ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों से ईआरओ, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय स्तर पर अनिराकृत प्रकरणों की 30 अप्रैल, 2025 तक जानकारी मांगी है। आयोग ने इस संबंध में राजनीतिक दलों को व्यक्तिगत रूप से पत्र भी जारी किया है।

पिछले सप्ताह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एक सम्मेलन किया गया था। इसमें भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने सभी प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक की थी। बैठक में उन्होंने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ, डीईओ और ईआरओ को राजनीतिक दलों के साथ नियमित बैठक करने और प्राप्त सुझावों पर नियमानुसार निराकरण करने के निर्देश दिए थे।


**CHANGE OF NAME**

I , ARMY NO - 4580745A RANK L/NK NAME TALPADA GHANSHYAMBHAI SERVING IN 15 MAHAR HOME ADDRESS VILL - SADANAPURA , POST - SAMARKHA , TEH - ANAND , DIST - ANAND ,STATE - GUJARAT , PIN CODE - 388001 HAVE CHANGED MY DAUGHTER NAME FROM BHUMIKABEN TO BHUMIKABEN GHANSHYAMBHAI TALPADA IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 12/03/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I , SOLANKI PRAVINSINH IS FATHER OF ARMY NO - 4580768F RANK L/NK NAME SOLANKI HARESH KUMAR PRAVINSINH SERVING IN 18 MAHAR HOME ADDRESS VILL - MEMADPUR , POST - MEMADPUR, TEH - VADGAM , DIST - BANASKANTHA , STATE - GUJARAT, PIN CODE - 385421 HAVE CHANGED MY NAME FROM SOLANKI PRAVINSINH TO SOLANKI PRAVINSINH TEJAJI IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 12/03/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR MP

**CHANGE OF NAME**

I , ARMY NO -4580557Y RANK SEP NAME PASALPAGAR MANGESH SHANKRRAO SERVING IN 20 MAHAR HOME ADDRESS VILL - FUBGAON , POST - KURAL PURNA, TEH - CHANDUR BAZAR , DIST - AMRAVATI, STATE - MAHARASHTRA, PIN CODE - 444723 HAVE CHANGED MY NAME FROM PASALPAGAR MANGESH SHANKRRAO TO PALASPAGAR MANGESH SHANKRRAO IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 12/03/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR MP

**CHANGE OF NAME**

I , ARMY NO - 4580529M RANK L/NK NAME KHANDEKAR CHANDRASHEKAR ANANTRUP SERVING IN 20 MAHAR HOME ADDRESS VILL - HANWATKHEDA , POST - DHOTARKHEDA , TEH - ACHALPUR, STATE - MAHARASHTRA, PIN CODE - 444806 HAVE CHANGED MY NAME FROM KHANDEKAR CHANDRASHEKAR ANANTRUP TO KHANDEKAR CHANDRASHEKHAR ANANTRUP IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 12/03/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR MP

**CHANGE OF NAME**

I , NAME KARTHIK M . HOME ADDRESS VILL - EDAYAMPATTI , POST - JOLARPETTAI TEH - TIRUPATTUR, DIST - VELLORE , STATE - TAMIL NADU, PIN CODE - 635851 HAVE CHANGED MY SON NAME FROM K . SANJAY TO SANJAY K . VIDE AFFIDAVIT DATED 12/03/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR MP

**CHANGE OF NAME**

I , BHAG WATI IS MOTHER OF ARMY NO - 15443860F RANK NK NAME TARA CHAND SINGH SERVING IN 336 FIELD HOSPITAL SAGAR C/O 56 APO HOME ADDRESS AT 073 , MOHALLA MANSUNPUR , UJHARI , TOWN UJHARI, TEH - HASANPUR, THANA - SAID NAGLI , DIST - AMROHA , STATE - UTTAR PRADESH PIN CODE - 244242 HAVE CHANGED MY NAME FROM BHAG WATI TO BHAGVATI IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 08/03/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR MP

**CHANGE OF NAME**

I, KISHORI LAL IS FATHER OF ARMY NO - 15443860F RANK NK NAME TARA CHAND SINGH SERVING IN 336 FIELD HOSPITAL SAGAR C/O 56 APO HOME ADDRESS AT 073 , MOHALLA MANSUNPUR , UJHARI , TOWN UJHARI, TEH - HASANPUR, THANA - SAID NAGLI , DIST - AMROHA , STATE - UTTAR PRADESH PIN CODE - 244242 HAVE CHANGED MY NAME FROM KISHORI LAL TO KISHORI IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 08/03/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR MP

**CHANGE OF NAME**

I , SUKARTI BAI IS MOTHER OF ARMY NO - 4580645P RANK SEP NAME SUNIL KOURAV SERVING IN MRC C/O 56 APO HOME ADDRESS VTC - BARHATA , PO - BHARHETA, SUB DIST - GADARWARA , , DIST - NARSINGHPUR, STATE - MADHYA PRADESH, PIN CODE - 487551 HAVE CHANGED MY NAME FROM SUKARTI BAI TO SUKARTI KOURAV IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 12/03/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR MP

**CHANGE OF NAME**

I ,ARMY NO - 4580768F RANK L/NK NAME SOLANKI HARESH KUMAR PRAVINSINH SERVING IN 18 MAHAR HOME ADDRESS VILL - MEMADPUR , POST - MEMADPUR, TEH - VADGAM , DIST - BANASKANTHA , STATE - GUJARAT, PIN CODE - 385421 HAVE CHANGED MY SON NAME FROM YASH TO YASH HARESHSINH SOLANKI AND CHANGED MY DAUGHTER NAME FROM DHRUVI TO SOLANKI DHRUVI HARESHSINH IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 12/03/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR MP

**CHANGE OF NAME**

I , ARMY NO - TJ 006566K RANK SUB NAME DHARAM PAL SERVING IN 108 INF BN (TA) MAHAR C/O 56 APO HOME ADDRESS AT HOUSE NO - 357, WARD NUMBER 5 , DOPEDI (93) , PO - PHAPHRANA , DIST - KARNAL, STATE - HARYANA, PIN CODE - 132046 HAVE CHANGED MY DAUGHTER NAME FROM KU RAKHI DEVI TO RAKHI IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 12/03/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR MP

**CHANGE OF NAME**

I , ARMY NO - 4580529M RANK L/NK NAME KHANDEKAR CHANDRASHEKHAR ANANTRUP SERVING IN 20 MAHAR HOME ADDRESS VILL - HANWATKHEDA , POST - DHOTARKHEDA , TEH - ACHALPUR, STATE - MAHARASHTRA, PIN CODE - 444806 HAVE CHANGED MY SON NAME FROM AARAV TO AARAV CHANDRASHEKHAR KHANDEKAR IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 12/03/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR MP

**CHANGE OF NAME**

I , NAME KARTHIK M .HOME ADDRESS VILL - EDAYAMPATTI , POST - JOLARPETTAI TEH - TIRUPATTUR, DIST - VELLORE , STATE - TAMIL NADU, PIN CODE - 635851 HAVE CHANGED MY SON NAME FROM K. PAVITHRAN TO PAVITHRAN K . VIDE AFFIDAVIT DATED 12/03/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR MP

**CHANGE OF NAME**

I , KALPANA SINGH IS LEGALLY WEDDED SPOUSE OF ARMY NO - 14827217L RANK HAV/MT NAME VIPIN KUMAR SINGH SERVING IN 536 ASC BN RAPID STRIKE C/O 56 APO HOME ADDRESS : VILL/POST - PATNA , THANA - CHACHAI , TEH - ANUPPUR , DIST - ANUPPUR , STATE - M.P PIM COAD - 484116 HAVE CHANGED MY NAME FROM KALPANA SINGH TO KALPANA SINGH SENGAR IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 11/03/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR MP


**न्यायालय तहसीलदार तहसील बण्डा जिला सागर म.प्र.**

प्रकरण क्रमांक 0009/अ-20(3)24-25 दिनांक 24/02/25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम बण्डा तहसील बण्डा जिला सागर म.प्र. की भूमि सर्वे नंबर 466/559/1 रकवा क्रमशः रकवा 4.85 में से 0.514 एवं 17.23 में से भूमि 4.34 हे. भूमि सीएम राईज विद्यालय बण्डा को भूमि आवंटन हेतु आवेदन आवंटित किये जाने का आवेदन विचारार्थ लिया गया है। उक्त आवंटन में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह इस इश्तेहार जारी होने के दिनांक से प्रकरण में नियत आगामी (कम से कम 15 दिवस उपरांत) दिनांक 20/03/25 के पूर्व अथवा उक्त दिनांक को अपनी आपत्ति आनलाईन अथवा लिखित रूप से न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि पश्चात् प्रस्तुत आपत्तियों पर विचार नही किया जायेगा। आज दिनांक 24/02/25 को मेरे हस्ताक्षर व पद मुद्रा से जारी किया गया है।

**तहसीलदार**
**तहसील बण्डा जिला सागर म.प्र.**

# महिला नेत्री ने दी आत्मदाह की धमकी, पार्षद टिकट के लिए कांग्रेस नेता ने मांगे 10 लाख

**ग्वालियर, देशबन्धु।** कांग्रेस नेत्री ने आज जनसुनवाई में ग्वालियर पुलिस अधीक्षक के समक्ष आत्मदाह करने की बात चेतावनी दी है। उन्होंने पार्टी पदाधिकारी पर प्रताड़ित किए जाने के आरोप लगाए हैं। कांग्रेस नेत्री ने पार्टी पदाधिकारी पर पार्षद टिकट के बदले में 10 लाख रुपये की मांग करने के आरोप लगाए हैं। साथ ही पार्टी के प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा द्वारा कांग्रेस नेत्री से उनके साथ रात गुजारने की मांग करने का भी आरोप लगाया है। महिला नेत्री ने बताया कि 2021 से प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं।


**CHANGE OF NAME**

WE , PATEL ISHVARBHAI & PATEL VILASBEN ARE PARENTS OF ARMY NO - 4580760P RANK L/NK NAME PATELMAHESHBHAI ISHVARBHAI SERVING IN 18 MAHAR HOME ADDRESS AT 1-3 , PATEL FALIYU , VADADALA , TA - JAMBUSAR , DIST - BHARUCH , STATE - GUJARAT, PIN CODE - 392155 HAVE CHANGED MY NAME FROM PATEL ISHVARBHAI TO ISHVARBHAI DABHAIBHAI PATELAND CHANGED FROM PATEL VILASBEN TO VILASBAHEN PATEL IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 12/03/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR MP

**CHANGE OF NAME**

I , S VISHNU DEVI IS LEGALLY WEDDED SPOUSE OF ARMY NO - 14446169X RANK HAV (DS) NAME M RAJAMANI SERVING IN 106 MED REGT PRESENTLY RESIDENT OF H.NO 20-08-1C , MOHALLA - EZHIL NAGAR , VILL - BATLAGUNDU , PO - BATLAGUNDU , TEH - NILAKOTTAI , DIST - DINDIGUL , PIN - 624202 HAVE CHANGED MY NAME FROM S VISHNU DEVI TO R VISHNUDEVI IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 12/03/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR MP

**CHANGE OF NAME**

I , POOJA CHAUDHARY IS LEGALLY WEDDED SPOUSE OF ARMY NO - 15713624K RANK HAV NAME LOKESH KUMAR SERVING IN SIG COY HQ ARTRAC HOME ADDRESS VILL - NAGLAROJ , PO - NAUGAWAN , TEH - SADABAD , DIST - HATHRAS , STATE - U.P , PIN CODE - 281306 HAVE CHANGED MY NAME FROM POOJA CHAUDHARY TO POOJA IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 12/03/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR MP

**CHANGE OF NAME**

I , AKANKSHYA IS DAUGHTER OF NO - JC572958A RANK SUB NAME GIRAND SINGH SERVING IN 15 MAHAR HOME ADDRESS VILL - LAXMANPUR, POST - JOGA BEWAR , TEH - BHOGAON , DIST - MAINPUR , STATE - UTTAR PRADESH, PIN - 206301 HAVE CHANGED MY NAME FROM AKANKSHYA TO AKANKSHA SHAKYA IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 12/03/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR MP


**सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया**
**Central Bank of India**
1911 से आपके लिए ''केंद्रित'' "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

**क्षेत्रीय कार्यालय सागर**
**ई निविदा सूचना**

इंटीरियर एवं इलेक्ट्रिकल कार्य सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, सागर, शाखा जतारा के इंटीरियर एवं इलेक्ट्रिकल कार्य हेतु योग्य ठेकेदारों से बंद निविदा आमंत्रित करता है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 15/03/2025 है। अधिक जानकारी के लिए https://centralbank.abcprocure.com और www.centralbankofindia.co.in देखें।

**क्षेत्र प्रमुख, सागर**

**न्यायालय नायब तहसीलदार सहजपुर, तहसील-केसली जिला सागर (म.प्र.)**

क्रमांक/ /री-2/2025

केसली दिनांक 03/03/25
ग्राम चमेलीखापा रा.नि.मं. सहजपुर
तहसील केसली जिला सागर

**//ईश्तहार//**

जरिए ईश्तहार ग्राम चमेलीखापा तहसील केसली के ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, संभाग सागर द्वारा देवरी-केसली समूह जल प्रदाय योजनांतर्गत उच्चस्तरीय टंकी निर्माण हेतु मौजा चमेलीखापा प.ह.न.- 38 रा.नि.म. सहजपुर स्थित भूमि ख.न.-74 रकवा 7.52 हे. में से 0.09 हे. भूमि आवंटन हेतु प्रकरण श्रीमान् कलेक्टर महोदय सागर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जो श्रीमान् अनुविभागीय अधिकारी महोदय के माध्य से जॉच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो वह नियत दिनांक 18/03/25 के पूर्व स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है। नियत दिनांक के पश्चात कोई भी आपत्ति ग्राह्य नहीं होगी।

आज दिनांक 03/03/25 को न्यायालयीन पदमुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी

**नायब तहसीलदार**
**वृत्त सहजपुर (केसली), जिला सागर म.प्र.**

**न्यायालय नायब तहसीलदार सहजपुर, तहसील-केसली जिला सागर (म.प्र.)**

क्रमांक/ /री-2/2025

केसली दिनांक 03/03/25
ग्राम कंजेराटूटी रा.नि.मं. सहजपुर
तहसील केसली जिला सागर

**//ईश्तहार//**

जरिए ईश्तहार ग्राम कंजेरा टूटी तहसील केसली के ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, संभाग सागर द्वारा देवरी-केसली समूह जल प्रदाय योजनांतर्गत उच्चस्तरीय टंकी निर्माण हेतु मौजा कंजेरा टूटी प.ह.न.- 54 रा.नि.म. सहजपुर स्थित भूमि ख.न.-272 रकवा 0.38 हे. में से 0.09 हे. भूमि आवंटन हेतु प्रकरण श्रीमान् कलेक्टर महोदय सागर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जो श्रीमान् अनुविभागीय अधिकारी महोदय के माध्य से जॉच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो वह नियत दिनांक 18/03/25 के पूर्व स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है। नियत दिनांक के पश्चात कोई भी आपत्ति ग्राह्य नहीं होगी ।

आज दिनांक 03/03/25 को न्यायालयीन पदमुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी।

**नायब तहसीलदार**
**वृत्त सहजपुर (केसली), जिला सागर म.प्र.**

**न्यायालय नायब तहसीलदार सहजपुर, तहसील-केसली जिला सागर (म.प्र.)**

क्रमांक/ /री-2/2025

केसली दिनांक 03/03/25
ग्राम नेगुवाँ रा.नि.मं. सहजपुर
तहसील केसली जिला सागर

**//ईश्तहार//**

जरिए ईश्तहार ग्राम नेगुवाँ तहसील केसली के ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, संभाग सागर द्वारा देवरी-केसली समूह जल प्रदाय योजनांतर्गत उच्चस्तरीय टंकी निर्माण हेतु मौजा नेगुवॉ प.ह.न.-56 रा.नि.म. सहजपुर स्थित भूमि ख.न.-47 रकवा 1.89 हे. में से 0.09 हे. भूमि आवंटन हेतु प्रकरण श्रीमान् कलेक्टर महोदय सागर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जो श्रीमान् अनुविभागीय अधिकारी महोदय के माध्य से जॉच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो वह नियत दिनांक 18/03/25 के पूर्व स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है। नियत दिनांक के पश्चात कोई भी आपत्ति ग्राह्य नहीं होगी।

आज दिनांक 03/03/25 को न्यायालयीन पदमुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी।

**नायब तहसीलदार**
**वृत्त सहजपुर (केसली), जिला सागर म.प्र.**

**न्यायालय नायब तहसीलदार सहजपुर, तहसील-केसली जिला सागर (म.प्र.)**

क्रमांक/ /री-2/2025

केसली दिनांक 03/03/25
ग्राम मुहली रा.नि.मं.सहजपुर
तहसील केसली जिला सागर

**//ईश्तहार//**

जरिए ईश्तहार ग्राम मुहली तहसील केसली के ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, संभाग सागर द्वारा देवरी-केसली समूह जल प्रदाय योजनांतर्गत उच्चस्तरीय टंकी निर्माण हेतु मौजा मुहली प.ह.न.-53 रा.नि.म. सहजपुर स्थित भूमि ख.न.- 475 रकवा 0.70 हे. में से 0.09 हे. भूमि आवंटन हेतु प्रकरण श्रीमान् कलेक्टर महोदय सागर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जो श्रीमान् अनुविभागीय अधिकारी महोदय के माध्य से जाँच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो वह नियत दिनांक 18/03/25 के पूर्व स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है। नियत दिनांक के पश्चात कोई भी आपत्ति ग्राह्य नहीं होगी ।

आज दिनांक 03/03/25 को न्यायालयीन पदमुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी।

**नायब तहसीलदार**
**वृत्त सहजपुर (केसली), जिला सागर म.प्र.**

**न्यायालय नायब तहसीलदार सहजपुर, तहसील-केसली जिला सागर (म.प्र.)**

क्रमांक/ /री-2/2025

केसली दिनांक 03/03/25
ग्राम बेरखेरी रा.नि.मं. सहजपुर
तहसील केसली जिला सागर

**//ईश्तहार//**

जरिए ईश्तहार ग्राम बेरखेरी तहसील केसली के ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, संभाग सागर द्वारा देवरी-केसली समूह जल प्रदाय योजनांतर्गत उच्चस्तरीय टंकी निर्माण हेतु मौजा बेरखेरी प.ह.न.-36 रा.नि.म. सहजपुर स्थित भूमि ख.न.-25 रकवा 40.82 हे. में से 0.09 हे. भूमि आवंटन हेतु प्रकरण श्रीमान् कलेक्टर महोदय सागर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जो श्रीमान् अनुविभागीय अधिकारी महोदय के माध्य से जॉच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो वह नियत दिनांक 18/03/25 के पूर्व स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है। नियत दिनांक के पश्चात कोई भी आपत्ति ग्राह्य नहीं होगी। आज दिनांक 03/03/25 को न्यायालयीन पदमुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी

**नायब तहसीलदार**
**वृत्त सहजपुर (केसली), जिला सागर म.प्र.**

दूरभाष 07582-223308
फैक्स 07582-222070, 224543
ईमेल-admsagar41@gmail.com

**न्यायालय अपर कलेक्टर, एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला-सागर म.प्र.**

प्रकरण क्रमांक /स-149/2024-25

**!! विज्ञप्ति !!**

आवेदकगण श्री शुभम साहू पिता श्री काशीराम साहू उम्र-27 वर्ष निवासी ग्राम तिगरा बुजुर्ग पो. सागोनी थाना बांदरी तहसील मालथौन जिला सागर (म.प्र.) एवं कु. ललिता लोधी पुत्री श्री तेजसिंह लोधी उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम तिगरा बुजुर्ग पो. सागोनी थाना बांदरी तहसील मालथौन जिला सागर (म.प्र.) द्वारा शपथ पत्र तथा उचित शीर्ष में 100 रूपये का चालान पेश कर मय साक्षियों सहित विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 05 के तहत विवाह पंजीयन कराये जाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि किसी व्यक्ति को इस विवाह के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई शिकायत अथवा आपत्ति हो तो वह इस संबंध में दिनांक 07/04/2025 तक अपनी आपत्ति अपर कलेक्टर एवं जिला विवाह अधिकारी सागर के कार्यालय में कार्यालयीन समय प्रातः 10.00 बजे से 06.00 बजे तक दर्ज करा सकते है। नियत दिवस व्यतीत होने पर किसी प्रकार की शिकायत/आपत्ति स्वीकार योग्य नही होगी।

**(रूपेश उपाध्याय)**
**अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला- सागर म.प्र.**

**कार्यालय कलेक्टर जिला सागर एवं पदेन उप सचिव**
**मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग**
**प्रारूप-क**
**(नियम 4 देखिए)**

**क्रमांक/0010/अ-82/24-25/भू-अर्जन/2025/1862** **सागर, दिनांक 28.02.2025**

**मौजा गढपहरा रैयतवारी पट.ह.नं.-41 तहसील सागर ग्रामीण**

**राज्य सरकार प्रभावित क्षेत्रों में ग्राम स्तर पर, यथा स्थिति संबंधित ग्राम पंचायत के परामर्श से निम्न भूमियों का अर्जन करना चाहती है और लोक प्रयोजन के लिए सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन करना चाहती है। अध्ययन का कार्य भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (क्रमांक 30 सन् 2013) की धारा 4 के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा।**

| | | |
|---|---|---|
| (1) | परियोजना विकासक का नाम | कार्यकारी निदेशक औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग सागर |
| (2) | भूमि के प्रस्तावित अर्जन का प्रयोजन | दिल्ली नागपुर इण्डस्ट्रियल कॉरीडोर की स्थापना |
| (3) | अध्ययन का कार्य हाथ में लेने वाले सामाजिक समाघात निर्धारण दल के विवरण | 1. अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सागर<br>2. राजस्व निरीक्षक, सागर ग्रामीण<br>3. सरपंच ग्राम पंचायत, गडपहरा मुहाल वि.ख. सागर<br>4. सचिव ग्राम पंचायत, गडपहरा मुहाल वि.ख. सागर |
| (4) | भूमि का विवरण | |
| (क) | जिला | सागर |
| (ख) | तहसील | सागर ग्रामीण |
| (ग) | ग्राम/नगर | गडपहरा मुहाल |
| (घ) | कुल प्रभावित क्षेत्र | 77.99 हे. |
| (ङ) | अर्जित होने वाला क्षेत्र | 77.99 हे. |
| (5) | प्रस्तावित परियोजना का संक्षिप्त विवरण | दिल्ली नागपुर इंडस्ट्रियल कॉरीडोर की स्थापना हेतु |
| (6) | परियोजना क्षेत्र और प्रभावित क्षेत्र | 77.99 हे. |
| (7) | क्या ग्रामसभाओं और/या भूमिधारकों की सहमति अपेक्षित है | नहीं |
| (8) | सामाजिक समाघात निर्धारण पूर्ण किए जाने की तारीख | अधिसूचना प्रकाशन से छः माह के भीतर |

**(संदीप जी.आर.) कलेक्टर जिला सागर एवं पदेन उप सचिव**
**मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग**

म.प्र. माध्यम/119189/2025

# टीकमगढ़ में 4.5 करोड़ की लागत से बनेगा बायपास, जतारा विधानसभा में पुल निर्माण के लिए 8 करोड़ की राशि मंजूर

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश सरकार में वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा ने बुधवार को विधानसभा में बजट पेश किया है। टीकमगढ़ विधानसभा में 4.5 करोड़ रुपए की लागत से ग्राम पंचायत नयाखेरा से जिला मुख्यालय तक बायपास सड़क को मंजूरी मिली है। कडराई गांव मुख्य मार्ग से सोन तला मोहल्ला तक 2 करोड़ की लागत से पुलिया समेत सड़क निर्माण होगा।

गोरा गांव से मडोरी तक 3 करोड़ रूपए से सड़क निर्माण। इसके अलावा बडमाडई खास में मनका हार नाला पर सिंचाई के लिए स्टॉप डेम और जसवंतनगर गांव में वृक्षारोपण के लिए जगह स्वीकृत हुई है। इधर, जतारा विधानसभा में सतगुवां से पैतपुर सड़क के लिए 6.75 करोड़ की मंजूरी मिली है। पुल निर्माण के लिए 8 करोड़ की राशि मिली है। जतारा से चंदेरा स्यावनी रोड को मंजूरी मिली है। जतारा विधानसभा में उद्योग स्थापित करने के लिए प्रस्ताव रखा गया है।

## मोहन सरकार ने समाज के सभी वर्गों को ध्यान में रखा




पूर्व विधायक राकेश गिरी गोस्वामी का कहना है कि मोहन सरकार ने समाज के सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर बजट पेश किया है। पिछले साल की तुलना में इस बार बजट में 15: की बढ़ोतरी की गई है। बजट के दूरगामी परिणाम सामने आएंगे।

## रुपया कहां से आएगा

**राजस्व के प्रमुख स्त्रोत, प्रतिशत के अनुसार )**
**राज्य कर- 29 प्रतिशत**
**केंद्रीय करों में हिस्सा- 30 प्रतिशत**
**केन्द्र से सहायता अनुदान- 13 प्रतिशत**
**गैर-कर राजस्व- 6 प्रतिशत**
**अन्य ( ब्याज, लाभांश, फीस, जुर्माना आदि से )- 22 प्रतिशत**

## गरीब लोगों को निराशा हाथ लगी

कांग्रेस ने बजट को निराशाजनक बताया है। कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष गौरव शर्मा का कहना है कि बजट में बेरोजगारी दूर करने के लिए कोई खास प्रावधान नहीं किया गया है। महंगाई और डीजल पेट्रोल के दाम भी नहीं घटाए गए हैं। प्रदेश सरकार के बजट से मध्य वर्गीय और गरीब तबके के लोगों को निराशा हाथ लगी है।

## 5 करोड़ से बनाई जाएगी नवीन सड़कें



आज मध्य प्रदेश विधानसभा में खरगापुर की विधायक श्रीमति चंदा सुरेन्द्र सिंह गौर के द्वारा सड़कों एवं अन्य विकास कार्यों के प्रस्ताव रखे गए थे, जिसमें आज खरगापुर विधानसभा के ग्राम कड़राई मुख्य मार्ग से सोनतला मुहल्ले तक, वहीं ग्राम गोरा के सरकनपुर, खरगापुर रोड के चौराहे से ग्राम मंडोरी तक सड़क निर्माण कार्य के लिए स्वीकृत की गई। वहीं सड़कों की स्वीकृति के बाद विधानसभा वासियों ने खरगापुर विधायक श्रीमती चंदा सुरेन्द्र सिंह गौर का धन्यवाद ज्ञापत किया। वहीं चंदा सिंह गौर ने कहा कि खरगापुर विधानसभा में विकास कार्यों के लिए कोई भी कसर नहीं छोड़ी जाएगी। जहां भी विकास कार्यों की जरूरत होगी। वहां विकास कार्यों को किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि हमारे विधानसभा के हर ग्राम में विकास कार्य कराए जाएंगे। जिसमें आमजन को इसका लाभ मिलेगा और विधानसभा वासियों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में कार्य किए जाएंगे, चाहे वह शिक्षा हो स्वस्थ हो और विकास कार्य हो सभी के लिए कार्य किए जाएंगे।

# रिश्वतखोरी का वीडियो आया सामने, सचिव एवं 3 रोजगार सहायकों को नोटिस जारी




**पलेरा, देशबन्धु।** ग्रामीण आवास योजना कार्य में ग्राम पंचायत में सर्वे कर रहे रोजगार सहायक नरेंद्र सिंह परिहार का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद जनपद कार्यालय सीईओ ने सख्त तेवर दिखाए हैं। सीएम हेल्पलाइन, आवास योजना समेत निर्माण कार्यों में कोताही बरतने वाले कर्मचारियों की शिकायतें लगातार सामने आने के बाद जनपद पंचायत कार्यालय के सीईओ सिद्धगोपाल वर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए नोटिस जारी कर वेतन आहरण पर रोक लगा दी है।

जनपद कार्यालय में प्राप्त शिकायतों के आधार पर उन्होंने ग्राम पंचायत कंजयाना के रोजगार सहायक शमसुद्दीन खान, ग्राम पंचायत प्रेमपुरा रोजगार सहायक नरेंद्र सिंह परिहार, ग्राम पंचायत दरियापुरा रोजगार सहायक पंकज शर्मा समेत ग्राम पंचायत प्रेमपुरा सचिव संतोष कुमार तिवारी को नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा है। इसके साथ ही प्राप्त शिकायतों का निराकृत न होने तक उक्त कर्मचारी के वेतन आहरण किए जाने पर भी रोक लगाई गई है। उक्त मामले में जानकारी देते हुए जनपद पंचायत सीईओ सिद्धगोपाल वर्मा ने बताया कि निर्माण कार्यों में रेत की जगह मिट्टी का उपयोग करने, ग्राम पंचायतों में आवास योजना सर्वे कार्य में लापरवाही बरतने के वायरल वीडियो के संबंध में तत्काल कार्रवाई करते हुए प्रथम दृष्टया कर्मचारियों को नोटिस जारी किए गए हैं। इसके साथ ही वेतन आहरण पर भी रोक लगाई गई है। उन्होंने कहा कि समय सीमा में जवाब प्राप्त न होने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

**रिश्वतखोरी का वीडियो हुआ था वायरल:** ग्राम पंचायत कंजयाना में आवास योजना का सर्वे कर रहे रोजगार सहायक नरेंद्र सिंह परिहार का बीते दिनों रिश्वत लेते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसके बाद जनपद सीईओ के द्वारा इस मामले में कार्यवाही करते हुए 20 फरवरी को नरेंद्र सिंह परिहार को जनपद कार्यालय अटैच किया गया था। उक्त कार्रवाई के बाद भी रोजगार सहायक नरेंद्र सिंह पर हर 20 फरवरी से आज दिनांक तक जनपद कार्यालय में उपस्थित नहीं हुए।

साथी यह भी पाया गया की 20 फरवरी को 104 हितग्राहियों का आवास सर्वे नरेंद्र सिंह परिहार के द्वारा किया गया था। जबकि 11 मार्च को 152 हितग्राहियों की सर्वे रिपोर्ट पोर्टल पर पाई गई। जिससे स्पष्ट होता है कि जनपद कार्यालय में अटैच होने के बाद भी कार्यालय के आदेश की अवहेलना करते हुए रोजगार सहायक नरेंद्र सिंह परिहार के द्वारा ग्राम पंचायत कंजयाना मैं सर्वे कार्य किया गया। जबकि ग्राम पंचायत कंजना में किसी भी अन्य सर्वेयर की आईडी प्रारंभ नहीं हुई है। इसके अलावा रोजगार सहायक नरेंद्र सिंह परिहार के द्वारा प्रेमपुरा का कार्य भी सुचारू रूप से करते हुए बस अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना की जा रही है। जिसके चलते अंतिम बार चेतावनी देते हुए जनपद पंचायत सीईओ सिद्धगोपाल वर्मा ने नोटिस जारी किया है।

## मंडी टेक्स चोरी करते 3 वाहन पकड़ाए, एसडीएम ने की कार्रवाई



**जतारा, देशबन्धु।** क्षेत्र में कृषि उपज मंडी कर्मचारियों की निष्क्रियता के चलते लगातार कुछ गल्ला व्यापारियों द्वारा टैक्स चोरी कर बड़ी संख्या में गल्ले से भरे वाहनों को उत्तर प्रदेश में भेजा जा रहा है। इसी के चलते जतारा एसडीएम शेलेन्द्र सिंह ने मूंगफली से भरे तीन पिकअप वाहनो पर कार्रवाई की है। जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें लगातार शिकायत मिल रही थी कि बिना टेक्स भरे कुछ वाहन गल्ला लेकर यूपी जा रहे है। जिसके चलते आज पलेरा के पास तीन पिकअप वाहनों पर कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार पलेरा से कुछ वाहन मूगफली भरकर बिना मंडी टैक्स के झांसी जा रहे थे। जिन पर आज एसडीएम शेलेन्द्र सिंह के द्वारा कार्रवाई की गई है। उक्त कार्रवाई से अवैध कारोबारियों में हड़कम्प मचा हुआ है।

## पुलिस ने 2 स्थानों से जप्त की अवैध शराब

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिला पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा जिले के समस्त थाना व चौकी प्रभारियों को अवैध शराब की बिक्री करने वाले लोगों पर सख्त कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया है। इसी के अंतर्गत थाना प्रभारी नीरज लोधी के नेतृत्व में दिगौड़ा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए ग्राम फिरोजपुरा व बम्होरी में दो लोगों के कब्जे से अवैध शराब को जप्त किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। दिगौड़ा पुलिस ने बताया है कि मंगलवार की रात को पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई कर ग्राम फिरोजपुरा गांव के तालाब के पास नंदकिशोर रजक निवासी फिरोजपुरा के कब्जे से अवैध शराब के 24 क्वाटर जप्त किए। इसके अलावा पुलिस टीम ने ग्राम बम्होरी में सब्जी मंडी के पास रोहित राय निवासी निवाड़ी के कब्जे से अवैध शराब के 28 क्वाटर जप्त किए। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया।

## व्यापारियों की मांग पर कराई नालियों की सफाई

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कलेक्टर श्री विवेक श्रोतीय द्वारा दो दिन पूर्व व्यापारियों के साथ संवाद किया गया था। जिसमें व्यापारियों द्वारा कचरा वाहन नहीं आने और नाली सफाई नहीं होने की बात की गई थी। व्यापारियों की दोनों शिकायतों का निराकरण कराया गया है। सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया ने बताया कि परिषद कचरा वाहन संबंधित बाजार में रूट चार्ट के साथ मैप किया गया है। सभी व्यापारियों द्वारा डस्टबिन भी संधारित किया जा रहे हैं। व्यापारियों के समय के अनुकूल कचरा संग्रहण वाहन संबंधित बाजार में उपलब्ध कराया जा रहा है। व्यापारियों की मांग अनुसार मंगलवार के दिन नालियों की व्यापक सफाई कराई गई है। इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया, स्वच्छता समिति के सभापति सनी सोनी, पार्षद बृज किशोर तिवारी उपस्थित रहे।

## जिले के सीमावर्ती क्षेत्र सहित मुख्य मार्गों पर की जा रही सघन चैकिंग

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा आगामी होली के त्योहार को दृष्टिगत रखते हुए टीकमगढ़ जिले के अन्तर्राजीय, अंतर्जिला सीमा पर स्थापित चेक पोस्टों पर अवैध गतिविधियों, अवैध शराब, मादक पदार्थों के परिवहन को रोकने एवं यातायात नियमों के पालन कराने हेतु समस्त थाना, चौकी प्रभारियों को अपने-अपने थाना, चौकी क्षेत्र में मुख्य मार्गों एवं अन्तर्राज्यीय, अन्तर्जिला चौक पोस्टों पर सघन वाहन चैकिंग करने के लिए निर्देशित किया गया है। समस्त थाना, चौकी प्रभारियो द्वारा मुख्य मार्गों उ.प्र. एवं जिला छतरपुर के सीमावर्ती क्षेत्र में स्थापित चौक पोस्टों पर सघन वाहन चेकिंग कर 211 वाहनों को चौक किया गया। जिसमें 07 बिना सीटबेल्ट, 32 बिना हेलमेट, मॉडिफाइड साइलेंसर सहित कुल 44 वाहन चालकों पर एम व्ही एक्ट के उल्लंघन अंतर्गत चालानी कार्यवाही कर 16000 रूपए का समन शुल्क बसूला गया एवं हेलमेट लगाने,सीट बेल्ट बाँधने ,नंबर प्लेट लगाने ,मॉडिफाइड साइलेंसर का उपयोग न करने, काली फ़िल्म न करने व सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए समझाया गया।

# सभी पुलिस अधिकारियों की एसपी ने ली समीक्षा बैठक

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा 12 मार्च को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस कार्यालयों के प्रभारी अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उक्त समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित सभी प्रभारी अधिकारियों से उनके कार्यालय, शाखा से संबंधित कार्य पर विस्तार से चर्चा की एवं समीक्षा में आई कमियों को अतिशीघ्र सुधारने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही उत्कृष्ठ कार्य करने बाले पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए पुरुष्कृत भी किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा मुख्य रूप से पुलिस की दैनिक कार्यप्रणाली के डिजिटिलाइजेशन में आ रही समस्याओं को अतिशीघ्र निराकरण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही पुलिस थाना, कार्यालयों के नवीन भवन निर्माण के कार्य की प्रगति को समझा एवं शीघ्र कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया। इस समीक्षा बैठक में




अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सस्तया, उप पुलिस अधीक्षक दिलीप पांडे, रक्षित निरीक्षक विशाल मालवीय, ट्रैफिक थाना प्रभारी रक्षित निरीक्षक कैलाश पटेल, थाना प्रभारी अजाक निरीक्षक इंसाफ़ अली, थाना प्रभारी महिला थाना उप निरीक्षक धनवंती, मुख्य लिपिक पुलिस कार्यालय उप निरीक्षक किशनदयाल कुशवाहा, स्टेनो रत्नेश तिवारी, साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक नगायच, प्रभारी डीसीआरबी प्रभारी उप निरीक्षक पीके शर्मा, डीएसबी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक माया जैन सहित पुलिस कार्यालय की सभी पुलिस शाखाओं के प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे।

# पत्रकार के साथ मारपीट के विरोध में खनिज अधिकारी के खिलाफ सौंपा ज्ञापन



**बल्देवगढ़, देशबन्धु।** सागर जिले के पत्रकार मुकुल शुक्ला के साथ हुई घटना के विरोध में बल्देवगढ़ तहसील के सभी पत्रकारों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम से एसडीएम भारती मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। उल्लेखनीय है कि पत्रकार मुकुल शुक्ला विगत दिनों पहले खनिज अधिकारी सागर अनिल पांडया से अवैध उत्खनन खबर के संबंध में खनिज कार्यालय में बाईट लेने पहुंच। वहीं बाइट लेने के दौरान खनिज अधिकारी अनिल पांड्या द्वारा उनका मोबाइल छुडाकर उनके साथ मारपीट व अभद्रता एवं गाली गलौज की गई और साथी पत्रकार आदर्श दुबे के साथ भी खनिज अधिकारी द्वारा मारपीट की गई जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। पत्रकार मुकुल शुक्ला एवं उनके सहयोगियों द्वारा उक्त घटना की रिपोर्ट 6 मार्च को पुलिस थाना गोपालगंज सागर में की गई। जिस पर अभी तक थाना प्रभारी द्वारा एफआईआर. दर्ज नहीं की गई है। बल्कि हमारे पत्रकार साथी के विरूद्ध गोपालगंज थाने में झूठा और फर्जी मामला दर्ज कर लिया गया है जो पूर्णत: फर्जी है। उक्त घटना के घटित होने एवं फर्जी मामला दर्ज होने से प्रदेश के पत्रकार साथियों में रोष व्याप्त है। जिससे प्रदेश भर के पत्रकार साथी उक्त घटना का खुलेआम विरोध जारी रहेगा।

बल्देवगढ़ के समस्त पत्रकारगणों ने कहा कि जिला खनिज अधिकारी पर एफआईआर दर्ज कर निलंबन की कार्यवाही की जाए और पत्रकार मुकुल शुक्ला पर दर्ज की गई एफआईआर में खात्मा लगाया जाए। वहीं समस्त पत्रकारगणों ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि जल्द से जल्द मध्य प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किया जाए जिससे पत्रकारों के साथ हो रही घटनाओं पर विराम लग सके। ज्ञापन के दौरान नारायण दास मुन्ना सोनी, हरिश्चंद्र यादव, संजय जैन, अखंड यादव,पंकज असाटी, रामेश्वर यादव, नीरज यादव, रामसिंह यादव, धर्मेंद्र यादव सहित बल्देवगढ़ क्षेत्र के समस्त पत्रकारगण मौजूद रहे।

# शराबियों पर लगायेगे अंकुश, गुंडों पर होगी कार्रवाई-एसडीओपी



**जतारा, देशबन्धु।** होली और रमजान के त्यौहार को लेकर थाने में शांति समिति कि बैठक आयोजित की गई। जिसमें एसडीएम शेलेन्द्र सिंह, एसडीओपी अभिषेक गौतम, प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। शांति समिति कि बैठक में मुख्य बिंदु होली के त्यौहार को शांति से मनाये जाने को लेकर रहा बताया गया कि प्रमुख रूप से शराबियों पर अंकुश लगाया जाए। लोगो ने बताया कि होली के त्यौहार पर नजदीकी ग्रामीण क्षेत्रों मे कुछ असमाजिक तत्व शराब के नशे में शांति भंग करने की फिराक में रहते है। बैठक में परीक्षाओं के अवसर पर बज रहे डीजे पूर्ण रूप से प्रतिबन्ध करने कि बात कही गयी। एसडीओपी अभिषेक गौतम ने कहा कि त्यौहारो को सभी लोग आपस में मिलजुल कर मनाए एव आपस मे मिल जुलकर रहे सभी धर्म केवल प्रेम का ही सन्देश देते है। इस मौके पर सीएमओ रामस्वरूप पटेरिया, रफीक काजी, मुकेश तिवारी, रामरतन दीक्षित, राजू साहू ,शंकर काजी डॉ आरपी यादव रिंकू पठान, मोहोम्मद सफी राजीव जैन दुलीचंद अहिरवार शमीम खान बंशी नामदेव, दीपू शर्मा, अनवर खान, सन्तराम सहित तमाम नागरिक और अधिकारी मौजूद रहे।

# ग्रामीणों को नहीं मिला रहा 2 महीने का राशन, एसडीएम कार्यालय पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

**बल्देवगढ़,देशबन्धु।** बल्देवगढ़ विकासखंड क्षेत्र अन्तर्गत खाद्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की बढ़ती कमीशन खोरी और भ्रष्टाचारी से ग्रामीण अब सड़कों पर आ गए हैं खाद्य विभाग के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पंकज करोरिया और सेल्समेन के खिलाफ मुर्दाबाद के जमकर नारे लगा रहे हैं फिर भी क्षेत्र में सेल्समैन जिम्मेदार अधिकारियों से मिलीभगत से गरीबों को मिलने वाले सरकारी राशन में जमकर भ्रष्टाचार कर रहे है। वहीं जिम्मेवार कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी अपने ऑफिस से बाहर नहीं निकल रहे हैं। जिससे ग्रामीणजन अपने हक को राशन पाने के लिए सड़कों पर उतरना पड़ रहा है। कई बार गरीब राशनधारी सरकारी कार्यालयों की चक्कर लगा रहे हैं इसके बाद भी उन्हें राशन नसीब हो पा रहा है। इसके बावजूद भी खाद्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी ना तो भ्रष्टाचार करने वाले उचित मूल की दुकान संचालकों पर कार्यवाही कर रहे हैं और ना ही राशन वितरण कर रहे हैं। गौरतलब है कि बल्देवगढ़ के समीप ग्राम पंचायत देवीनगर के गांव वैसा उगढ से सामने आया है। जहां पर उचित मूल्य की दुकान संचालक द्वारा खाद्य विभाग के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पंकज करोरिया से मिलीभगत कर दो माह से ग्रामीणों को राशन का वितरण नहीं किया है। राशन नहीं मिलने से नाराज ग्रामीणों ने बुधवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एसडीएम भारती मिश्रा को ज्ञापन सौंपा।




ज्ञापनकर्ता ने बताया कि राशन वितरण में विक्रेता जसरद यादव द्वारा धांधली और भ्रष्टाचार किया जा रहा है। दो महीने से गांव के ग्रामीणों को राशन वितरण नहीं किया जा रहा है। जब दुकान पर जाते हैं तो कभी दुकान पर ताला लगा रहता है तो कभी भगा दिया जाता है कि राशन आया ही नहीं है और ग्रामीणों ने बताया कि 2 माह से विक्रेता जसरद यादव द्वारा घर-घर जाकर सभी लोगों के पीएसओ मशीन में अंगूठे लगा लेते है लेकिन हम लोगों को दो माह से अभी तक 1 किलो भी राशन नहीं मिल पा रहा है। जिससे राशन नहीं मिलने से ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय के बाहर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पंकज करोरिया मुर्दाबाद के नारे लगाए हैं। ग्रामीणजनों ने देवीचरण अहिरवार, सुनीता अहिरवार, नंदलाल अहिरवार, हरवाई, पानबाई अहिरवार, फूलबाई अहिरवार ने कहा कि दुकान संचालक द्वारा कई बार धमकियां दी जाती है कि हम अपनी मनमर्जी से जिसको चाहे उसको राशन वितरण करेंगे।

## 65 लीटर अवैध कच्ची महुआ जहरीली शराब पकडी

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए निरंतर नशे के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए सभी थाना, चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा शहर टीकमगढ़ में नशे के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के लिए एएसपी सीताराम, एसडीओपी राहुल कटरे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक पंकज शर्मा के नेतृत्व में टीम गठित की गई है। पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि टीकमगढ़ स्थित तालाब के पास बायपास पर 3 व्यक्ति जहरीली शराब बेच रहे हैं। पुलिस टीम द्वारा सूचना की तस्दीक पर संजीव कुमार पिता योगेश बहेलिया उम्र 28 साल नि. नगला उसर थाना कुरावली जिला मैनपुरी, जितेन्दर यादव पिता रामसगुन उर्फरामशुभग यादव उम्र 25 साल नि. पक्खनपुर थाना बेभाना जिला अम्बेडकरनगर, रविन्द्र बहेलिया पिता तेजसिंह बहेलिया उम्र 28 साल नि. नगलामिया थाना एलाउ जिला मेनपुरी जो कि करीबन 15 दिन से डेरा बनाकर सुधा सागर के आस पास रह रहे थे। जिनके कब्जे से 65 लीटर जहरीली बदबूदार गंदगी से युक्त कच्ची शराब कीमती 6500 रूपये विधिवत जप्त की गई एवं आरोपियों को गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट का कायम कर आरोपियो को न्यायालय पेश किया गया। जो जेल वारंट बनने से जेल दाखिल कराया गया। कार्यवाही में निरीक्षक पंकज शर्मा थाना प्रभारी कोतवाली, महीपत, रतिराम अहिरवार, मनीष भदौरिया, भरत, महेश, मोहन लाल, अमित ओझा, एनआरएस अजय रजक, सेवक अहिरवार की विशेष भूमिका रही है।

# समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन अधिक से अधिक कृषकों के पंजीयन कराए: कलेक्टर


**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कलेक्टर श्री विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में रवि उपार्जन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गई। शासन द्वारा गेहूं उपार्जन हेतु 2600 रूपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। बैठक में कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने रवि उपार्जन वर्ष 2025-26 के लिये कृषकों के पंजीयन की अद्यतन जानकारी ली तथा गेहूं उपार्जन हेतु खदीरी केन्द्रों के निर्धारण करने के निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पंजीयन केन्द्रों पर अधिक से अधिक कृषकों के पंजीयन करायें। उन्होंने प्रतिदिन लक्ष्य निर्धारित कर पंजीयन कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिवस पंजीयन एवं उपार्जन से संबंधित जानकारी प्रेषित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि समस्त उपार्जन केन्द्रों पर भौतिक संसाधन एवं मानव संसाधनों की स्थापना कराई जाये। उन्होंने निर्देशित किया कि पंजीयन के आधार पर ग्रामवार मैपिंग की जाये, उसके आधार पर कृषकों को एसएमएस के माध्यम से स्लॉट बुक किया जाये। उन्होंने कहा कि उपार्जन केन्द्रों पर साफ-सफाई, पीने के पानी की व्यवस्था सहित



अन्य सभी व्यवस्थायें दुरूस्त रहें। कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने निर्देशित किया कि उपार्जन के लिये व्यवस्थाओं में कोई कमी नहीं रहे। साथ ही भंडारण के लिये गोदामों की व्यवस्था कर ली जाये। उन्होंने निर्देशित किया कि रबी पंजीयन वर्ष 2025-26 के प्रावधानों को ध्यान में रखकर गेहूँ का उपार्जन करें। उन्होंने कहा कि गेहूँ उपार्जन के लिये किसानों का सत्यापन करवायें। उन्होने निर्देशित किया कि वेयर हाउसों पर कृषकों, गाड़ियों के आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। बैठक में उपार्जन की प्रक्रिया को किसानों के लिये आसान बनाने के साथ ही उपार्जित फसलों के भंडारण और परिवहन को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। इसके साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि समस्त व्यापारियों के खरीद की शत-प्रतिशत जांच करायें एवं सुनिश्चित करें कि सभी व्यापारी मण्डी टैक्स का पूर्ण भुगतान करें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर पीएस चौहान, एसडीएम संजय कुमार दुबे, जिला आपूर्ति अधिकारी कुलदीप मौर्य, जेएसओ ललित मेहरा, डीएम एमपीडब्ल्यूएलसी मनोज पालिया, प्रबंधक गुनी, आकाश बाकौरे, प्रबंधक संजय गर्ग सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# 8 दिन पहले किया आवेदन, मीटर से पहले पहुंचा बिल, आवेदक घबराय

**दमोह/हटा, देशबन्धु।** नगर में विद्युत वितरण प्रणाली मनमानी हो चुकी है, लापरवाही के पहाड़ लगातार विद्युत विभाग में आय दिन देखने मिलते हैं फिर चाहे अघोषित कटौती हो या फिर बिल को लेकर नई-नई अनियमिताएं सामने आती रहती है।




ऐसा ही एक मामला सामने आया है जहां आवेदक महेंद्र साहू ने विगत 4 मार्च 2025 को विद्युत कनेक्शन लेने के लिए हटा विद्युत मंडल कार्यालय में आवेदन किया था, जिसके बाद उपस्थित कर्मचारियों ने बिल की उपलब्धता न होने के कारण कुछ समय मांगा था किन्तु उक्त आवेदक के पास मीटर से पहले 11 मार्च 2025 को बिल जारी किया गया जिसमें दर्शाया गया की 8 मार्च 2025 को रीडिंग के दौरान मीटर में 12 यूनिट बिजली खपत होने के कारण 213 रुपये आवेदक को 19 मार्च 2025 तक भरना होगा, जैसे ही उक्त बिल को उपभोक्ता के पास पहुंचा, उसने तुरंत निदान पोर्टल साहित जगहों शिकायत दर्ज करवाई, उनका कहना था कि बिना कनेक्शन के बिजली बिल आने से ऐसा महसूस हो रहा है कि विद्युत विभाग बिना हथियार उपभोक्ताओं को लूट रहे हैं। बिल में एक जगह फरवरी माह भी दर्शाया गया है, जबकि फरवरी में मेरा विद्युत कनेक्शन लेने मन नहीं था।

इस समय में बिजली विभाग में पदस्थ बाबू अशोक असाटी से बात की गई तो उनका कहना था कि कार्यलय में पहले मीटर उपलब्ध नहीं थे बाद में मीटर आए हैं, उनको लगवाया जा रहा है साथ ही बिल पंचिंग के कारण जारी हो सकता है।

# सीएसपी के नेतृत्व में निकाला गया ग्रामीण अंचलों में फ्लैग मार्च



**दमोह, देशबन्धु।** आगामी त्योहारों के मद्देनजर दमोह पुलिस का ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार शाम फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देश पर देहात थाना अंतर्गत सागर नाका, बांसा तारखेड़ा, देवरान, हिनौता, बरमासा, हिरदेपुर,आम-चौपरा, मारुताल, बिजौरी, हिनौती, न्यू दमोह, समन्ना, सिंगपुर, इमलाई, खजरी, लक्ष्मण कुटी आदि ग्रामों में फ्लैग मार्च निकाल कर शांति व्यवस्था हेतु दृढ़ संकल्पित दमोह पुलिस का संदेह दिया गया।

फ्लैग मार्च में एएसपी संदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, हेमंत कुमार बरहैया, थाना प्रभारी दमोह देहात मनीष कुमार, सागर नाका चौकी प्रभारी नीतीश जैन, जबलपुर नाका चौकी प्रभारी आनंद कुमार सहित अन्य अधिकारी - कर्मचारी,मोबाइल व वज्र वाहन शामिल रहे.विदित हो कि ज़िले में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु दमोह पुलिस विगत दिवसों से लगातार कार्यवाहियां, मॉक ड्रिल और फ़्लैग मार्च आयोजित कर रही है।

# पावापुरी अहिंसा रथ यात्रा की वसुंधरा नगर जैन मंदिर में भव्य अगवानी



**दमोह, देशबन्धु।** भगवान महावीर के 2550 वे निर्वाण महोत्सव के उपलक्ष्य में दिल्ली से दमोह तक पहुंची पावापुरी अहिंसा रथ यात्रा का वसुंधरा नगर में बहुत उत्साह पूर्वक स्वागत किया गया। वसुंधरा नगर के श्रद्धालुओं ने रात्रि में आरती की एवं प्रात: काल अभिषेक एवं शांति धारा का सौभाग्य अर्जित किया। सोधर्मइंद्र बनकर महेश जैन एवं प्रेमचंद जैन, जिनेंद्र जैन, सुनील वेजीटेरियन, संदीप अभाना ने आदि ने इंद्र बनकर अभिषेक करने का सौभाग्य अर्जित किया शांति धारा करने का सौभाग्य निर्मल कुमार जैन वेजीटेरियन परिवार जिनेंद्र जैन संदीप भारिल परिवार एवं ऋषभ निखिल सचिन डिप्टी कलेक्टर परिवार को प्राप्त हुआ। कुंडलपुर कमेटी के पूर्व प्रचार मंत्री एवं श्रावक कल्याण समिति के सचिव सुनील वेजीटेरियन ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि इस अहिंसा रथ के प्रवर्तन से भगवान महावीर स्वामी के अमर संदेश जियो और जीने दो का प्रसारण सारे विश्व में हो रहा है इसे धर्म की माहिती प्रभावना हो रही है जैन धर्म के जन-जन में प्रचार हेतु इस तरह के माध्यम मानवता के कल्याण एवं विश्व शांति के लिए आवश्यक है हम सबको 500 वर्ष से अधिक प्राचीन भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा के दर्शन एवं अभिषेक शांति धारा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है इस मौके पर आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर वसुंधरा नगर समिति के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य गण की उपस्थिति रही।

# जैन मिलन वरिष्ठ शाखा की बैठक सम्पन्न



**दमोह, देशबन्धु।** जैन मिलन वरिष्ठ शाखा की बैठक शाखा के कार्यकारी अध्यक्ष वीर अखिलेश जैन की अध्यक्षता में, शाखा के मार्गदर्शक वीर डॉ एल सी जैन के निज निवास पर दीप दीपायन एवं महावीर वंदना के साथ आयोजित की गई।

सर्व प्रथम शाखा मंत्री वीर संतोष जैन ने पूर्व बैठक् का वाचन एवं संक्षिप्त समीक्षा कर बैठक में प्रस्तावित विंदुओ की जानकारी दी गई, क्रमश:चर्चा प्रथम विंदु राष्ट्रीय अधिवेशन अलीगढ़ हेतु अतिवीर ऋषभ जैन एवं वीर यूं सी जैन साब ने सहमति दी गई, द्वितीय विंदु,शाखा के आगामी सत्र हेतु कार्य कारणी के चुनाव पर चुनाव अधिकारी पदम चंद जैन जुझार ने शाखा के चुनाव हेतु पदाधिकारियों को निर्धारित कार्य एवं उनके दायित्वों की जानकारी दी, एवं उपस्थित सभी वीर बंधुओं के विचार सुने। अन्त में अतिवीर ऋषभ जैन (एसएम) ने उपस्थित सभी वीर बंधु एवं बैठक आयोजक वीर एवं वीरांगना के द्वारा की गई शानदार व्यवस्था पर पुन: शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए आभार प्रकट कर, अरिहंत वन्दना के साथ बैठक सम्पन्न की।

### जरारूधाम गौ अभ्यारण में छैः दिवसीय प्रशिक्षण

# प्रशिक्षण में सीख रहे कैसे बच्चों को पढायें और सिखायें



**दमोह, देशबन्धु।** ग्रामीण और वनवासी क्षेत्र में शिक्षा प्रदान करने एवं स्वास्थ्य संबधि जानकारी देने और राष्ट्र की उन्नति के लिये कार्य करने के लिये प्रेरित करने की योजना को लेकर दमोह के विभिन्न ग्रामों से एक एक चयनित प्रशिक्षणार्थियों को 06 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिले के बटियागढ क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जरारूधाम में आवासीय वर्ग में जिले के 71 ग्रामों के महिला एवं पुरूष यहां पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। यह आयोजन संच संस्था के बेनर तले आयोजित किया गया है प्रात:काल उठने से लेकर रात्रि विश्राम तक का कार्यक्रम मिनिट टू मिनिट तय किया गया है जिसका पालन करते हुये प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

जरारूधाम गौ-अभ्यारण में छै.दिनों से संच संस्थान के बेनर तले चल रहे आवासीय वर्ग के समापन अवसर पर जरारूधाम गौ-अभ्यारण के अध्यक्ष नरेन्द्र बजाज एवं पदाधिकारी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटेल ने मां वीणापाणी एवं भारत माता के चित्र पर माल्यापर्ण किया।

अतिथियों का परिचय एवं सम्मान के पश्यात् नरेंन्द्र बजाज ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन ने संबोधित करते हुये आयोजन की सराहना की एवं सभी के उज्जवल की कामना की। उन्होने कहा कि संच द्वारा जिस प्रकार का प्रशिक्षण देकर ग्रामीणांचल एवं वनवासी क्षेत्र में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य कर रहा है वह एक सराहनीय कार्य है। वहीं संच के पदाधिकारी आनंद जी ने बताया कि शिक्षा स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के क्षेत्र में हम कार्य कर रह हैं और शासकीय योजनाओं का लाभ जन को कैसे मिले इसके लिये भी कार्य किया जाता है। इस अवसर पर प्रशिक्षकों के साथ प्रशिक्षणार्थियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

## ब्लॉक स्तरीय चालीसा पाठ संपन्न हुआ

**दमोह/नोहटा, देशबन्धु।** जिले जबेरा तहसील के ग्राम सिंगपुर में ब्लॉक स्तरीय चालीसा पाठ भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ता रंगा यादव के निज निवास पर संपन्न हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में भगवती मानव कल्याण संगठन के भाई बहनों ने भाग लिया। गांव के मुख्य मार्ग से होकर नशा मुक्ति सद्भावना रैली निकाली गई। समापन अवसर पर मां जगत जननी की दिव्य का आरती का क्रम हुआ। तत्पश्चात प्रमुख पदाधिकारियों द्वारा संगठन की विचारधारा से सभी को अवगत कराया गया। इस अवसर पर भगवती मानव कल्याण के संभाग के अध्यक्ष सुजान सिंह, भारतीय शक्ति चेतना युवा मोर्चा के अध्यक्ष गुलाब सिंह, भगवती मानव कल्याण संगठन के जिला उपाध्यक्ष देवी सिंह, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रदेश सचिव विनोद सिंह, किसान मोर्चा के ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश आदिवासी, मगन यादव, भगवती मानव कल्याण संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश अहिरवार, नवल यादव, इंद्र सिंह शिक्षक, खूब सिंह परस्ते की भी उपस्थित रही।

# शांति समिति की बैठक संपन्न



**दमोह/हटा, देशबन्धु।** आगामी होली धुडेरी रंग पंचमी ,ईद, नवरात्रि आदि पर्व परम्परागत तरीके से सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाने हेतु शांति समिति की बैठक का आयोजन पुलिस थाना प्रांगण में किया गया। बैठक में नपा अध्यक्ष शैलेन्द्र खटीक, एस डी एम राकेश सिंह मरकाम, एस डी ओ पी प्रशांत सिंह सुमन, तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी टी आई धर्मेंद्र उपाध्याय आदि अधिकारियो ने जन सामान्य को होली पर्व मनाए जाने हेतु प्रशासन की तैयारियो से अवगत कराया और कहा सभी वर्गों के त्योहारों के सफल आयोजन हेतु प्रशासन की तैयारियां पूर्ण है। लोगो से सुझाव मांगे ।डॉ सी एल नेमा ने होलिका दहन पर्व के धार्मिक महत्व को रेखांकित करते हुए पर्यावरण की रक्षा के लिये कंडों की होली जलाने का आवाह्न किया। अधिवक्ता योगेश तिवारी और पार्षद गौतम अहिरवार ने जवारे विसर्जन मार्ग भारी और मध्यम वाहनों की रेलमपेल रोकने की मांग रखी ताकि श्रद्धालुओ को असुविधा न हो ।राजा खान द्वारा बस स्टैंड से बूढ़ा हटा मार्ग की दुर्दशा की ओर ध्यान आकर्षित कराते हुए कहा कि वार्ड के लोगो को नगर से जोड़ने एकमात्र कम दूरी का मार्ग है आवागमन के लायक कराया जाए। रत्नेश खटीक द्वारा त्योहारों पर विशेषकर धुरेड़ी पर सिविल अस्पताल में चिकित्सक और स्टाफकी उपास्थिति सुनिश्चित करने की मांग की ताकि आवश्यकता पड़ने पर लोगो को प्राथमिक उपचार मिल सके ।बैठक में धुरेड़ी पर्व पर सावधानी बरतने के निर्देश दिए ताकि नमाज़ियों को कोई व्यवधान उतपन्न न हो ।रंगपंचमी के जुलूस को भी समय पर निर्धारित मार्ग पर निकालने के निर्देश दिए गए ।बैठक में सभी त्योहार हटा उपकाशी की परंपरानुसार आपसी सौहार्द बनाये रखने का संकल्प ब्यक्त किया गया। नपा सीएमओ राजेन्द्र खरे,लपोडी सोनी,सोमिल हजारी, यासीन ख़ान,अंजार खान,हाजी रसीद कैलाश ताम्रकार, रामनाथ राय जाकिर रंगरेज,आदि की उपस्थिति रही।

## कवि गोष्ठी का प्रसारण 15 मार्च को

पन्ना, देशबन्धु। आकाशवाणी छतरपुर द्वारा कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका संचालन पन्ना नगर के रचनाकार सुरेश सौरभ के द्वारा किया जायेगा । कवि गोष्ठी का प्रसारण 15 मार्च को सुबह दस बजे से होगा जिसमें श्याम श्रीवास्तव सनम ओ पी सेन आजाद राकेश सोनी आसाराम वर्मा नादान अनिल कुमार सिकरवार एवं डॉ. सुरेश श्रीवास्तव सौरभ का काव्य पाठ होगा ज्ञात हो कि विगत 39 वर्ष से निरन्तर सौरभ की कविताओं का प्रसारण आकाशवाणी छतरपुर से हो रहा है आकाशवाणी के अलावा समय समय पर दूरदर्शन एवं निजी टी वी चैनल से भी कविताओं का प्रसारण होता है।

## बीज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष महेद्र सिंह यादव अल्प प्रवास पर पन्ना पहुँचे भाजपा कार्यकर्तो ने की मुलाकात

**पन्ना, देशबन्धु।** बीज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता महेंद्र सिंह यादव सतना जा रहे थे इसी दौरान अल्पप्रवास पर पन्ना में रूके उनके द्वारा भाजपा के अपने कार्यकताओं एवं साथियों से मुलाकात की तत्पश्चात वह सतना के लिये रवाना हो गये। ज्ञात हो की भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी स्वरणश्री लक्ष्मी यादव जी के आकस्मिक निधन हो जाने पर वह शोक व्यक्त करने एवं श्रद्धांजलि अर्पीत करने के लिये सतना पहुचे। उनके निवास पर पहुंचकर भावपूर्ण विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की व परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

# किराये पर वाहन प्रदाय करने के लिए निविदा आमंत्रित

**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर कार्यालय द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में किराये पर वाहन प्रदाय करने के लिए संक्षिप्त निविदा सूचना जारी की गई है। वेबसाइट एमपी टेण्डर्स डॉट जीओव्ही डॉट इन पर गत 24 फरवरी से निविदा की जानकारी उपलब्ध है। वाहन उपलब्ध कराने के इच्छुकजन 16 मार्च तक वेबसाइट पर निर्धारित शर्तों और निर्देशों के अनुसार तकनीकी और वित्तीय ई-निविदा ऑनलाइन अपलोड कर सकते हैं। समिति द्वारा ई-निविदा का तकनीकी प्रस्ताव 17 मार्च को खोला जाएगा। अधिक जानकारी के लिए जिले की वेबसाइट पन्ना डॉट एनआईसी डॉट इन अथवा कलेक्ट्रेट स्थित वित्त शाखा में संपर्क किया जा सकता है।

## ग्रीष्म ऋतु में पेयजल समस्याओं के निराकरण के लिए कन्ट्रोल रूम का गठन

**पन्ना, देशबन्धु।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संबंधी शिकायतों को प्राप्त करने तथा पेयजल समस्याओं के निराकरण के लिए कन्ट्रोल रूम का गठन किया गया है। इसका दूरभाष क्रमांक 07732-252084 है। कन्ट्रोल रूम में कर्मचारियों की अलग-अलग पालियों में ड्यूटी निर्धारित की गई है। इसके अलावा उप खण्ड पन्ना एवं पवई में भी कन्ट्रोल रूम गठित किया गया है।

# हर वर्ग के विकास और विश्वास का बजट हैः वर्मा

**पन्ना, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के गुनौर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश वर्मा ने प्रस्तुत हुए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि विधानसभा में वित्त वर्ष 2025.26 हेतू प्रदेश की जनता के लिए प्रस्तुत किया गया बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा 4ए21ए032 करोड़ का बजट हर वर्ग के विकास और विश्वास का है यह प्रदेश के विकास समृद्धि और जनकल्याण के लिए ऐतिहासिक हैं ।यह बजट प्रदेश सरकार की नीति सर्वे भवन्तु सुखिन: की भावना के अनुरूप समाज के हर वर्ग गरीबों अन्नदाता किसानों युवाओं और महिलाओं के उत्थान को समर्पित है ।यह सर्वस्पर्शी व सर्वसमावेशी बजट न केवल वर्तमान की समस्त आवश्यकताओं की परिपूर्ति करता है बल्कि विकसित मध्यप्रदेश की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। यह बजट मोदी जी के विकसित भारत के साथ ही विकसित मध्य प्रदेश 2047 के संकल्प को प्राप्त करने की दिशा की ओर अग्रसर हो रहा है। विधायक श्री वर्मा ने प्रदेश की जनता के हितों को ध्यान में रखकर पेश किए गए ऐतिहासिक बजट हेतु मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव व वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा के प्रति धन्यवाद व आभार व्यक्त किया राजेश वर्मा ने कहा है हमारी सरकार का काम लगातार हर वर्ग को लाभ पहुचाना है।

## धरमपुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत कुडरा बीट में नील गायों के मिले कंकाल

**पन्ना, देशबन्धु।** उत्तर वन मण्डल अंतर्गत धरमपुर रेंज अंतर्गत कुडरा बीट में नील गायों के कंकाल बरामद हुये है बताया जाता है कि उक्त नील गायों को करंट लगा कर मारा गया है लेकिन क्षेत्रिय वन अमला को उक्त मामले की कोई जानकारी नहीं मिली स्थानीय लोंगों द्वारा घटना की सूचना दी गई थी।

# शादिक खान जंप के पन्ना जिलाध्यक्ष नियुक्त

**पन्ना, देशबन्धु।** जर्नलिस्ट्स यूनियन ऑफ मध्य प्रदेश ;जंपद्ध के प्रांतीय अध्यक्ष डॉण् अरुण सक्सेना ने पत्रकार मोहम्मद शादिक ;शादिक खानद्ध को संगठन का पन्ना जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। इनकी नियुक्ति डॉण् नवीन आनंद जोशी राष्ट्रीय सचिव भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ नई दिल्ली की अनुशंसा पर की गई है। योग्य और अनुभवी पत्रकार शादिक खान को जर्नलिस्ट्स यूनियन ऑफ मध्य प्रदेश ;जंपद्ध का पन्ना जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर जिले के पत्रकारों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। श्री खान डेढ़ दशक से भी अधिक समय से पत्रकारिता क्षेत्र में निरंतर सक्रिय हैं और अनेक प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में ब्यूरो चीफ के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वर्तमान में वे डिजिटल मीडिया रडार न्यूज़ के प्रधान संपादक हैं। पत्रकार मोहम्मद शादिक खान खोजपरक पत्रकारिता के लिए जाने जाते हैं। अपनी धारदार लेखनी से समाज को जागरूक करने में योगदान देने वाले श्री खान को जंप का पन्ना जिलाध्यक्ष बनाए जाने के निर्णय का जिले के पत्रकारों ने स्वागत करते हुए संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष डॉण् अरुण सक्सेना एवं राष्ट्रीय नेतृत्व के प्रति आभार ज्ञापित किया है।

साथ ही पन्ना जिले में जंप के मजबूत होने की उम्मीद जताई है। पत्रकारों के हितों से जुड़े मुद्दों पर सदैव सजग रहने वाले श्री खान ने अपनी नियुक्ति पर कहा कि प्रांतीय अध्यक्ष द्वारा सौंपी गई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को वे पूरी निष्ठा ईमानदारी समर्पण और क्षमता के साथ निभाएंगें। जिले के पत्रकार साथियों को एकजुट करके पत्रकार सुरक्षा कानून अधिमान्यता रेल किराया रियायत बहाली सहित पत्रकारों के हितार्थ अन्य मुद्दों पर लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष किया जाएगा। शादिक खान को जंप का पन्ना जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर हर्ष व्यक्त करने वालों में वरिष्ठ पत्रकार बृजेन्द्र गर्ग राकेश शर्मा पूर्व जिलाध्यक्ष जंप पन्ना मनीष मिश्रा मेहबूब अली करण त्रिपाठी राकेश शर्मा नीतेन्द्र गुरुदेवए दिनेश शर्मा शिव किशोर पाण्डेयए अमित खरे टाइगर खान अजय द्विवेदी अनिल तिवारीए संजय सिंह राजपूत दुर्गेश शिवहरे जमील खान संदीप पाण्डेय पुष्पेन्द्र द्विवेदी इदरीश खान जीतेन्द्र नामदेव मुस्तकीम खान अर्चना प्यासी वीरेन्द्र सिंह यादव बलराम व्यास राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी श्याम बाबू भानू गुप्ता राम बिहारी गोस्वामीए फूल सिंह त्यागी राजेन्द्र कुमार लोधए मनीष सारस्वत सहित अन्य पत्रकार साथी शामिल हैं।

# अनाथ कन्याओं के विवाह में शामिल हुये : पंडित धीरेन्द्र शास्त्री



**पन्ना, देशबन्धु।** जिले के बागेश्वरधाम शिष्य मंडल द्वारा चार अनाथ गरीब कन्याओं के सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन श्री जुगल किशोर जी मंदिर परिसर में किया गया जिसमें चमत्कारी संत धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री बागेश्वर धाम शामिल हुए उन्होंने कहा कि इस युग में द्रव्य दानए वस्त्रेदानए अंगदान और रक्तदान जैसे तमामदान हैं पर इस सबसे भी बड़ा कन्यादान होता है इसमें कन्या को ही दान कर दिया जाता है उन्होंने कहा कि पन्ना शिष्य मंडल द्वारा गरीब अनाथ कन्याओं का विवाह समारोह आयोजित किया गया है जो प्रसंसनीय है हमारे यहां बागेश्वर धाम में जिन लोगों का विवाह नहीं हो पाया वह शिष्य मंडल कर रहा है अच्छा है उन्होंने कहा जब तक सनातन जिंदा है तब तक गरीब अनाथ नहीं रह सकते धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने मंच से सभी हिंदुओं से अपील करते हुए कहा कि जो सक्षम है उन्हें गरीबों की मदद करने के लिए आगे आना चाहिये धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने लोगों को आशीर्वाद दिया इस कार्य की प्रशंसा की बागेश्वर धाम के बाबा के नाम से मशहूर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने होली के गीत भी गए और रंग गुलाल लगाया जिन चार जोड़ों का विवाह किया गया उसकी जानकारी देते हुए बागेश्वर धाम से शिष्य मंडल पन्ना के अध्यक्ष कुंज बिहारी शर्मा ने बताया कि चार गरीब जोड़ों की शादी कराई गई है जिसमे किरण चौरसिया और सत्येंद्र चौरसिया बहुत गरीब है माता.पिता इस दुनिया में नहीं है दूसरा जोड़ा रितु प्रजापति के पिता नहीं है घर से बहुत गरीब है इनका विवाह संतोष प्रसाद से किया गया है बेटी हर्षिता रैकवार के भी पिता नहीं है इनका विवाह महेश बाथम से किया गया है चौथी बेटी निशा अहिरवार है जो बहुत गरीब है और उनके मां पिता बहुत असमर्थ है इनका विवाह महेश बाथम से कराया गया है अध्यक्ष कुंज बिहारी शर्मा ने कहा कि इन सभी कन्याओं को दहेज के रूप में सोफा पलंग अलमारी गद्दा बर्तन पूजा का सामान चद्दर रजाई कपड़े जैसे 54 प्रकार के उपहार दिए गए हैं नगर पालिका की अध्यक्ष मीना पांडे द्वारा भी उपहार दिया गया जय माला के दौरान धीरेंद्र कृष्ण का शास्त्री ने होली जीत गए और गुलाल लगाया और सभी को होली के त्यौहार की शुभकामनाएं दी श्री जुगल किशोर जी मंच से जयमाला हुई और लव कुश वाटिका से गाते हुए बारात निकाली गई पन्ना में पहला मौका है जब बागेश्वर धाम शिष्य मंडल द्वारा सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया और इन गरीब कन्याओं के विवाह के बाद लोगों ने उपहार दिए इस समारोह में बागेश्वर धाम शिष्य मंडल के सदस्य सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।


**कार्यालय वनमण्डल अधिकारी, वनमण्डल सा. दमोह ( म.प्र. )**

कमला नेहरू कॉलेज के पास, सिविल वार्ड नं. 4 दमोह जिला दमोह पिन- 470661

E-mail- dfotdmoh@mp.gov.in/ phone- 07812, 222541, 9424793705

क्रमांक/भण्डार/899 — दमोह, दिनांक 5.03.2025

**ई-निविदा सूचना**

वनमंडल दमोह अन्तर्गत विभिन्न परिक्षेत्रों में वित्तीय वर्ष 2024-25 अंतर्गत वन एवं वन्यप्राणियां की सुरक्षा कार्य हेतु संरक्षित क्षेत्र के बाहर वन्यप्राणियों के रेस्क्यू हेतु सामग्री प्रदाय करने हेतु करने हेतु मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित निर्माताओं/अधिकृत विक्रेताओं से ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त दस्तावेज/प्रपत्र व नियम शर्ते वेबसाइट https//mptenders.gov.in पर देखे जा सकते है। निविदा प्रपत्र मूल्य रू. 1000/- (एक हजार रूपये) ऑनलाईन पोर्टल पर क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड/ इंटरनेट बैकिंग/यूपीआई के माध्यम से भुगतान कर वेबसाइट https//mptenders.gov.in से क्रय किये जा सकेंगे।

| स.क्र. | ई-निविदा प्रक्रिया | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन फार्म क्रय करना प्रारंभ दिनांक व समय | निविदा प्रकाशन/ निविदा अपलोड दिनांक से | 10.30 AM |
| 2 | ई-निविदा जमा करना प्रारंभ दिनांक व समय | 11.03.2025 | 10.30 AM |
| 3 | ई-निविदा जमा करना अंतिम दिनांक व समय | 20.03.2025 | 12.30 AM |
| 4 | ई-निविदा खुलने का दिनांक व समय | 21.03.2025 | 12.30 AM |

ईश्वर जरॉडे भा.व.स.)
वनमण्डलाधिकारी
वनमण्डल (सा.) दमोह

जी-24182/24

## सार-समाचार

### विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2025 में सहभागिता के लिए युवा भाग लें : श्याम तिवारी



**सागर, देशबन्धु।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विकसित भारत युवा संसद महोत्सव का आयोजन किया गया है जिसमें सागर एवं दमोह के सभी शिक्षण संस्थानों में पढने वाले युवाओ को विकसित भारत राष्ट्रीय युवा संसद 2025 में सहभागिता करने के लिये मौका है। इसके लिये युवा जिनकी आयु 18 से 25 वर्ष के बीच है वे भाग ले सकेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा यह युवाओं के लिए विकसित भारत 2047 के लिये अपना दृष्टिकोण व्यक्त करने और एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय मंच में भाग लेने का सुनहरा मौका है। सागर एवं दमोह के युवा से विकसित भारत युवा संसद में भाग लेने एवं अपने विचारों से राष्ट्र निमार्ण में योगदान देने का आव्हान किया। माई भारत पोर्टल पर आनलाइन वीडियो अपलोड करने की अंतिम तिथि 16 मार्च तक है। जिसका विषय आपकी दृष्टि में विकसित भारत का क्या अर्थ है। वीडियो की समय सीमा एक मिनट है। जिला स्तर पर चयन होने वाले युवाओं को राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मोका मिलेगा। चयनित प्रतिभागियों को भारतीय संसद दिल्ली में अपने विचार प्रस्तुत करने का सुनहरा अवसर मिलेगा। इस अवसर पर सामाजिक प्रतिष्ठित सुमित यादव, अभिमन्यु सोनी, अंशुल सिंह परिहार, गजेंद्र राय, शुभम यादव आदि उपस्थित रहे।

### होली एवं रंगपंचमी पर शुष्क दिवस घोषित

**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी संदीप जीआर ने होली धुरेड़ी के दिन शुक्रवार 14 मार्च को सायं 3 बजे तक तथा रंगपंचमी के दिन बुधवार 19 मार्च को सायं 3 बजे तक शुष्क दिवस घोषित किया। कार्यालय कलेक्टर से जारी आदेश के अनुसार उक्त दिनांक को सागर जिले की समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानें, एफएल-2, 3, 7, 9, डी-1, सीएस-1बी एवं जिले में स्थित समस्त देशी एवं विदेशी मद्य भण्डागारों से मदिरा का क्रय/ विक्रय एवं प्रदाय, परिवहन उक्त अवधि में प्रतिबंधित किया गया है। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि उक्त दिनांकों पर किसी भी अधिकृत, अनाधिकृत स्थान से मदिरा का क्रय विक्रय न होने पावे।

### पार्षद मनोज राय भाजपा से निष्कासित

**सागर, देशबन्धु।** खुरई विधानसभा के टैगोर वार्ड से पार्षद मनोज राय को भाजपा से निष्कासित कर दिया गया है। जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन बताया कि खुरई विधानसभा के टैगोर वार्ड से पार्षद मनोज राय पर दुष्कर्म का मामला दर्ज की जानकारी लगते ही जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने उन्हें पार्टी से 6 वर्षो के लिये निष्कासित कर दिया है। तिवारी ने निष्कासन पत्र में लिखा है कि मनोज राय पर कदाचरण का प्रकरण दर्ज हुआ है, प्रथम दृष्टया उनके कृत्य से पार्टी की छवि धूमिल हुयी है। यह कृत्य अमर्यादित एवं पार्टी के अनुशासन के खिलाफ है। लिहाजा मनोज राय को 6 वर्ष के लिये पार्टी से निष्कासित किया जाता है।

*महिला बाल विकास की संभागीय समीक्षा बैठक संपन्न*

# प्रारंभिक शिक्षा के लिए आंगनबाडी को करें और सशक्त : संभागायुक्त



**सागर, देशबन्धु।** 31 मार्च तक लक्ष्य पूरा न करने वाले अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी एवं कुपोषित बच्चों को पोषित करने के लिये कुशल पुनर्वास केंद्र में करायें भर्ती साथ ही प्रारंभिक शिक्षा के लिये आंगनवाडी केंद्रों को और सशक्त बनाये। उक्त निर्देश संभागायुक्त डॉ. वीरेंद्र सिंह रावत ने महिला बाल विकास की संभागीय समीक्षा बैठक में दिये। इस अवसर पर संयुक्त संचालक सागर संभाग बीएल प्रजापति, बृजेश त्रिपाठी सहित समस्त जिलों के जिला परियोजना अधिकारी, सहा. परियोजना अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। संभागायुक्त ने समीक्षा बैठक में कहा कि विभाग के द्वारा दिये गये लक्ष्य को 31 मार्च तक जो भी अधिकारी कर्मचारी पूरा नहीं करेगा उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी और लक्ष्य से कम प्रगति होने पर बर्खास्त की कार्यवाही की जायेगी। सभी कुपोषित बच्चों को चिन्हित किया जावे एवं उनको तत्काल पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराकर पोषण युक्त भोजन उपलब्ध करायें और उनकी देखरेख करें। आधार सत्यापित हितग्राहियों में फेस कैप्चर एवं ई.केवाईसी की स्थिति की जानकारी लेकर उनको पूरा करायें, उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों पर वितरित होने वाला नाश्ता एवं भोजन को पोषण युक्त बनायें एवं दोनों के वितरण के समय में समय का निर्धारित किया जाये साथ ही नाश्ता एवं भोजन गर्म रहे यह भी सुनिश्चित किया जावे। उन्होंने कहा कि जन्म से 5 वर्ष की आयु के बच्चों में कम वजन एवं दुबलापन दिखने वाले बच्चों को चिन्हित करें और उनका इलाज प्रारंभ करें। जहां-जहां आंगनबाड़ी केंद्र भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है उनका कार्य प्रारंभ करें और जहां स्थिति विवाद ग्रस्त है इसकी सूचना तत्काल कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ को लिखित में दें। उन्होंने निर्देश दिये कि कोई भी आंगनबाड़ी भवन जर्जर नहीं होना चाहिये और सभी आंगनबाड़ी भवन को छोटे-छोटे बच्चों की हिसाब से सुसज्जित किया जाये। डॉ. रावत ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह लगातार आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करें और जो केंद्र बंद पाये जाते हैं या अनियमिततायें पाई जाती हैं उन पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जावे। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र छोटे-छोटे बच्चों के लिये प्रारंभिक शिक्षा होती है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में प्राप्त आवंटन एवं व्यय की समीक्षा की गई। संभागायुक्त ने लाड़ली लक्ष्मी योजना की प्रगति एवं उनकी छात्रवृत्ति भुगतान की भी समीक्षा की।

## सेवानिवृत्त बैंक कर्मियों ने दिया धरना, 7 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**सागर, देशबन्धु।** ऑल इंडिया ग्रामीण बैंक पेंशनर्स आर्गनाइजेशन के बैनर तले बुधवार को सेवानिवृत्त बैंककर्मियों ने सागर में तिली रोड पर धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने तिली रोड पर स्थित मध्यांचल ग्रामीण बैंक प्रधान कार्यालय के अध्यक्ष के नाम 7 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ज्ञापन में कहा कि संगठन द्वारा पूर्व से निरंतर कम्प्यूटर इंक्रीमेंट व डीआरटी से संबंधित सेवानिवृत्तों की देयक और पेंशन, अनुकंपा भत्ता का भुगतान जल्द किया जाये। पेंशन से वंचित सेवानिवृत्त, त्यागपत्र द्वारा सेवानिवृत्त, सेवा से बर्खास्त, सेवा से निष्कासित, अनिवार्य सेवानिवृत्त आदि से दंडित सेवायुक्तों जिनके पेंशन आवेदन बैंक को प्राप्त हो चुके हैं। उनके पेंशन आवेदन माह दिसंबर 2024 में स्वीकृत कर पेंशन का भुगतान किया जाना था। लेकिन इनमें से कुछ को ही पेंशन स्वीकृत कर भुगतान की गई है। बाकी सभी को भारत सरकार वित्त मंत्रालय के आदेश के अनुसार पेंशन दी जाना चाहिये। अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित लंबित आवेदनों व वार्ता में तय अनुसार बगैर किसी ठोस कारण के अस्वीकृत अनुकंपा नियुक्ति आवेदन पत्र पुनर्विचार के लिये प्रेषित किये गये हैं। उनका समुचित निराकरण अभी तक नहीं किया गया है। उनका निराकरण जल्द कराया जाये। माह दिसंबर 2024 में कम्प्यूटर इंक्रीमेंट की 25 प्रतिशत एरियर राशि व 1 अप्रैल 2018 के पूर्व सेवानिवृत्त सेवायुक्तों को 30 प्रतिशत पेंशन राशि का भुगतान किया गया है। लेकिन इसमें गणना संबंधी विसंगतियां हैं। सेवानिवृत्तों की ग्रेच्युटी अवकाश नकदीकरण ग्रुप इंश्योरेंश व भविष्य निधि का भुगतान नियमानुसार एक माह के अंदर किया जाये। क्षेत्रीय कार्यालय में संगठन की मासिक बैठक प्रभावी रूप से नियमित की जाये। सेवानिवृत्तों के लिये प्रधान कार्यालय स्तर पर शिकायत प्रकोष्ट की स्थापना की जाये। इसके मोबाइल नंबर व ईमेल एड्रेस जारी किया जाये। सेवानिवृत्तों द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय व प्रधान कार्यालय स्तर पर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये दूरभाष व पत्राचार का समुचित प्रत्युत्तर व निराकरण की व्यवस्था की जाये। उन्होंने कहा कि यदि जल्द मांगों को पूरा नहीं किया गया तो धरना प्रदर्शन के साथ आंदोलन किया जायेगा। इस दौरान बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त बैंककर्मी और संगठन के पदाधिकारी मौजूद थे।

### कचड़ा गाड़ी उपभोक्ता प्रभार एवं संपत्ति कर 31 मार्च तक जमा करें: निगमायुक्त

**सागर, देशबन्धु।** वित्तीय वर्ष 2024-25 के समाप्त होने के लिये कुछ ही दिन शेष हैं 31 मार्च के बाद नगर निगम द्वारा कचरा गाड़ी उपभोक्ता प्रभार शुल्क का बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं को पेनाल्टी राशि के साथ अपने-अपने कचरा गाड़ी के बिल जमा करना होंगे, इसी प्रकार नगर निगम सीमा क्षेत्र के नागरिकों को 31 मार्च तक संपत्तिकर की राशि जमा न करने पर शासन नियमानुसार संपत्ति कर की राशि दोगुनी हो जायेगी और उन्हें दोगुनी राशि जमा करना होगी, इसमें किसी भी प्रकार से रियायत देने का प्रावधान नहीं किया गया है। निगमायुक्त ने नगर निगम के सभी बकायादारों से अपील करते हुये कहा है कि वित्तीय वर्ष समाप्त होने के पूर्व 31 मार्च तक संपत्तिकर, कचरा गाड़ी उपभोक्ता प्रभार शुल्क, जलकर, दुकानों का किराया सहित अन्य कर आवश्यक रूप से जमा कर दें अन्यथा 31 मार्च के बाद शासन नियमानुसार जो भी पेनाल्टी लगाई जायेगी उसके लिए बकायादार स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### आरोपी वासु अहिरवार को हत्या के प्रयास में 5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं अर्थदण्ड

**सागर, देशबन्धु।** हत्या करने के प्रयास में आरोपी वासु अहिरवार को भा.द.वि. की धारा. 307 के तहत 5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं तीन हजार रूपये अर्थदण्ड एवं धारा. 25(1-बी)(ए), 27 आर्म्स एक्ट के तहत 3-3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक-एक हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से सत्र न्यायाधीश एमके शर्मा जिला सागर की अदालत ने दंडित किया एवं दो अन्य आरोपियो को दोषमुक्त किया गया। मामले की पैरवी प्रभारी में अति. लोक अभियोजक दीपक भण्डारी ने की। घटना संक्षिप्त में इस प्रकार है कि फरियादी स्वाति साहू ने 3 अगस्त 2023 को रात्रि 9.30 थाना मोतीनगर में रिपोर्ट लेख कराई कि आज दिनॉक को शाम 4.30 बजे वह अपने लड़के संस्कार के साथ हार्डवेयर की दुकान पर बैठी थी तभी एक लड़का मुँह पर कपड़ा बॉधकर आया और दुकान पर देखकर चला गया, उसने दुकान से बाहर खड़े होकर देखा तो जिसमे एक लड़का वासु अहिरवार एवं एक अन्य लड़का आते हुये दिखे और वासु जैसे ही दुकान के सामने आया तो उसने अपनी कमर से पिस्टर निकालकर जान से मारने की नियत से उसके उपर फायर किया वह नीचे झुक गयी गोली नहीं लगी दुसरी बार फायर किया तो फायर नहीं हुआ जोर से चिल्लाई तो वासु और साथ वाला लड़का गोला कुआ तरफ भाग गया दोनों एक अन्य लड़के साथ कार में बैठकर भाग गये। घटना सीसीटीव्ही फुटेज में सेव हुई, फरियादी ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि वासु वही लड़का है जिसने उसके लड़के संस्कार की फिरोती ली थी और आज दिनॉक को शाम 4.25 बजे उसके पति के मोबाइल नंबर पर धमकी दी थी कि तुमने मेरे खिलाफ रिपोर्ट क्यों लिखाई। उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाना मोतीनगर में आरोपीगण के विरूद्ध धारा. 307 भादवि एवं 25/27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया। विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया। जहां विचारण उपरांत न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुये उपर्युक्त सजा से दंडित किया।

### अधीक्षण अभियंता का किया स्वागत



**सागर, देशबन्धु।** बुधवार को अधीक्षण अभियंता सागर चन्द्रलेखा प्रभाकर द्वारा पदभार ग्रहण करने के पश्चात प्रथम बार रहली संभागीय कार्यालय पधारने पर कार्यपालन अभियंता लोकेश साहू द्वारा फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। समस्त कार्यालयीन स्टाप की ओर से जीएस पाठक अनुभाग अधिकारी द्वारा स्वागत किया गया। अधीक्षण अभियंता द्वारा रहली उपकेंद्र का भी निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये संभागीय कार्यालय में भी कार्यपालन अभियंता एवं रहली उपसंभाग के सहायक अभियंता सिद्धांत श्रीवास्तव को राजस्व में वृद्धि एवं प्रगति हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

### जैन मिलन मकरोनिया का होली मिलन समारोह 19 मार्च को तपोवन में




**मकरोनिया, देशबन्धु।** जैन मिलन मकरोनिया क्षेत्र क्र. 10 के सदस्यों ने बुधवार को श्री दिगंबर जैन तीर्थ क्षेत्र तपोवन सिदगुवां में विराजमान वैज्ञानिक संत आचार्य निर्भय सागर ससंघ को 19 मार्च को होली मिलन समारोह आचार्यश्री के सानिध्य एवं मार्गदर्शन में निर्विघ्न सफलता पूर्वक श्री तपोवन तीर्थ क्षेत्र में संपन्न हो इस आशय से श्रीफल समर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रीफल समर्पित करने वालों में सुरेश जैन, प्रेमचंद पटवारी, आलोक जैन, पवन सिंघई, सुनील स्टेशनरी, शरद जैन, राजेश जैन, हेमचंद्र जैन, निशिकांत सिंघई, पीसी जैन, रमेश बाबू, संजय जैन के साथ-साथ बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

*स्वच्छता पर रील बनाएं, लाखों के पुरस्कार पाएं*

### सागर को स्वच्छता में बनाएं नंबर वन : कलेक्टर




**सागर, देशबन्धु।** स्वच्छता पर रील बनायें और लाखों के पुरस्कार पायें, सागर को स्वच्छता में बनायें नंबर वन। कलेक्टर संदीप जीआर ने स्वच्छता में सागर को देश-प्रदेश में नंबर वन बनाने एवं स्वच्छता सर्वेक्षण में सागर का नाम प्रथम स्थान पर लाने के लिये सभी जिले वासियों से अपील की है कि वे अपने आसपास साफ सफाई रखें एवं दूसरों को भी साफ सफाई रखने के लिये प्रेरित करें। कलेक्टर ने स्वच्छता सर्वेक्षण में सागर को नंबर बनाने के लिये जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी को नोडल अधिकारी बनाया है। विवेक केवी ने बताया कि मप्र सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत प्रदेश में स्वच्छता एवं उससे जुड़े विषयों पर जागरूकता लाने एवं आमजन को इस अभियान से जोड़ने हेतु स्वच्छ एमपी रील प्रतियोगिता लॉन्च की गई है। प्रतियोगिता अंतर्गत दिये गये विषयों एवं थीम पर रील बनाकर प्रदेश के सभी नागरिक हिस्सा ले सकते हैं।

# बजट प्रतिक्रिया: बजट में सक्षम, आत्मनिर्भर और सशक्त होते मप्र की झलक: भूपेन्द्र सिंह



**सागर, देशबन्धु।** मप्र का बजट.2025 सक्षम, आत्मनिर्भर और सुखी मप्र के निर्माण की दिशा में लाया गया विजनरी बजट है। इस बजट में मप्र के इंफ्रास्ट्रक्चर की मजबूती, औद्योगीकरण और टेक्नोलॉजी की ओर बढ़ते कदमों, युवाओं को रोजगार, महिलाओं व किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण और कल्याण की संकल्पना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा इस कल्पनाशील बजट के लिये बधाई के अधिकारी हैं। बजट पर यह प्रतिक्रिया पूर्वमंत्री, विधायक भूपेन्द्र सिंह ने व्यक्त की है। भूपेन्द्र सिंह ने कहा है कि 1 लाख किमी सड़कें, 500 रेलवे ओवरब्रिज, मप्र डिजिटल यूनिवर्सिटी, राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय, 39 नये औद्योगिक क्षेत्रों के प्रावधान दर्शा रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व भाजपा की सरकार ने भविष्य के अत्याधुनिक, उन्नत मप्र की नींव रख दी है। बजट में किसानों के लिये पर्याप्त वित्तीय प्रावधान किये गये हैं। बजट में अजा जजा, पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक कल्याण के लिये और अधिक राशि का प्रावधान किया है। गरीबों के लिये विशेष बीमा योजना सभी वर्गों के गरीबों को आर्थिक कवर प्रदान करने वाली है। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर मप्र के बजट की परिकल्पना सर्वस्पर्शी और संवेदनाओं से भरी है।

### मप्र का बजट प्रदेश का विकासोन्मुखी बजट: लता वानखेडे



सांसद लता वानखेडे ने मप्र के बजट 2025-26 को प्रदेश का विकासोन्मुखी कार्यों का बजट बताया है। उन्होंने कहा कि इस बजट में हर वर्ग और प्रदेश के विकास को ध्यान में रखते हुये हर क्षेत्र में बजट प्रावधान किया गया है चाहे वह शिक्षा का क्षेत्र हो, स्वास्थ्य का, प्रदेश में सड़कों का निर्माण हो चाहे किसानो, युवाओं, महिलाओं को आगे बढ़ाने में सशक्त बनाने हेतु कई प्रावधान किये गये। बजट में मप्र के इंफ्रास्ट्रक्चर की मजबूती, औद्योगीकरण और टेक्नोलॉजी की ओर बढ़ते कदमों, युवाओं को रोजगार, महिलाओं व किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण और कल्याण के लिये बजट में कई प्रावधान किये गये।

### सशक्त और समावेशी अर्थव्यवस्था के लिये ब्लू प्रिंट है मप्र सरकार का यह आम बजट: श्याम तिवारी



डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा मप्र का पेश किया गया एतिहासिक बजट पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने मप्र के आम बजट 2025 का स्वागत करते हुये कहा कि यह बजट में गरीब, युवा, अन्न दाता और महिलाओं समेत मध्यम वर्ग के भी सपनों को पूरा करेगा। प्रदेश को समृद्ध, सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित बनाने में यह बजट मददगार होगा। यह बजट गरीबी, अशिक्षा से मुक्ति दिलाने में दूरगामी परिणाम देगा। जीआईएस की बैठक में आये 30.77 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर लाकर प्रदेश में औद्योगिक क्रांति लायेगा। बजट में सरकार के 4 मिशन हैं। गरीब कल्याण मिशन, महिला कल्याण मिशन, किसान कल्याण और युवा कल्याण मिशन के लिये वित्त मंत्री द्वारा पेश मप्र सरकार का यह बजट एक सशक्त और समावेशी अर्थव्यवस्था के लिये ब्लू प्रिंट है।

### मप्र का बजट प्रदेश को गति देने वाला बजट है: प्रदीप लारिया



प्रदेश वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने बुधवार को प्रदेश के लिये 4 लाख 21 हजार 32 करोड़ का बजट पेश किया है। बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये विधायक प्रदीप लारिया ने कहा कि प्रदेशवासियों की उम्मीदों खरा उतरने वाला एवं मप्र के विकास को गति देने वाला बजट पेश हुआ है। बजट महिला सशक्तिकरण, युवा सशक्तिकरण एवं किसान कल्याण के लिये विशेष फोकस करने वाला है। इससे देश में विकास के नये आयाम खुलेंगे। बजट में जनता पर कोई नया टैक्स नहीं लगाया गया है। बजट में कर्मचारी हितों को दृष्टिगत रखते हुये आठवां वेतनमान सुनिश्चित किया जायेगा। प्रदेश के ऊर्जावान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में हमारी सरकार प्रदेश के लिये विकसित मप्र 2047 की ओर अग्रसर हो रही है।

### महिलाओं, किसानों, युवा बेरोजगारों और छात्र-छात्राओं के हितों में आया है सर्वश्रेष्ठ बजट: निर्मला सप्रे



वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये जो 4 लाख 21 हजार करोड़ रुपये का बजट प्रदेश के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा पेश किया गया है, यह अब तक का सर्वश्रेष्ठ बजट सिद्ध होगा, जिसमें किसी भी वर्ग को अछूता नहीं रखा गया है। महिलाओं, किसानों, युवा बेरोजगारों और छात्र-छात्राओं के हितों में यह बजट आया है। उक्त प्रतिक्रिया बीना विधायक निर्मला सप्रे ने मप्र के बजट पर व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि बजट में 39 नये औद्योगिक क्षेत्रों के माध्यम से 3 लाख से अधिक बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा, इसके साथ ही 11 नये आयुर्वेदिक कॉलेज और 22 नये आईटीआई खोले जायेंगे। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सरकार के इस बजट में स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, कृषि पशु संवर्द्धन, रोजगार एवं संस्कृति संवर्द्धन जैसे निर्णय लिये गये हैं। कुल मिलाकर यह बजट प्रदेश के चहुमुखी विकास में सहायक होगा।

### डॉ. मोहन यादव सरकार का बजट नये कीर्तिमान स्थापित करेगा: प्रदीप राजौरिया



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश का बजट प्रस्तुत किया गया है। वह प्रदेश में सभी क्षेत्रों में नये कीर्तिमान स्थापित करने वाला बजट है। बजट पर प्रतिक्रिया देते हुये भाजपा प्रदेश पैनलिस्ट प्रवक्ता प्रदीप राजौरिया ने कहा कि यह बजट प्रदेश में उद्योग, औद्योगिक क्रांति लाने की दिशा में ऐतिहासिक निर्णय लिये गये हैं, जो वास्तव में आर्थिक विकास के साथ-साथ भविष्य में युवाओं को प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार दिलाने की दिशा में नये कीर्तिमान स्थापित करेगा। वहीं दूसरी ओर बजट में महिला, युवा, किसान, गरीब को सशक्त एवं समृद्ध बनाने का प्रावधान किया गया है। वास्तव में यह बजट देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत की संकल्पना एवं भावनाओं के अनुरूप वाला बजट है। यह बजट मप्र को सशक्त, सक्षम और समृद्ध बनाकर विकसित प्रदेश बनाने का रोड मैप है।

### महगाई कम करने का कोई प्रयास बजट मैं नहीं हैं: राजकुमार पचौरी



मप्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुये जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार पचौरी ने कहा कि महंगाई को कम करने का कोई प्रयास इस बजट में नहीं किया गया है। बजट जनता की भावनाओं के अनुरूप नहीं है।

### प्रदेश के किसानों, नारी शक्ति, नौजवानो सभी वर्गों को निराशा देने वाला बजट: सुरेन्द्र चौधरी



मप्र की भाजपा सरकार द्वारा पेश किये गये बजट पर प्रतिक्रिया देते हुये पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने कहा कि प्रदेश के किसानों, नारी शक्ति, नौजवानों और सभी वर्गों को निराशा देने वाला बजट हैं। क्योंकि इस बजट में मप्र के नवनिर्माण का कोई रास्ता नजर नहीं आता। उन्होंने कहा कि मप्र की बहनें इस बात की प्रतीक्षा कर रही थीं कि बजट में उन्हें तीन हजार प्रति महीने लाडली बहना योजना में दिये जाने की घोषणा की जायेगी। लेकिन सरकार ने अपने चुनावी वादे के बारे में एक शब्द नहीं बोला। इसी तरह किसान भाइयों को उम्मीद थी कि बजट में गेहूं और धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य भाजपा के चुनाव घोषणा पत्र के अनुसार 2700 रु प्रति क्विंटल और 3100 रुपये प्रति क्विंटल करने की घोषणा की जायेगी लेकिन इस बारे में भी वित्त मंत्री ने कुछ नहीं बोला। प्रदेश के किसान भाई निरंतर खाद, बीज, बिजली और पानी के संकट से जूझते है लेकिन इस दिशा में बजट में कोई कदम नहीं उठाया गया। बजट से स्पष्ट है कि मप्र पर बढ़ते कर्ज को कम करने की दिशा में सरकार की कोई सोच नहीं है। सबसे बड़े दुर्भाग्य की बात यह है कि बजट में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक और सर्व समाज के लिये किसी बुनियादी विकास की घोषणा नहीं की गई है।

### हर माह कर्ज लेकर चलने बाली सरकार नें सपने दिखाऊ बजट पेश किया: आशीष ज्योतिषी



मप्र सरकार के बजट पेश करने पर जिला शहर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी ने कहा कि मप्र की सरकार हर माह कर्ज लेकर लोगों को वेतन की व्यवस्था कर रही है, ऐसे में उनके बजट में लोक लुभावना बजट पेशकर जनता को लॉलीपॉप दिखाने का काम किया है। युवाओं, महिलाओं किसने एवं मध्यम वर्गीय परिवार के लिये कहीं कोई रियायत देने का काम नहीं किया है इस बजट में।

### बजट में बुंदेलखंड को किया निराश: कटारे



मप्र विधानसभा में आज पेश किये बजट में अति पिछड़े कहे जाने वाले बुंदेलखंड क्षेत्र को कोई विशेष लाभ नहीं दिया गया। सागर में जिस आयुर्वेदिक कालेज की बात बजट में कहीं गयी दरअसल एक वर्ष पूर्व खुद मुख्यमंत्री ने की थी लेकिन आज तक धरातल पर नहीं आ सका है। आलम यह है कि सागर में नौ वर्ष पूर्व घोषित आईटी पार्क अब उज्जैन मुख्यमंत्री के क्षेत्र में ले जाया जा रहा है। बजट में ना गेहूं के 2700 की बात, ना धान के 3100 की बात, ना सोयाबीन के 6000 की बात मप्र का बजट किसानों के साथ विश्वासघात है।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन- MPHIN/2016/69061** समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।